मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 26.5 | 17.3 |
| जमशेदपुर | 27.2 | 13.8 |
| डालटनगंज | 25.7 | 11.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

* * * * *




www.lagatar.in | बुधवार, 27 दिसंबर 2023 ● पौष कृणपक्ष प्रतिपदा , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 249 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

## किसने क्या कहा

- येचुरी यदि राम और रामत्व की ओर लौट जाते हैं तो उनके हित में ही होगा : **विनोद बंसल**
- संकल्पबद्ध तरीके से काम करने के लिए प्रतिबद्ध भाजपा सरकार : **भजनलाल शर्मा**
- पिछली सरकारों ने नहीं दिया कारीगर समाज की तरफ ध्यान : **जितेंद्र सिंह**

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 60,200 |
| चांदी (किलो) | 78,000 |

## ब्रीफ खबरें

### मोदी के यू-ट्यूब चैनल के सब्सक्राइबर दो करोड़

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के निजी यू-ट्यूब चैनल पर सब्सक्राइबर की संख्या मंगलवार को दो करोड़ को पार कर गई. इसके साथ ही यह गौरव हासिल करने वाले मोदी विश्व के एकमात्र नेता बन गए हैं. इस मामले में विश्व के अन्य समकालीन नेता उनसे बहुत पीछे हैं. मोदी के चैनल पर पोस्ट किए गए वीडियो को 4.5 अरब से अधिक बार देखा गया है.

### रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** मुंबई में स्थित भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. ईमेल में आरबीआई गवर्नर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के इस्तीफे की मांग की गई है. आरबीआई के अलावा एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई सहित 11 जगहों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. सभी जगहों पर पुलिस ने तलाशी ली, लेकिन कुछ आपत्तिजनक नहीं मिला.

### ईंट भट्ठे में दीवार गिरने से छह लोगों की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में मंगलवार को एक ईंट भट्ठे में दीवार गिरने से छह व्यक्तियों की मौत हो गयी तथा चार अन्य घायल हुए हैं. मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि घटना मंगलौर पुलिस थाने के तहत लाबोली गांव में हुई. दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गयी. पुलिस ने कहा, हम हादसे के कारणों की जांच कर रहे हैं.

### सेना प्रमुख जनरल पांडे ने राष्ट्रपति से मिले

**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की. राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की.

### संघ प्रमुख मोहन भागवत देवघर पहुंचे

**देवघर।** आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत मंगलवार को देवघर में स्थित एक आश्रम पहुंचे और वहां लोगों से संवाद किया. यह जानकारी संघ के प्रवक्ता ने दी. निजी यात्रा पर आए भागवत ने अनुकूल चंद्र आश्रम का दौरा किया. इस आश्रम में हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं.

# झारखंड की यूनिवर्सिटी में पढ़ाने वाले नहीं बन पाएंगे कुलपति

## वजहः कुलपति बनने के लिए प्रोफेसर बनने के बाद चाहिए 10 साल का अनुभव

**शुभम संदेश खास खबर**

**रजनीश प्रसाद। रांची**

झारखंड के विश्वविद्यालयों में लगभग 15 से 30 साल पढ़ाने का अनुभव रखने वाले और यूजीसी के सभी मापदंडों को पूरा करने वाले भी शिक्षक अब कुलपति नहीं बन सकेंगे. क्योंकि झारखंड में 2008 में बहाल हुए असिस्टेंट प्रोफेसर में से किसी का भी प्रमोशन ही नहीं हुआ है.

वहीं 1996 में बहाल हुए सहायक प्रोफेसरों की बहाली एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में हुई तो है, मगर इसके बाद प्रोफेसर में प्रमोशन दिया ही नहीं गया. बता दें कि नियमानुसार कुलपति बनने के लिए प्रोफेसर बनने के बाद 10 साल का अनुभव होना चाहिए. 2008 में बहाल हुए असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी लगभग 12 से 15 साल ही बची है. अब इन्हें प्रमोशन भी दिया जाता है, तो ये दस साल का अनुभव पूरा नहीं कर पाएंगे. यूजीसी नियम के अनुसार, विश्वविद्यालयों में प्रत्येक विषय के लिए 1 प्रोफेसर, 2 एसोसिएट प्रोफेसर और 5 असिस्टेंट प्रोफेसर होने चाहिए. लेकिन किसी भी विश्वविद्यालय में ऐसा नहीं हैं. सारे विश्वविद्यालयों में से सिर्फ 9 विवि प्रोफेसर ही हैं. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि, कोल्हान विवि, जमशेदपुर महिला विवि, नीलांबर-पीतांबर विवि में एक भी प्रोफेसर नहीं है. वहीं सिदो कान्हू मुर्मू विवि में मात्र एक प्रोफेसर है. इससे लगता है कि झारखंड का कोई प्रोफेसर कुलपति नहीं बन सकेगा.



### ये विश्वविद्यालय प्रभारी कुलपति के भरोसे

विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग, सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका, नीलाबंर-पीतांबर विश्वविद्यालय पलामू, कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा, ये सभी प्रभारी कुलपतियों के भरोसे ही चल रहे हैं. इन सभी विश्वविद्यालयों के लिए राजभवन ने रिक्तियां भी निकाली हैं. लेकिन अब तक इनमें बहाली नहीं हुई है. बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सुखदेव भोई को वित्तीय अनियमितता का आरोप लगने की वजह से बर्खास्त कर दिया गया. उस दौरान से ही कुलपति का पद खाली है. वहीं रांची विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय और कोल्हान विश्वविद्यालय में प्रतिकुलपति भी नहीं हैं.



### राज्यपाल ने रद्द की सर्च कमेटी

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कुलपतियों की बहाली के लिए बनायी गई सर्च कमेटी को रद्द कर दिया है. जानकारी के अनुसार, इंटरनल के बाद कमेटी को रद्द कर दिया था. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी सारे मापदंडों को पूरा नहीं कर रहे थे. इसलिए कमेटी को रद्द कर दिया गया.

## पूर्ववर्ती सरकार आपका पैसा सारा डकार गयी

# आप गरीब होते गए

**20 साल हो गए जब नया राज्य बना था, तो सरप्लस बजट हुआ करता था. मगर अब घाटे के बजट से काम चलाया जा रहा है : मुख्यमंत्री**

**कौशल आनंद। रांची/चतरा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चतरा पहुंचे. इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया. चतरा के सिमरिया में आयोजित कार्यक्रम में सोरेन विपक्ष पर वार किया. उन्होंने कहा कि इस राज्य के बने 20 साल हो गए. जब नया राज्य बना था, तो सरप्लस बजट हुआ करता था. मगर अब घाटे के बजट से काम चलाया जा रहा है.

राज्य बनने के बाद विपक्ष सबसे अधिक सत्ता में रहे. इनलोगों ने इतना शोषण किया कि आज यह राज्य पिछड़ा गया. सरप्लस बजट कहां गया. आपका पैसा विपक्ष डकाराता गया और आप गरीब होते चले गए. लोग हाथ में राशन कार्ड लेकर भात-भात करते मर गए. इन लोगों ने 11 लाख राशन कार्ड डिलीट कर दिया था. पेट पालने के लिए यहां से बड़े पैमाने में लोग पलायन करते हैं, मजूदरी करते है. बड़ी विचित्र स्थिति है. आपके आवेदन से हमें दर्द और पीड़ा देखने का मौका मिला. सूची बनाना हमने शुरू किया. अब एक-एक समस्या का समाधान होने लगा. इस दौरान मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बादल पत्रलेख, विधायक अंबा प्रसाद आदि भी मौजूद थे.

**सरकार आपके द्वार के तीसरे चरण में रिकॉर्ड टूट रहे हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के सरकार आपके द्वार शिविर में रिकॉर्ड टूट गया. बड़ी संख्या में लोगों का आवेदन आ रहा है. जब हम चुनाव प्रचार में थे उस समय हमने कहा था कि ये सरकार दिल्ली से नहीं चलेगी. रांची के एसी कमरों से नहीं चलेगी. ये सरकार गांव से चलेगी. इसलिए हम गांव-गांव घूम कर आपके समस्याओं का निदान कर रहे हैं. जैसे ही कोरोना का बादल छंटा, तो सरकार ने आपका दरवाजा खटखटा कर आपकी पंचायत में बैठ कर आपकी समस्याओं का समाधान करना शुरू कर दिया. जिस कागज को लेकर आप भटकते थे, वो कागज लेने पहुंच रहे हैं.



चतरा में आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार को लाभुक को चेक प्रदान करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन.

### सीएम ने कहा

- दो साल में डीवीसी पर निर्भरता समाप्त कर देंगे
- हमारे कोयला का बकाया पैसा नहीं मिलता, मगर थोड़ा बकाया होने पर डीवीसी काट देता है बिजली

### राज्य की बच्चियों अब माता-पिता पर बोझा नहीं

हेमंत ने कहा, गरीबी अभिशाप है. इसकी मार महिलाएं झेलती हैं. उसपर भी लड़कियों को ज्यादा झेलना होता है. बच्चियों के लिए माता पिता मजदूर जैसा दूल्हा खोजने लगता है. हम तीन, चार पांच बेटियों को भी सावित्री बाई फूले किशोरी योजना से जोड़ेंगे. दसवीं, 11वीं के छात्र-छात्राओं को हम गुरु जी क्रेडिट कार्ड देंगे जिससे आप आगे कि पढ़ाई कर पाएंगे. राज्य सरकार 15 लाख तक का सहायता राशि देगी. सरकार आपकी गारंटर बनेगी. मरांग गोमके पारदेशीय योजना भी हम चला रहे हैं. आप विदेशों में भी पढ़ाई कर पाएंगे.रुपये आपको वापस नहीं करना होगा. 50 बच्चे हमारे विदेश में पढ़ रहे हैं.

### काला जार गरीबों को होता है, अमीरों को नहीं, इसलिए अबुआ आवास

सीएम सोरेन ने कहा कि राज्य अलग होने के बाद थोड़े दिन के लिए हम कुछ दिन कुर्सी पर बैठे थे. उसी समय पर इस सिमरिया को अनुमंडल बनाने का स्वीकृति हमने ही दी थी. लेकिन विपक्ष ने क्या किया 5 साल पता नहीं. गरीबों को काला जार होता है, अमीरों को नहीं. और यह काला जार उनको ही होता है जिनका टूटू-फूटा घर होता है. हम समझ गये थे कि गरीबों को आवास कि जरूरत है. पहाड़ियों को आज तक आवास नहीं मिला. हमारे मंत्री और हम खुद इस गरीबों के आवास के लिए केंद्र के पास नाक रगड़ते रहे लेकिन नहीं दिया गया. तब हमको लगा कि ऐसे में तो सब पहाड़िया, आदिवासी लोग मारे जाएंगे. तब हमने ऐतिहासिक फैसला लिया कि हम अबुआ आवास देंगे.उससे महंगा आवास देंगे. बहुत जल्द हम लाभुकों के खाते में पैसा डालेंगे.

### राज्य में सरकार गठन के समय से ही चुनौतियों का सामना कर रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास कोई चुनौती नहीं थी लेकिन हमने कोरोना देखा, सुखाड़ देखा, सरकार का षडयंत्र देखा. सरकार बनने के एक घंटा के बाद से ही ये सरकार गिराने की साजिश रच रहे हैं. खुद नहीं सकते हैं तो एजेंसी को हमारे पीछे लगा देते हैं. हक अधिकार मांगते हैं तो एजेंसी को हमारे पीछे दौड़ा देते हैं. लेकिन चिंता नहीं है गरीबों को हमेशा अपने हक के लिए लड़ना होता है. ये आपकी सरकार है, ये गांव की सरकार है इसिलए चिंता की बात नहीं. धीरे-धीरे यह शिविर एक त्योहार की तरह हो रहा है.

### दो साल बाद डीवीसी पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यहां बिजली की समस्या थी. अभी भी है.क्योंकि ये डीवीसी से चलता है. थोड़ा भी बकाया रहता है तो बिजली काटता है. हमारा कोयला का हजारों करोड़ बाकाया है वह नहीं मिलता है. 2 साल के बाद हम डीवीसी पर निर्भर नहीं रहेंगे, 24 घंटा आपको निबार्ध बिजली देंगे. 2025 तक इस राज्य को इतना मजबूत करना चाहते हैं कि हमें दूसरे के आगे भीख नहीं मांगना होगा.

## शहर में बाघ



यूपी के पीलीभीत में मंगलवार को जंगल के रास्ते से एक बाघ शहर में घुस गया. पीलीभीत के भीमताल में बाघ को देखकर दिनभर लोगों में दहशत का माहौल बना रहा. हालांकि इस आदमखोर बाघ को वन विभाग द्वारा पकड़ लिया गया. मालूम हो कि ये बाघ कई महिलाओं समेत कई मवेशियों को शिकार बना चुका था. इस खूंखार बाघ को पकड़ने में वन विभाग ने पूरी ताकत झोंक रखी थीं. फोटो : पीटीआई

# धनबाद में 150 टन अवैध कोयला फिर हुआ जब्त



- पकड़े गए सभी ट्रक कतरास थाना को किया सुपुर्द

**संवाददाता। कतरास/ बाघमारा**

धनबाद के डीसी वरुण रंजन के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिजों के अवैध खनन, भंडारण तथा परिवहन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस अपनाते हुए जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है.

इसी कड़ी में मंगलवार शाम जिला खनन टास्क फोर्स ने कतरास थाना क्षेत्र के श्यामडीह मोड़ में बड़े पैमाने पर अभियान चला कर 150 टन से अधिक अवैध कोयला जब्त किया गया. इसकी जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने दी. बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार मंगलवार शाम कतरास के श्यामडीह मोड़ में जिला खनन टास्क फोर्स ने माइनिंग इंस्पेक्टर विनोद कुमार प्रमाणिक तथा अंचल अधिकारी पुटकी के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया. इस क्रम में श्यामडीह मोड़ पर ट्रक संख्या जेएच 10 ए.वाई. 7159, जेएच 10 बी.एस. 9703, जेएच 10 सी.पी. 9970, जेएच 10 ए.एस. 9703, जेएच 10 सी.टी. 8725 एवं ट्रक संख्या जेएच 10 बी.के. 3426 पर लदा लगभग 25 - 25 टन से अधिक अवैध कोयला पाया गया. जब इन ट्रकों की जांच की गई, तो इनके पास कोयला से संबंधित कोई भी वैध कागजात या परिवहन चालान इत्यादि नहीं मिला. सभी ट्रक को कतरास थाना भेजा गया है और ट्रक के चालक, मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई जारी है. वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि कोयला के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध छापेमारी जारी है.

**आशा लकड़ा को फिर बड़ी जिम्मेवारी**

### लोस चुनाव के लिए वेस्ट बंगाल इलेक्शन कमेटी में शामिल

**रांची।** एक बार फिर से केंद्रीय नेतृत्व ने रांची की भाजपा नेत्री और पूर्व मेयर आशा लकड़ा को बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है. केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें लोकसभा चुनाव को देखते हुए पश्चिम बंगाल इलेक्शन मैनेजमेट कमेटी में शामिल किया है. इसको लेकर भाजपा ने पश्चिम बंगाल के इलेक्शन मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया है जिसमें भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा को जगह दी है.



**ये शामिल हैं पश्चिम बंगाल इलेक्शन मैनेजमेंट कमेटी में :** पश्चिम बंगाल इलेक्शन मैनेजमेंट कमेटी में कुल 15 नेताओं को शामिल किया गया है. इनमें पांच केंद्रीय स्तर के नेता और 10 प्रदेश स्तर के नेता शामिल हैं. केंद्रीय नेताओं में सुनील बंसल, अमित मालवीय, मंगल पांडे, आशा लकड़ा व सतीश धंड शामिल हैं. प्रदेश स्तर के नेताओं में सुकांत मजूमदार, शुभेंदु अधिकारी, दिलीप घोष, राहुल सिन्हा, लॉकेट चटर्जी, अग्निमित्रा पॉल, ज्योतिर्मय सिंह महतो, दीपक बर्मन, अमिताभ चक्रवर्ती व जगन्नाथ चट्टोपाध्याय शामिल हैं.

**नए आपराधिक कानून** राष्ट्रपति ने दी मंजूरी, जल्द ही केंद्र सरकार जारी करेगी अधिसूचना

# अब ठगों को 420 नहीं, 316 कहिए...बदल गयीं कई धाराएं

**शुभम संदेश नेटवर्क**

संसद से पारित तीनों संशोधित आपराधिक कानूनों को अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी भी मिल गई है. भारत सरकार जल्द ही नोटिफिकेशन जारी कर इन कानूनों को लागू कर सकती है. इन कानूनों के बाद अब भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता (द्वितीय) बन गई है. वहीं दंड प्रक्रिया संहिता की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (द्वितीय) ने ली है. इसके अलावा तीसरे कानून भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह भारतीय साक्ष्य संहिता (द्वितीय) ने ले ली है.

हम आपको कुछ ऐसे कानूनों की धाराओं के बारे में बता रहे हैं, जो फेमस हैं, लेकिन नए कानूनों के बाद अब उनकी जगह दूसरी धाराओं ने ले ली है. जैसे धोखाधड़ी और ठगी करने वालों के खिलाफ धारा 420 के तहत केस दर्ज किया जाता था, लेकिन अब 316 के तहत केस दर्ज किया जाएगा.



**बदल गई आईपीसी की इन धाराओं की पहचान**

| जुर्म | आईपीसी | भारतीय न्याय संहिता |
|---|---|---|
| देशद्रोह | धारा 124 | धारा 152 |
| गैर-कानूनी सभा | धारा 144 | धारा 189 |
| हत्या | धारा 302 | धारा 101 |
| हत्या का प्रयास | धारा 307 | धारा 109 |
| दुष्कर्म | धारा 376 | धारा 63 |
| मानहानि | धारा 399 | धारा 356 |
| ठगी | धारा 420 | धारा 316 |

### राष्ट्रपति मुर्मू ने नए क्रिमिनल लॉ को दी मंजूरी

अंग्रेजों के दौर में बने तीन कानून अब खत्म हो गए हैं. राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने तीनों नए क्रिमिनल लॉ बिल को मंजूरी दे दी है. राष्ट्रपति की मंजूरी के साथ ही इन तीनों बिल भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य बिल ने कानून का रूप ले लिया है. इससे पहले इन तीनों बिलों को संसद के दोनों सदनों में पारित कर दिया गया था.

### राजद्रोह की जगह अब देशद्रोह

आईपीसी में धारा 124ए थी, जिसमें राजद्रोह में 3 साल से लेकर उम्रकैद का प्रावधान था. बीएनएस में राजद्रोह की जगह 'देशद्रोह' लिखा गया है. गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि देश के खिलाफ कोई नहीं बोल सकता और इसके हितों को नुकसान नहीं पहुंचा सकता. देशद्रोह के आरोपी को कठोर से कठोर दंड मिलना चाहिए. बीएनएस में धारा 150 में 'देशद्रोह' से जुड़ा प्रावधान किया गया है. धारा 150 में इसे 'भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्य' के रूप में शामिल किया गया है. ऐसा करने पर दोषी पाए जाने पर 7 साल की सजा से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है. साथ ही जुर्माना भी लगाया जाएगा.

### किसमें क्या बदला

- **आईपीसीः** कौन-सा कृत्य अपराध है और इसके लिए क्या सजा होगी? ये आईपीसी से तय होता है. अब इसे भारतीय न्याय संहिता कहा जाएगा. आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जबकि बीएनएस में 358 धाराएं होंगी. 21 नए अपराध जोड़े गए हैं. 41 अपराधों में कारावास की अवधि बढ़ाई गई है. 82 अपराधों में जुर्माना बढ़ा है. 25 अपराधों में जरूरी न्यूनतम सजा शुरू की गई है. 6 अपराधों में सामुदायिक सेवा का दंड रहेगा. और 19 धाराओं को खत्म कर दिया गया है.
- **सीआरपीसीः** गिरफ्तारी, जांच और मुकदमा चलाने की प्रक्रिया सीआरपीसी में लिखी हुई है. सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं. अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं होंगी. 177 धाराओं को बदल दिया गया है. 9 नई धाराएं जोड़ी गईं हैं और 14 को खत्म कर दिया गया है.
- **इंडियन एविडेंस एक्टः** केस के तथ्यों को कैसे साबित किया जाएगा, बयान कैसे दर्ज होंगे, ये सब इंडियन एविडेंस एक्ट में है. इसमें पहले 167 धाराएं थीं. भारतीय साक्ष्य संहिता में 170 धाराएं होंगी. 24 घाराओं में बदलाव किया गया है. दो नई धाराएं जुड़ीं हैं. 6 धाराएं खत्म हो गईं हैं.

# ईडी जांच में खुलासाः योगेंद्र ने कई संस्थाओं में किया निवेश

**सौरभ सिंह। रांची**

ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि शराब कारोबार पर एकाधिकार के लिए योगेंद्र तिवारी की कई संस्थाओं में निवेश किया गया. जांच से पता चला कि तिवारी बालू और शराब के व्यापार की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है, जो उसके करीबियों के नाम पर थे. हालांकि सस्थाओं पर योगेंद्र तिवारी का नियंत्रण था. इन गतिविधियों से अब तक 14.79 करोड़ की अवैध आय की गई है. और इसका बड़ा हिस्सा 2021-22 में राज्य में फैले शराब कारोबार पर एकाधिकार के लिए योगेंद्र तिवारी द्वारा नियंत्रित संस्थाओं में निवेश किया गया था.

**नया खुलासा**

- शराब कारोबार से 14.79 करोड़ की हुई अवैध कमाई

**दर्ज 19 केस पर जांच शुरू की गई :** ईडी ने बालू, शराब, जमीन की अवैध बिक्री-खरीद और अन्य आपराधिक गतिविधियों से संबंधित योगेंद्र और अन्य के खिलाफ झारखंड पुलिस द्वारा दर्ज 19 एफआईआर के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की थी. जांच के दौरान इस साल 23 अगस्त को योगेंद्र तिवारी और सहयोगियों से संबंधित 32 ठिकानों पर झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में तलाशी ली गई थी. योगेंद्र तिवारी को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले मे 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था. वर्तमान में वह न्यायिक हिरासत में हैं. इस मामले में ईडी की जांच आगे जारी है.

## ब्रीफ खबरें

### 14 अधिकारी ज्वाइंट सेक्रेटरी रैंक में प्रोन्नत

**रांची।** राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 14 अफसरों को ज्वाइंट सेक्रेटरी रैंक में प्रोन्नति दे दी है. प्रोन्नति पाने वालों में ज्योत्सना सिंह, मंजू रानी स्वांसी, अमर कुमार,मोहम्मद आसिफ हसन,जावेद अनवर इदरीशी, सुरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, मधुमिता कुमारी, श्रीमती मीना, कमलकांत गुप्ता,चिंटू दोराईबुरू, नीलम सोरेंग, कुंवर सिंह पाहन, स्मृति कुमारी शामिल हैं. कार्मिक ने इसका आदेश मंगलवार को जारी कर दिया.

### 77 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रांची नगर निगम द्वारा निगम अंचल कार्यालय में और रांची नगर निगम मुख्यालय में शिविर का आयोजन किया गया. इसमें निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया और शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया. निगम स्तर से दोनों शिविर में कुल मिलाकर 77 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया. इसके अलावा शिविर में जरूरतमंदों के बीच कुल 103 कंबल का वितरण भी किया गया.

### एनयूएसआरएल को कोप 28 ग्रीन यूनिवर्सिटी अवार्ड



**रांची।** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) को हरित शिक्षा में अच्छा काम करने के लिए अवार्ड दिया गया है. ये अवार्ड यूएआई के कोप 28 ग्रीन यूनिवर्सिटी ने दिया. इस अवार्ड को एनयूएसआरएल के कैंपस डेवलप कमेटी के को-डिनेटर डॉ. जूलियन सील पसारी ने लिया. उन्होंने कहा कि हमारे काम और मेहरत का नतीजा है कि आज इस अवार्ड को हम प्राप्त किए. उन्होंने कुलपति डॉ. अशोक आर पाटिल को धन्यवाद दिया और कहा कि हमेशा कुलपति का साथ रहा है.

## 33.88 लाख को मिल रहा पेंशन का लाभ

# हेमंत सोरेन सरकार का पेंशनधारियों पर फोकस

रवि भारती। रांची

हेमंत सरकार के कार्यक्रम सरकार आपके द्वार से राज्य में योग्य पेंशनधारियों का चयन किया जा रहा है. ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगा कर कई पेंशन योजनाओं से लाभार्थियों को जोड़ा जा रहा है. राज्य में अब तक कुल 33.88 लाख पेंशनधारी हैं. इसमें राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के तहत 12.43 लाख लाभार्थियों को पेंशन दी जा रही है. जबकि राज्य में चल रही पेंशन योजनाओं के तहत 21.45 पेंशनधारियों को कवर किया जा रहा है.

### वृद्धावस्था पेंशन योजना में बढ़ गए 10.8 लाख लाभुक

झारखंड में वृद्धावस्था योजना के तहत 10.8 लाख पेंशनधारियों की संख्या में वृद्धि हुई है. 31 दिसंबर 2019 में इस योजना के तहत 3.45 लाख पेंशनधारी थे. अब इनकी संख्या 14.25 लाख हो गई है. वहीं विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह पेंशन योजना के तहत पेंशनधारियों की संख्या में 18241 की वृद्धि हुई है. इस योजना में पहले पेंशनधारियों की संख्या 52336 थी, जो अब बढ़ कर 70577 हो गई है.





**मुख्य बातें**

- वृद्धावस्था योजना के तहत 14 .25 लाख लाभार्थी
- असहाय महिला पेंशन योजना में 3 .79 लाभार्थी पंजीकृत
- सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से पेंशनधारियों को किया जा रहा चिन्हित

**फैक्ट फाइल**

- पेंशन योजनाओं पर सालाना 2,400 करोड़ रुपए किए जाते हैं खर्च
- पिछले चार साल में पेंशनधारियों की संख्या में 200 फीसदी से अधिक की वृद्धि
- सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से बढ़ी पेंशनधारियों की संख्या
- राज्य गठन के समय कुल 6 .6 लाख थे पेंशनधारी, अब बढ़ कर हो गए 21 .45 लाख

### निराश्रित महिला पेंशन योजना में 2.07 लाख की वृद्धि



निराश्रित महिला पेंशन योजना में 2.07 लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है. पहले इस योजना में 1.72 लाख लाभार्थी थे, अब इनकी संख्या बढ़ कर 3.79 लाख हो गई है. इसी तरह एचआइवी एड्स पीड़ित व्यक्ति सहातायार्थ पेंशन योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या में 2403 की वृद्धि हुई है. पहले इस योजना में 3375 लाभार्थी थे, जो अब बढ़ कर 5778 हो गए हैं. इसी तरह विकालांग पेंशन योजना में भी लाभार्थियों की संख्या में 156204 की वृद्धि हुई है. पहले इस योजना के तहत 87796 लाभार्थी थे, जो अब बढ़ कर 2.44 लाख हो गई है.

**क्या है दायरा** | झारखंड में अब 60 साल से ऊपर का कोई भी व्यक्ति वृद्धावस्था पेंशन के लिए पात्र है. ऐसे में लाभार्थी को केवल दो मानदंडों को पूरा करना होगा. पहला व्यक्ति टैक्स पेयर नहीं होना चाहिए और दूसरा व्यक्ति पहले से किसी तरह की पेंशन न ले रहा हो.

### चीफ सेक्रेट्री ने 29 दिसंबर की तैयारियों को लेकर बुलाई की समीक्षा बैठक

**रांची।** मुख्य सचिव एल खियांग्यते ने मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में 29 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश दिए. वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये मुख्य सचिव से सभी जिलों के डीसी से बात की और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए. साथ ही मोरहाबादी में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी भी ली. बताते चलें कि 29 दिसंबर को हेमंत सरकार के चार साल पूरे हो जाएंगे. इस दिन राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में कार्यक्रम आयोजित होगा. सीएम राज्यवासियों को कई सौगात भी देंगे. 9000 लोगों के बीच नियुक्ति पत्र का भी वितरण किया जाएगा, पथ निर्माण विभाग की कई परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन किया जायेगा. कार्यक्रम के दौरान ही नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित झारखंड भवन का भी उद्घाटन किया जाएगा तथा आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का समापन होगा.

## किसानों से 60 लाख क्विंटल धान खरीदेगी राज्य सरकार

संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार 28 दिसंबर से किसानों से धान की खरीद करेगी. इस बार किसानों को पिछले साल की तुलना में प्रति क्विंटल धान पर 250 रुपए ज्यादा मिलेंगे. धान की खरीदारी के लिए पूरे राज्य में 600 से ज्यादा केंद्र बनाए गए हैं. झारखंड के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने मीडिया को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस बार सरकारी केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों को कुल कीमत की 50 फीसदी राशि का भुगतान मौके पर ही कर दिया जाएगा, जबकि शेष रकम धान को मिलों में पहुंचाए जाने के बाद मिलेगी.

सरकार ने पूरे राज्य में 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है. धान खरीद के केंद्र राज्य के सभी 24 जिलों में बनाए गए हैं. रजिस्ट्रेशन कराने वाले प्रत्येक किसान से अधिकतम 200 क्विंटल धान की खरीद की जाएगी. सरकार ने सामान्य किस्म के धान का मूल्य 2183 रुपये तय किया है. इसपर राज्य सरकार 117 रुपए का अतिरिक्त बोनस देगी. यानी प्रति क्विंटल धान पर किसान को 2300 रुपए प्राप्त होंगे. पिछले साल किसानों को प्रति क्विंटल धान पर बोनस सहित 2025 रुपए का भुगतान किया गया था. किसानों को धान बेचने के साथ ही 50 फीसदी रकम का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए झारखंड राज्य खाद्य निगम एक हजार करोड़ रुपए का लोन लेगा.

**खास बातें**

- कीमत पिछली बार से प्रति क्विंटल 250 रुपये ज्यादा
- खरीदारी के लिए पूरे राज्य में बनाये गये 600 से ज्यादा केंद्र

## मान्यता रद्द स्कूलों में नामांकन नहीं लेने की अपील

# सीबीएसई ने की 17 स्कूलों की मान्यता रद्द

संवाददाता। रांची

सेंट्रल बॉर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन (सीबीएसई) ने झारखंड के 17 स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी है. इसके लिए सीबीएसई ने नोटिस जारी किया है. कहा गया है कि ये स्कूल सीबीएसई के तय मानकों को पूरा नहीं कर रहे थे. इस लिए इनकी मान्यता रद्द की गई है. इस सूची में सबसे अधिक नाम बोकारो जिले के हैं. सीबीएसई ने स्कूलों की सूची बोकारो जिले के कुल 9 स्कूल शामिल हैं.

### राज्य भर में मान्यता रद्द होने वाले स्कूल

बोकारो स्थिति सेक्टर 4- ए, 9-सी, 8-सी, 2-ए ,6-ए, 8-डी ,9-डी, 2-ए ,2-डी और 3 डी के इस्पात विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय डकरा, रांची, डीएवी इंटरनेशनल स्कूल मेसरा, रांची, केंद्रीय विद्यालय हजारीबाग, स्प्रिंग वैली स्कूल धनबाद, नंद गोकुलम धनबाद, मॉडल इंग्लिश हाईस्कूल, धनबाद, रामकृष्ण मिशन स्कूल पूर्वी सिंहभूम, मॉडर्न पब्लिक स्कूल देवघर बोकारो आदि.

**जिन स्कूलों की मान्यता रद्द की गई है उसमें ये कमियां मिलीं** | लैब, लाइब्रेरी, क्लास रूम का साइज छोटा, पढ़ाई की गुणवत्ता और एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टीविटीज में कमी.

## पीडीएस डीलर्स का अल्टीमेटम एक जनवरी से करेंगे हड़ताल

संवाददाता। रांची

राज्यभर के पीडीएस डीलरों ने सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि अगर एसोसिएशन की मांगे नहीं मानी गई, तो एक जनवरी से 26 हजार पीडीएस डीलर हड़ताल पर चले जाएंगे. आंदोलन की रणनीति के लिए रांची में फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की बैठक हुई. एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने बताया कि डीलर्स की दस सूत्री मांग है जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया है. कहा कि यह हड़ताल देशव्यापी है. राज्य के सभी जिलों में पीडीएस सेंटर बंद रहेंगे. पिछले दो साल से पीडीएस डीलर्स की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है.

**क्या हैं प्रमुख मांगें**

- अनुकंपा पर बहाली व्यवस्था फिर से शुरू की जाए
- कोविड के दौरान बांटे गये 13 महीने के राशन का कमीशन दिया जाए
- महंगाई को देखते हुए कमीशन की राशि को तीन रुपया किया जाए
- ई पॉश मशीन में फॉर जी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए
- गुजरात सरकार की तर्ज पर 30 हजार रुपए मानदेय प्रति महीने किया जाए

### झारखंड तंजीम ने 500 गरीबों को ठंड से राहत के लिए बांटे कंबल

**रांची।** झारखंड तंजीम के संस्थापक अध्यक्ष, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम के जन्मदिवस पर झारखंड तंजीम की ओर से गरीब जरूरतमंदों के बीच ठंड से राहत के लिये कंबल बांटे गये. कार्यक्रम मंगलवार को हिंदपीढ़ी स्थित केंद्रीय कार्यालय में किया गया, जहां केंद्रीय उपाध्यक्ष सरफे आलम, केंद्रीय सचिव शहबाज आलम ने करीब 500 गरीबों में कंबल वितरण किये. उन्होंने कहा कि अन्य क्षेत्रों में भी अभियान चलाया जायेगा ताकि गरीबों को इसका लाभ मिले. कंबल पाले वाले जरूरतमंद काफी खुश हुए.

## नौ अफसरों को स्पेशल सेक्रेटरी व 13 को अपर सचिव रैंक में प्रोन्नति

संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 22 अफसरों को प्रोन्नति दे दी है. इनमें नौ अफसरों को स्पेशल सेक्रेटरी रैंक में प्रोन्नति दी गयी है. इसमें जल संसाधन विभाग के संजय कुमार, स्वास्थ्य विभाग में पदस्थापित जय किशोर प्रसाद, डीडीसी गढ़वा के पद पर पदस्थापित राजेश कुमार, भवन निर्माण विभाग के विधानचंद्र चौधरी, पेयजल विभाग के राजीव रंजन कुमार, हजारीबाग के नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल, परियोजना निदेशक रांची के पद पर पदस्थापित सुधीर बाड़ा, वन विभाग के राजदीप संजय और अपर समाहर्ता कोडरमा के पद पर पदस्थापित अनिल कुमार तिर्की शामिल हैं.

**इन्हें मिली अपर सचिव रैंक में प्रोन्नति :** गृह कारा विभाग में पदस्थापित सरिता दास, डीडीसी पाकुड़ के पद पर पदस्थापित शाहिद अख्तर, विवरेज कॉरपोरेशन के जीएम सुधीर कुमार, कैबिनेट के राजीव रंजन, वित्त विभाग के अनिरुद्ध कुमार सिन्हा, कार्मिक के ओम प्रकाश शाह, वित्त मंत्री के आप्त सचिव रंजीत कुमार सिन्हा, उप निर्वाचन आयुक्त कुमकुम प्रसाद, पथ विभाग के अखौरी शशांक सिन्हा, खान विभाग के मनोज रंजन, ग्रामीण विकास विभाग की शैल प्रभा केरकेट्टा, डीडीसी रामगढ़ रॉबिन टोप्पो और निदेशक कृषि नयनतारा केरकेट्टा शामिल हैं. कार्मिक विभाग ने मंगलवार को इसका आदेश जारी कर दिया है.

**खास बातें**

- राजेश कुमार, सुधीर बाड़ा, शैलेंद्र बने स्पेशल सेक्रेटरी
- सरिता दास, शाहिद अख्तर, सुधीर बनाये गये अपर सचिव

## संप्रदायवाद के नाम पर लोगों को बांट रही भाजपा : सीपीआई

प्रमुख संवाददाता। रांची

सीपीआई ने मंगलवार को अपना 98 वां स्थापना दिवस मनाया. सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि भाजपा संप्रदायवाद के नाम पर लोगों को बांट कर शासन कर रही है. देश में सिर्फ शोषित और शोषक वर्ग हैं. ऐसे में वाम दलों के सामने संप्रदायवाद और भाजपा बड़ी चुनौती बनती जा रही है. किसानों और मजदूरों के हित में लगातार पार्टी सक्रिय है.

केंद्र से लेकर अलग-अलग राज्यों में भी पार्टी कार्यकर्ता इन मुद्दों को उठा रहे हैं.

**संप्रदायिक सरकार को हटाने का संकल्प :** महेंद्र पाठक ने कहा कि आने वाले दिनों में संप्रदायिक सरकार को हटाने का संकल्प लिया जाएगा. नये साल के साथ ही पार्टी इस अभियान को तेज करेगी. संप्रदायवाद से मुक्ति के लिए पार्टी लगातार अभियान चला रही है. जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों में भाजपा सरकार ने किसानों और मजदूरों को कमजोर करने का काम किया है. ऐसे कानून पास किये हैं, जिससे किसानों और मजदूरों की शक्ति छिनती जा रही है. वहीं कॉरपोरेट घराने शक्तिशाली होते जा रहे हैं. वामदल लगातार इन मुद्दों पर सक्रिय है.

**खास बातें**

- सीपीआई ने मनाया 98वां स्थापना दिवस समारोह
- वाम दलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती है संप्रदायवाद

# मोरहाबादी में राज्यस्तरीय कार्यक्रम 29 दिसंबर को, रांची के उपायुक्त ने तैयारियों का लिया जायजा

संवाददाता। रांची

**मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में होंगे शामिल**

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मोरहाबादी मैदान में 29 दिसंबर को राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया. मोरहाबादी मैदान पहुंच कर पूरी तैयारियों की जानकारी लेते हुए संबंधित सभी अधिकारी को कई दिशा-निर्देश दिये.

इस दौरान रांची डीडीसी दिनेश कुमार यादव, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, नजारत उप-समहर्ता रांची केवल कृष्ण अग्रवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण एवं जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची डॉ. प्रभात शंकर एवं इवेंट से जुड़े पदाधिकारी और सभी संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे.



बता दें कि 29 दिसंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे. राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का समापन मुख्यमंत्री करेंगे. इस आयोजन में राज्य भर से लाभुक आएंगे. इस दौरान मुख्यमंत्री अपनी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा के साथ कई नये कार्यक्रमों की घोषणा करेंगे. इसकी तैयारी सरकार के स्तर पर पूरे जोरशोर के साथ की जा रही है.

डीसी ने लोगों के बैठने की समुचित व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल में लोगों के लिए पीने के पानी, शौचालय और आसपास साफ-सफाई को लेकर, कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट, एलईडी की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन पार्किंग, विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रदर्शन आदि सारी व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने को कहा. डीसी ने कहा यह कार्यक्रम भव्य तरीके से संपन्न हो, जितने भी व्यवस्था इस कार्यक्रम को लेकर किए गए हैं, वह तमाम व्यवस्था ससमय हो जाएं, यह सुनिश्चित करने को कहा.

CLASSIFIED

































### सदर अस्पताल कोडरमा

विभाग — डॉक्टर का नाम

- **स्किन :** डॉ. समीक्षा माथुर
- **आई :** डॉ. सुनील कुमार
- **मेडिसिन :** डॉ. रविकांत कुमार सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार राज
- **पेडीएट्रिक :** डॉ. मणिकांत कुमार
- **डेंटल :** डॉ. नीलमणि कुमार
- **गायनी :** डॉ. वर्षा कुमारी
- **ऑर्थो :** डॉ. धनंजय कुमार
- **अल्ट्रासाउंड :** डॉ. कुमारी सीमा
- **इएनटी :** डॉ. मनोज कुमार

### कोडरमा का मौसम

- **न्यूनतम तापमान :** 10 डिग्री सेल्सियस
- **अधिकतम तापमान :** 24 डिग्री सेल्सियस
- **बादल की स्थिति :** 83 % छाए रहेंगे
- **हवा की रफ्तार :** 13 किमी प्रति घंटे

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने दिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश

# सभी लाभुकों को चिह्नित करें अधिकारी : चंदन कुमार

**संवाददाता। रामगढ़**



**तैयारी समीक्षा**

- राज्य सरकार के चार वर्ष होने पर 29 को कार्यक्रम
- योजनाओं के कट आउट समय से तैयार करने कहा

राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 29 दिसंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई. इस दौरान नजारत उपसमाहर्ता रवींद्र कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम को लेकर जिले के लिए प्राप्त निर्देशों की विस्तृत जानकारी उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों को दी.

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले के लाभुकों के भाग लेने के मद्देनजर उपायुक्त ने अबुआ आवास, मनरेगा, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि, साइकिल डीबीटी, मुख्यमंत्री पशुधन योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों को चिन्हित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया. साथ ही अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित कट आउट समय से तैयार करने को कहा गया. उपायुक्त ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दिन ससमय लाभुकों के कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए. बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

### उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने मंगलवार को छत्तरमांडू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रवींद्र कुमार गुप्ता ने ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी. उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन व्यवस्था, कंट्रोल एवं बैलट यूनिट आदि की जानकारी लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए. मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संयुक्त सचिव अरुण बैनर्जी, आम आदमी पार्टी के जिला सह प्रभारी राजेश कुमार वर्मा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष नीरज प्रताप सिंह, आजसू पार्टी के नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे.



### आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- ब्लू बेबी सिंड्रोम किन लवणों के कारण होता है – **नाइट्रेट**
- पहाड़ों की मल्लिका किसे कहा जाता है – नेतरहाट
- समुद्री जल को किस प्रक्रिया से शुद्ध बनाया जाता है – **आसवन**
- किस सुल्तान ने नहरों का विकास किया – **फीरोज तुगलक**
- अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस कब मनाया जाता है – **29 जुलाई**
- भारत में जूट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य – **पश्चिम बंगाल**
- सूर्य की ऊर्जा का मुख्य कारण क्या है – **नाभिकीय संलयन**
- रातापानी टाइगर रिजर्व किस राज्य में है – **मध्य प्रदेश**
- झारखंड में झारखंड धाम किस जिले में है – **गिरिडीह**
- ट्रेफलगार के युद्ध में नेपोलियन किस देश से हार गया था – **इंग्लैंड**

### ब्रीफ खबरें

#### हाइवा के नीचे आने से बाइक सवार जख्मी

**जयनगर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-कोवाड़ मुख्य मार्ग पर हाइवा की चपेट में आने से एक बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया. जानकारी के मुताबिक, परसाबाद की ओर से आ रही एक हाइवा तेतरौन चौक पर मुड़ रही थी. इसी क्रम में मरकच्चो की ओर से आ रही तेज रफ्तार में बाइक अनियंत्रित होकर हाइवा के नीचे जा घुसी. घायल की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के बेहराडीह निवासी भागीरथ राणा के 23 वर्षीय पुत्र गौतम राणा के रूप में हुई है. ग्रामीणों ने घायल को निजी क्लिनिक में भर्ती करवाया है.

#### पुलिस बैरियर से टकराई बाइक, युवक की मौत

**कोडरमा।** महेशपुर चौक के पास नो एंट्री के लिए लगाए गए बैरियर से टकराने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान डोमचांच थाना क्षेत्र के चैनपुर निवासी केदार यादव के पुत्र ऋषि यादव के रूप में हुई है. वह बीती रात बाइक से सामान लेकर घर आ रहा था. इसी बीच महेशपुर चौक के पास लगाए गए बैरियर से टकरा गया. वहीं, बाइक की टक्कर से बैरियर के पास खड़े डोमचांच थाना के जवान गिरधारी रविदास भी गंभीर रूप से घायल हो गए.

#### मोबाइल ऐप से साढ़े 26 हजार की ठगी

**झुमरी तिलैया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुमो बड़की गली निवासी अभिषेक कुमार सिंह ऑनलाइन ठगी के शिकार हो गए. इस बाबत उन्होंने तिलैया थाना में आवेदन दिया है. बताया गया है कि बीते 22 दिसंबर को उनके मोबाइल नंबर पर एक अनजान व्यक्ति का कॉल आया और दो एप्लीकेशन डाउनलोड करने और साइन इन करने को बोला गया. जब एप्लीकेशन डाउनलोड कर साइन इन किया, तो तुरंत एक बार में 25999 रुपए और दूसरी बार में 499 रुपए बैंक खाता से कट गए.

#### कबड्डी में कोडरमा की महिला-पुरुष टीम प्रथम

**कोडरमा।** रोटरी युवा खेल महोत्सव के द्वारा सी एच मैदान झुमरी तिलैया मे जिला स्तरीय पुरुष एवं महिला कबड्डी प्रतियोगिता एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया. इसमें रांची, चतरा, गिरिडीह, सिंदरी, हजारीबाग प्रतिभा विकास क्लब कोडरमा वाइबीसी अकादमी, एसबीएस अकादमी आदि टीमों के सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया. दोनों वर्ग में कोडरमा की टीम विजेता रही. कार्यक्रम में कोडरमा विधायक नीरा यादव और पार्षद पिंकी जैन मौजूद थीं.

#### वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेंद्र सिंह का निधन

**जयनगर।** प्रखंड के जयनगर निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेंद्र सिंह का निधन हो गया. सूचना पर कांग्रेस उतरी छोटानागपुर प्रमंडल स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के नेता डॉ. आरसी मेहता, कोडरमा जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान उनके आवास पर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी. डॉ. मेहता ने कहा कि कांग्रेस ने अपना एक अभिभावक खो दिया है. मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रामलखन पासवान, फहीम खान, प्रखंड अध्यक्ष मिसबाहउद्दीन, महिला नेत्री अर्चना कुमारी, युवा नेता सईद नसीम, मो. जावेद आदि थे.

### एक दिन का वेतन काटने के विरोध में डीएसई कार्यालय का घेराव

# पारा शिक्षकों को मिला न्याय

**संवाददाता। हजारीबाग**



**समस्या समाधान**

- एक दिन का वेतन काटने का विरोध कर रहे थे शिक्षक
- प्रतिनिधिमंडल की डीसी के साथ वार्ता में निकला हल

जिले के सभी प्रखंडों के सहायक शिक्षकों ने सहायक अंध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष चंदन मेहता के नेतृत्व में शहीद स्मारक के पास जमा होकर रैली निकाली. सभी शिक्षक जिला शिक्षा अधीक्षक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए समाहरणालय कार्यालय के पहुंचे और रैली सभा के तब्दील हो गई. सहायक शिक्षकों ने डीएसई कार्यालय का घेराव भी किया.

सहायक अध्यापकों की मांगों के समर्थन में सभा स्थल पर मुख्य अतिथि सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे, सदर विधायक मनीष जायसवाल, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, समाजसेवी आरसी मेहता उपस्थित थे. उपायुक्त नैंसी सहाय ने सहायक अध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल और डीएसई हजारीबाग की उपस्थिति में वार्ता कर समस्या का समाधन किया. सहायक अध्यापकों ने उपस्थित विधायकों को धन्यवाद दिया. बता दें कि सहायक शिक्षक छुट्टी लेने के बावजूद डीएसई द्वारा ऑनलाइन नहीं छुट्टी लेने का हवाला देकर एक दिन का वेतन काटे जाने का विरोध कर रहे थे.

मौके पर संघ के जिला महासचिव शंकर प्रसाद,जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद मेहता, विकास कुमार, प्रदीप पांडे, राजकुमार मेहता, मनोज मेहता, सुधीर कौशल, मनोज घोष, संजीत सिंह, रवि किशोर, संजय पंडित,चंपा मेहता, पुष्पा मेहता, दीनानाथ, रामवतार प्रजापति, कृष्णा गोप, शमशेर आलम, विकास कुमार, जगजीवन दास, सुभाष मेहता, कुलदीप मेहता, भोला राणा समेत सैकड़ों शिक्षक मौजूद थे.

### शिक्षकों का वेतन काटना गलत : सीटू

- सीपीएम नेता ने डीएसई के आदेश का किया विरोध
- कहा- सहायक शिक्षकों के आंदोलन को पूर्ण समर्थन



**हजारीबाग।** सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने सहायक शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटे जाने के संबंध में डीएसई द्वारा जारी पत्र का विरोध किया है. उन्होंने कहा कि सहायक शिक्षकों को झारखंड सरकार ने एक वर्ष में 16 दिनों की अकास्मिक छुट्टी दी है. विगत 19 दिसंबर को सहायक शिक्षकों का राज्य स्तरीय कार्यक्रम रांची में था. उसमें भाग लेने के लिए जिले के कई सहायक शिक्षक अकास्मिक छुट्टी लेकर रांची गए हुए थे.

लेकिन, जिला शिक्षा अधीक्षक ने उनका 19 तारीख का वेतन यह कह कर काट दिया कि आपलोगों ने ऑनलाइन छुट्टी नहीं ली थी. सीटू ने यह भी कहा कि हकीकत यह है कि जनवरी 2023 से 18 दिसंबर 2023 तक सहायक शिक्षकों ने जो भी अकास्मिक छुट्टी ली, वह ऑफलाइन ली है. फिर अचानक ऑनलाइन छुट्टी लेने की बात कहां से आ गई? उन्होंने इसे जिला शिक्षक अधीक्षक की मनमानी करार देते हुए सहायक शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटे जाने के आदेश को सरासर गलत बताया. कहा कि सीपीएम इसका विरोध और सहायक शिक्षकों के आंदोलन का समर्थन करती है.

### डीएवी स्कूल में गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों किया याद

# स्कूली बच्चों ने सुनाई गौरव गाथा

**संवाददाता। कोडरमा**



**शहादत स्मृति**

- वीर बाल दिवस पर भाषण व कविताओं का किया पाठ
- स्वर्णादित्य एवं समूह ने दी मधुर गीत की प्रस्तुति

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देश पर मंगलवार को स्कूलों में वीर बाल दिवस मनाया गया. इस उपलक्ष्य पर गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की याद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस कड़ी में डीएवी स्कूल में कार्यक्रम के आरंभ में सर्वप्रथम स्वर्णादित्य एवं समूह ने मधुर गीत प्रस्तुत किया.

हिंदी में भाषण नौवीं कक्षा के छात्र सतीश यादव ने दिया. वहीं नौवीं की छात्रा श्रेयसी ने गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों द्वारा मुगलों से लोहा लेने की पूरी वीरगाथा अंग्रेजी में प्रस्तुत की गई. छठी कक्षा की नेहा कुमारी ने सिखों के सम्मान के लिए मर मिटने वाले गुरु गोविंद सिंह और उनके साहिबजादों की वीरता का वर्णन अपनी हिंदी कविता में किया. इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. इसमें प्रथम स्थान पर उदय शंकर यादव और प्रिंस कुमार रहे. कार्यक्रम में सभी बच्चों ने बड़े ही जोश और उत्साह से भाग लिया.

विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि सिखों के 10वें गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों को सम्मान देने के लिए वीर बाल दिवस मनाया जाता है. मंच संचालन आठवीं की छात्रा आराध्या और आकांक्षा त्रिवेदी ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में मिथिलेश कुमारी, चांदनी दुबे, पवन कुमार, राजन कुमार मिश्र, स्नेहा कुमारी एवं श्वेता सिंह की प्रमुख भूमिका रही.

### वात्सल्य धाम में मनाया गया वीर बाल दिवस

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित वात्सल्य धाम रामगढ़ में वीर बाल दिवस मनाया गया. इस दौरान मुख्य अतिथि उपायुक्त चंदन कुमार ने बच्चों को वीर बाल दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा. इस अवसर पर वात्सल्य धाम के बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागी के साथ-साथ बाकी सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार उपायुक्त द्वारा दिया गया.

## गिरफ्तार वारंटी के कोरोना पॉजिटिव निकलने से हड़कंप

**संवाददाता। कोडरमा**

- कोरोना की दस्तक से स्वास्थ्य महकमा हरकत में

जिले में एक बार फिर करोना ने दस्तक दे दिया है. मामला मरकच्चो थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, मरकच्चो पुलिस एक वारंटी को गिरफ्तार कर लाई थी. जेल भेजने से पहले सदर अस्पताल में उसका ट्रू नेट से कोरोना जांच कराई गई. रिपोर्ट में उक्त अभियुक्त कोरोना पॉजिटिव पाया गया. इसके बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया. फिलहाल कोविड गाइडलाइन के तहत उसका इलाज चल रहा है. वहीं, उस कैदी का आरटीपीसीआर टेस्ट भी करने की तैयारी चल रही है. इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कहा गया है कि कोरोना मरीज का मिलना चिंता का विषय तो हैं, लेकिन डरने की कोई बात नहीं है.

## अहिवरण जयंती को लेकर मोदी-वर्णवाल समाज ने निकाली रैली



**संवाददाता। कोडरमा**

अहिवरण जयंती को लेकर मोदी वर्णवाल समाज ने शहर में बाइक रैली सह शोभायात्रा निकाली. इसके साथ ही जयंती कार्यक्रम का भी आगाज हो गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता अहिवरण वंशज के जिला अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने की. रैली कोत चोवा राम मोदी धर्मशाला गांधी स्कूल रोड से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया. इसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामेश्वर मोदी, अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी, समाजसेवी पंकज वर्णवाल, विष्णु वर्णवाल, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ सुनील वर्णवाल, ईश्वरदेव मोदी व सुभाष मोदी शामिल थे. विकास वर्णवाल की देखरेख में रैली शहर के ओवरब्रिज, झंडा चौक, पूर्णिमा टॉकीज, सीएच स्कूल रोड होते हुए मोदी सेवा सदन राजगढ़िया रोड पहुंच कर संपन्न हुई.

### सेक्टर दंडाधिकारियों का चुनावी प्रशिक्षण शुरू

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सेक्टर दंडाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मंगलवार को जिला समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभागक्ष में किया गया. इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान उनके द्वारा किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी गई. कहा कि निर्वाचन के दौरान आप सभी का योगदान महत्वपूर्ण है, इसलिए प्रशिक्षण में सभी तरह की दुविधाओं को दूर कर लें. वहीं सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को लगातार आपस में संपर्क में रहने और अपने-अपने क्षेत्र में मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने कहा गया.

# 6 वाहनों को तोड़फोड़ कर किया क्षतिग्रस्त

**संवाददाता। रामगढ़**




**आपराधिक वारदात**

- झारखंड कंस्ट्रक्शन एंड स्टील के फैक्ट्री में मचाया तांडव
- लेवी वसूलने को लेकर घटना को अंजाम देने की आशंका

जिले के पतरातू थाना क्षेत्र के डाड़ीडीह स्थित झारखंड कंस्ट्रक्शन एंड स्टील कंपनी में बीती रात अज्ञात अपराधियों ने जमकर तांडव मचाया. जानकारी के अनुसार, अपराधियों ने फैक्ट्री के अंदर घुसकर छह गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले. इसमें लाखों के नुकसान की बात कही जा रही है. घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चार की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियों ने फैक्ट्री के गेट को फांद कर इस घटना को अंजाम दिया. यह भी बताया कि सभी अपराधी अपने मुंह को नकाब से ढके हुए थे. आशंका जताई जा रही है कि लेवी की वसूली को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है. मामले में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि तोड़फोड़ करने वाले अपराधियों की शिनाख्त की जा रही है. जल्द ही सभी अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे.

### चोरी की दो बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस ने दो बाइक के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है. वहीं, दो अन्य नाबालिग लड़कों को निरुद्ध किया है. दरअसल, एसपी अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना पर इंस्पेक्टर राम नारायण ठाकुर एवं डोमचांच थाना प्रभारी पंचम तिग्गा के नेतृत्व में एक विशेष दल का गठन किया गया था. सघन वाहन जांच अभियान के क्रम में एक बिना नंबर लगे काले रंग के स्पलेंडर बाइक को रोका गया .इस पर बाइक पर सवार दोनों संदिग्ध बाइक को सड़क किनारे छोड़ कर भागने लगे. सशस्त्र बलों ने दोनों को पीछा कर पकड़ा. पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उक्त बाइक गिरिडीह जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र से चोरी कर बेचने के लिए ला रहे थे. बाइक खरीदने के लिए बिहार के नवादा जिले से दो व्यक्ति कोडरमा आने वाले हैं. दोनों की निशानदेही पर गठित टीम द्वारा छापेमारी करते हुए बाइक खरीदने आए दो व्यक्तियों को चोरी की एक अपाचे बाइक के साथ दबोचा गया. इस संदर्भ में डोमचांच थाना मे मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गिरिडीह जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत किसगो निवासी साजन कुमार राय और बिहार के नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बाउड़ी निवासी मंजीत कुमार उर्फ मंटु के रूप में की गई है. वहीं, शेष दो नाबालिगों को निरुद्ध किया गया है.

**परेशानी** — गोलगो में बच्चों को आंगनबाड़ी सुविधा का नहीं मिलता कोई लाभ, बरसात में टापू बन जाता है गांव

# सड़क नहीं होने के कारण बीच में ही पढ़ाई छोड़ रहीं बेटियां

**योगेंद्र पंडित। कोडरमा**

**इसी नदी को पार कर स्कूल जाते हैं बच्चे**



**विकास की आस**

- आज तक डोमचांच मुख्य पथ से जुड़ नहीं पाया गांव
- मंजूरी के बाद भी पुल नहीं बनने से ग्रामीणों में निराशा

डोमचांच प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सवा सौ आबादी वाली मधुवन पंचायत में सड़क नहीं होने से बेटियां बीच में ही पढ़ाई छोड़ रही हैं. यहां का सुदूरवर्ती ग्राम गोलगो आज तक डोमचांच मुख्य पथ से जुड़ नहीं पाया है. सड़क नहीं होने के कारण बरसात के दिनों यह गांव टापू बन जाता है. वहीं नदी पर पुल नहीं होने से कई दिनों तक बच्चों का विद्यालय आना-जाना भी बंद हो जाता है.

गांव के ललन सिंह बताते हैं कि कुछ दिनों पहले ऐसी सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्रामीणों और मुखिया के प्रयास से नदी पर पुल बनाने की मंजूरी मिल चुकी है. लेकिन, अब तक काम शुरू नहीं होने से यहां के लोग हताश एवं निराश हैं. वहीं गांव की देवंती देवी ने बताया कि गोलगो गांव की गर्भवती, धात्री माताओं और नौनिहालों को बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी का लाभ नहीं मिलता है. उन्होंने कहा कि ग्रामीण कई वर्षों से गांव में आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक सकारात्मक पहल नहीं हुई है. वहीं सड़क नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में प्रसव के लिए महिलाओं को बहुत मुश्किल से अस्पताल पहुंचाया जाता है.

### स्कूल से लेकर अस्पताल जाने तक में परेशानी

ग्रामीण रूबी देवी बताती हैं कि गांव में सिर्फ पांचवी तक पढ़ाई होती है. आगे की पढ़ाई के लिए पांच किमी दूर बच्चों को जंगल के रास्ते नदी पार कर जाना पड़ता है. वहीं नदी पर पुल नहीं होने से बरसात में बच्चे विद्यालय ही नहीं जा पाते हैं. बुनियादी सुविधाओं के अभाव में इस साल सरस्वती कुमारी, रेनू कुमारी और सुविस्ता कुमारी की पांचवीं क्लास के बाद आगे की पढ़ाई छूट गई. इन बच्चियों का कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन हेतु आवेदन भी किया था, लेकिन इनका दाखिला नहीं हो पाया.

### केंद्रीय मंत्री व डीसी से लगाएंगे गुहार

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क और आंगनबाड़ी केंद्र की मांग को लेकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात करेंगे. इसे लेकर ग्राम स्तरीय बैठक हुई. मौके पर देवंती देवी, नन्हकी देवी, रूबी देवी, बिंडली देवी, नीरिया देवी, रवि सिंह, दिलीप यादव, ललन सिंह, शंकर सिंह, अरुण सिंह, आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ कार्यकर्ता राहुल कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण थे.


नोटरी पब्लिक गढ़वा

**शपथ पत्र**

मैं शम्भू प्रसाद गुप्ता पिता सीताराम साव, उम्र करीब 47 वर्ष निवासी ग्राम भौंरी, पो. गोदरमाना, थाना – रंका, जिला– गढ़वा, राज्य– झारखंड शपथ पूर्वक निम्नांकित बयान करता हूं कि :–

1. यह कि मेरा आधार कार्ड सं. 818944458339 में मेरा नाम शम्भू प्रसाद गुप्ता SHAMBHU PRASAD GUPTA अंकित है, जो सही एवं सत्य है।।
2. यह कि SHAMBHU PRASAD GUPTA एवं SHAMBHU PRASAD GUPTHA दोनों अंग्रेजी स्पेलिंग नाम मेरा ही है।।
3. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने दोनों अंग्रेजी स्पेलिंग नाम मेरा ही है। इसी के प्रमाण में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा, जो सही एवं सत्य है।

शपथ पत्र संख्या 12/26.12.23

### ब्रीफ खबरें

### सड़क दुर्घटना में हुई स्कूटी सवार की मौत

**बोकारो।** जिले के चास स्थित गुरुद्वारा के समीप पेट्रोल पंप के पास एक टैंकर के चपेट में आने से स्कूटी सवार सुधीर कुमार नामक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार सुधीर सेक्टर 9 का निवासी है. फिलहाल उसका परिवार सोलागिडीह में ही रहता है. सुबह वह अपनी स्कूटी पर सवार होकर बाजार जा रहा था. इसी बीच गुरुद्वारा के सामने पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार से जा रहे एक टैंकर के चपेट में आ गए. जिससे उसकी मौत हो गई.

### एसपी के नेतृत्व में जेल में हुई छापेमारी

**गुमला।** जिला के मंडल कारा में एसपी और डीडीसी के नेतृत्व में छापेमारी की गयी. छापेमारी अभियान मंगलवार को शुरू हुआ. इस दौरान अधिकारियों की टीमों ने अलग-अलग सेलों की तलाशी ली. हालांकि इस दौरान जेल से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं की गयी. सभी कैदी वार्डों का भी निरीक्षण किया गया. इस छापेमारी से जेल में बंद कैदी और जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया. जेल में सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने के बाद कैदियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है.

### सीआरपीएफ जवान ने खुद को मारी गोली

**बेरमो।** बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित झुमरा पहाड़ के निकट सीआरपीएफ के रहावन कैंप में तैनात 26वीं बटालियन के जवान रमाबाबू राय (40 वर्ष) ने अपनी ही राइफल से गोली चलाकर आत्महत्या कर ली. रहावन ओपी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि सुबह करीब 8:30 बजे सीआरपीएफ कैंप में जवान रामबाबू राय ने अपनी राइफल से गोली चला ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. ओपी प्रभारी ने रहावन कैंप पहुंचकर घटना की जानकारी ली.

### टाटा पिगमेंट गेट के पास मिला अज्ञात शव

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के जुगसलाई थाना अंतर्गत टाटा पिगमेंट गेट के पास मंगलवार सुबह एक 60 वर्षीय वृद्ध का शव पाया गया. स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी. इधर, सूचना पाकर जुगसलाई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मिली जानकारी के अनुसार मृतक इलाके में घूम-घूमकर जीवन यापन करता था. वह लोगों से भीख मांगकर गुजारा करता था और रात को पिगमेंट गेट के पास ही सोया करता था.

### वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

**बहरागोड़ा।** बरसोल थाना क्षेत्र के एनएच 49 पर जगन्नाथपुर चौक के समीप कोसताड़ूया गांव निवासी निताई बाला दास (54) सड़क पार करते वक्त अज्ञात वाहन के चपेट में आ जाने से बुरी तरह घायल हो गई. जिसे स्थानीय लोगों की सहायता से हाईवे पेट्रोलिंग वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया. जहां चिकित्सकों के द्वारा जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया गया. मृत महिला सुबह अपने घर से निकाल कर अपने बहन का घर जा रही थी.

### बड़ाजामदा से बोलेरो की चोरी, शिकायत दर्ज

**किरीबुरु।** बड़ाजामदा के भट्ठीसाई ब्रुज निवासी सतीश चन्द्र पासवान की बोलेरो (जेएच06सी-9017) वाहन अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली. इस संबंध में सतीश ने बड़ाजामदा ओपी में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि 25 दिसम्बर की शाम वे अपनी बोलेरो कार घर के सामने खडी किए थे. रात 11 बजे से सुबह छः बजे के बीच इस घटना को चोरों ने अंजाम दिया. काफी खोजबीन के बाद भी बोलेरो का कहीं अता पता नहीं चला.

### बहरागोड़ा में दो ट्रकों की भिड़ंत, एक की मौत

**बहरागोड़ा।** बरसोल थाना क्षेत्र के फॉरेस्ट गेस्ट हाउस के समीप एनएच 49 पर दोनों ट्रकों में आमने-सामने टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में एक चालक की मौत हो गई. दूसरे ट्रक के चालक तथा सह चालक घायल हो गए. जानकारी के मुताबिक ट्रक (डब्ल्यूबी23 डी 3674) पेपर ड्रम लोड करके जमशेदपुर से कोलकाता जा रहा था. उसी समय ट्रक (डब्ल्यूबी 33 सी 4379) धान लोड करके गलत दिशा से पंप पर तेल भरवा कर बहरागोड़ा की ओर आ रहा था. साथ ही नियंत्रण खो जाने से दोनों ट्रक में टक्कर हो गयी.

झारखंड पुलिस मुख्यालय ने लंबित केस के निष्पादन के लिए बनायी है अनुवीक्षण समिति

# लंबित 287 मामले की फाइनल रिपोर्ट जमा करना बाकी

**संवाददाता। रांची**

झारखंड में चार से लंबित 14251 में से सिर्फ 287 मामले में फाइनल रिपोर्ट जमा करना बाकी रह गया है. गौरतलब है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा चार से लंबे समय से लंबित केस के निष्पादन के लिए मार्गदर्शन और अनुवीक्षण समिति बनायी गयी है. इस समिति के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर और उपाध्यक्ष, सीआईडी के आईजी को बनाया गया है. जबकि सभी रेंज के डीआईजी इसके सदस्य हैं. इसको लेकर हर महीने सभी लंबित मामले की समीक्षा की जा रही है. इस दौरान मामले से संबंधित निर्देश भी जा रहे हैं. इससे काफी फायदा हो रहा है. सबसे बड़ा फायदा यह हे कि पुराने लंबित आपराधिक मामलों के निष्पादन में तेजी आयी है. यह सब पुलिस की तत्परता और कार्यशैली में आए बदलाव की वजह से हो रहा है. वैसे पुलिस मुख्यालय लंबित मामलों को लेकर पहले से ही सजग है. विभाग की कोशिश है कि मामलों का और निबटारा हो.

**रिपोर्ट बाकी**

- इस समिति के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद हैं
- अनुवीक्षण समिति के उपाध्यक्ष सीआईडी के आईजी हैं
- अनुवीक्षण समिति में सभी रेंज के डीआईजी सदस्य हैं

**जानें किस जिले में कितने मामले लंबित**

| जिला | मामले | लंबित | जिला | मामले | लंबित |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची | 1499 | 33 | गुमला | 608 | 08 |
| हजारीबाग | 972 | 27 | सराइकेला | 296 | 07 |
| साहिबगंज | 876 | 26 | रामगढ़ | 319 | 07 |
| दुमका | 324 | 25 | लातेहार | 389 | 07 |
| गिरिडीह | 936 | 14 | चाईबासा | 501 | 05 |
| धनबाद | 1025 | 14 | खूंटी | 238 | 05 |
| गढ़वा | 906 | 13 | कोडरमा | 280 | 04 |
| पलामू | 726 | 12 | सिमडेगा | 323 | 04 |
| बोकारो | 763 | 17 | पाकुड | 357 | 03 |
| देवघर | 441 | 12 | जामताड़ा | 200 | 02 |
| चतरा | 450 | 11 | रेल धनबाद | 06 | 01 |
| गोड्डा | 657 | 11 | रेल जमशेदपुर | 03 | 00 |
| जमशेदपुर | 737 | 10 | **कुल** | **14251** | **287** |
| लोहरदगा | 419 | 09 | | | |

**आओ जानें**

**2023 में सड़क दुर्घटना में हुई मौत**

| | | | |
|---|---|---|---|
| लद्दाख | 153 | नागालैंड | 73 |
| जम्मू कश्मीर | 1386 | गुजरात | 22052 |
| हिमाचल प्रदेश | 3003 | मध्यप्रदेश | 40510 |
| पंजाब | 10445 | झारखंड | 7369 |
| उत्तराखंड | 1777 | पश्चिम बंगाल | 15698 |
| हरियाणा | 15492 | मेघालय | 566 |
| दिल्ली | 3185 | मणिपुर | 277 |
| उत्तरप्रदेश | 36521 | मिजोरम | 232 |
| सिक्किम | 233 | त्रिपुरा | 638 |
| अरुणाचल प्रदेश | 391 | दमन | 274 |
| राजस्थान | 23197 | छत्तीसगढ़ | 17525 |
| बिहार | 15405 | ओडिशा | 19663 |
| असम | 4524 | महाराष्ट्र | 58424 |

रेल पुलिस ने किया अंतरराज्यीय बच्चा चोर गिरोह का खुलासा

# बच्चा चोर गिरोह के 6 धराये

**संवाददाता। जमशेदपुर**

टाटानगर स्टेशन से नौ माह की बच्ची अपहरण करने के मामले में रेल पुलिस ने पांच महिला समेत कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में सविता हेंब्रम, रानी कंडियम, मीना देवी, लक्खी देवी, अंजू साव और रंजीत साव शामिल है. पकड़े गए सभी आरोपी सरायकेला के गम्हरिया और जमशेदपुर के बागबेड़ा व आसपास के रहने वाले हैं. इस मामले की जानकारी रेल एसपी ऋषभ झा ने अपने कार्यालय में मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी. हालांकि पुलिस ने अपहृत बच्ची को 19 दिसंबर को ही गम्हरिया के निर्मल पथ में रहने वाली सविता हेंब्रम के पास से बरामद कर लिया था. वैसे घटना को अंजाम देने वाले मीना देवी का पुत्र और उसका सहयोगी अब भी फरार है. पूछताछ में पुलिस को सविता ने बताया था कि एक अनजान महिला द्वारा उसे बच्चा रखने को दिया गया था. परंतु जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की और कॉल डिटेल्स को खंगाला तो मामला कुछ और निकला.

बच्ची के अपहरण मामले में वह खुद भी शामिल थी. उसने अन्य आरोपियों के नाम बताएं जिसके बाद पुलिस ने एक-एक कर सभी को गिरफ्तार कर लिया. इनकी गिरफ्तारी के बाद एक संगठित गिरोह का खुलासा हुआ है जो छोटे बच्चों का अपहरण कर उन्हें बेच देता है. गिरोह के सदस्य बहुत ही प्रोफेशनल तरीके से बच्चों का अपहरण कर लोगों को बच्चे 50 हजार से एक लाख तक में बेचते है. यह लोग ज्यादातर फुटपाथ पर रहने वाले लोगों (गुलगुलिया) के बच्चों को निशाना बनाते हैं. रेल एसपी ऋषभ झा ने बताया कि इस कांड में और भी दो लोग शामिल हैं जो फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है. यह दोनों वहीं है जिन लोगों ने स्टेशन से बच्ची को उठाया था. रेल पुलिस ने सभी को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया.


पुलिस के साथ बच्चा अपहरण मामले के सभी गिरफ्तार आरोपी.

**आरोपी गिरफ्तार**

- कुछ आरोपी सरायकेला के गम्हरिया के रहने वाले हैं
- पुलिस ने बच्ची को 19 दिसंबर को बरामद किया था
- ये लोग गुलगुलिया के बच्चों को निशाना बनाते हैं

### पूरे राज्य में फैला हुआ है बच्चा चोर गिरोह

रेल एसपी ने बताया कि इनके गिरोह में कई लोग शामिल हैं. इनके सदस्य राज्य के अलग-अलग क्षेत्र में सक्रिय है. इनका काम बच्चा चोरी कर उन्हे बेच देना है. इस गिरोह की सबसे खास बात यह है कि यह लोग बच्चा चोरी करने के बाद उसे अपने पास ज्यादा समय नहीं रखते है. गिरोह के सदस्यों के माध्यम से बच्चे का स्थान बदलते रहते है. पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि उन लोगों ने बागबेड़ा और बर्मामाइंस क्षेत्र से पहले भी कई बच्चों की चोरी की है. इस खुलासे के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है और अब यह पता लगाने में जुटी हुई है कि पहले इन लोगों ने और किन-किन घटनाओं को अंजाम दिया है. पूर्व में भी टाटानगर स्टेशन से एक बच्चे की चोरी हुई थी.

### पुलिस ने सविता से बच्ची को बरामद किया

रेल पुलिस ने 19 दिसंबर को गम्हरिया के निर्मल पथ की रहने वाली सविता हेंब्रम के पास से बच्ची को बरामद किया. उसने पूछताछ में पुलिस को ग़ुमराह की कोशिश की. इसके बाद पुलिस अनुसंधान में जुट गई. उसके कॉल डिटेल्स में यह बात सामने आई कि वह रानी कंडियम नामक महिला से बार-बार संपर्क में थी. जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. रानी कंडियम ने पूछताछ में बताया कि वह बच्ची उसे मंजू साव एवं उसके दामाद रंजीत साव ने मीना देवी के सहयोग से दिया था. मीना देवी ने बताया कि उसके पुत्र एवं अन्य एक अभियुक्त द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया. घटना की रात को ही उसे बच्ची मिल गई थी.

### बारहकटा गांव के खेत में मिला महिला का शव

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के पदमपुर पंचायत स्थित बारहकटा गांव के खेत में मंगलवार सुबह एक महिला का शव मिला. बताया जाता है कि मंगलवार को जब कुछ ग्रामीण खेत में काम करने पहुंचे तो महिला का शव देखा. इसके बाद यह खबर सुनकर गांव के ग्रामीण शव के पास पहुंचे और शव की पहचान करने में जुट गए. इसकी सूचना मिलने पर चक्रधरपुर के थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार भी पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचे. आसपास के ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि महिला पास के गांव मोरांगटांड़ की है. संभवतः पगडंडी रास्ते में जाने के दौरान गिरने की वजह व ठंड लगने से महिला की मौत हुई होगी. पुलिस महिला के शव की पहचान करने में जुटी हुई है.

## पुलिस ने छापेमारी कर 75 टन अवैध कोयला किया बरामद


**संवाददाता। झरिया**

जिला प्रशासन के लगातार छापेमारी के बावजूद कोयला का अवैध धंधा रूकने का नाम नहीं ले रहा है. मंगलवार को झरिया पुलिस और सीआईएसएफ ने संयुक्त रूप से बस्ताकोला क्षेत्र के सहाना पहाड़ी व दोबारी में छापामारी कर 75 टन अवैध कोयला बरामद किया. छापेमारी के दौरान कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया.

कोयला तस्कर पुलिस को देखते ही भागने लगे. वहीं अचानक हुए छापेमारी से कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया. जब्त कोयला को पुलिस ने बीसीसीएल एरिया नौ को सपुर्द कर दिया. बता दे की वरीय अधिकारियों के सख्त निर्देश के बाद पुलिस की सख्ती को देखते हुए झरिया व उसके आसपास के इलाकों में अवैध कोयला तस्करी में लगाम लग गया था. लेकिन पिछले कुछ दिनों से कुछ इलाकों में कोयला तस्कर फिर से सक्रिय हो गए है.



## चास मंडल कारा में डीसी की अगुवाई में की गई छापेमारी



**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो जिले के चास मंडल कारा में मंगलवार दोपहर उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक की अगुवाई में छापेमारी की गई.

इस दौरान चास एसडीओ, सीडीपीओ समेत जिले के कई वरीय अधिकारियों की टीम भी मौजूद रही. इस दौरान लगभग तीन घंटे तक मंडल कारा के अलग अलग वार्डों की तलाशी ली गयी. साथ ही कैदियों से भोजन समेत जेल मैनुअल के अनुसार दिए जा रहे भोजन व अन्य व्यवस्था की भी जानकारी ली गयी. इस दौरान डीसी एवं एसपी ने जेल के अंदर व बाहर सभी तरह की सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा जेल अधिकारियों से ली. इधर जेल में अचानक छापेमारी से सभी कैदी एवं जेल के कर्मी परेशान दिखे. हालांकि छापेमारी में कोई भी आपत्तिजनक समान बरामद नहीं हुआ है.

### बदमाशों ने 6 दुकानों का ताला तोड़ा, दुकानदार भयभीत

**कसमार।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह बाजार में सोमवार की रात बदमाशों ने 6 दुकानों का ताला तोड़ दिया. घटना की जानकारी दुकानदारों को तब हुई जब वे मंगलवार की सुबह अपनी दुकान खोलने पहुंचे. चोरों की इस हरकत से दुकानदारों में भय व्याप्त है. जिन दुकानों का ताला टूटा है उनमें जारंगडीह बाजार सब्जी मार्केट स्थित सुनील प्रसाद व नीरज कुमार की सब्जी दुकान और विशाल मुर्गा दुकान तथा दुर्गा मंडप के पास गुड्डू जेनरल स्टोर, इंदु चटपटा चाउमिन दुकान और ग्लास-पत्तल की दुकान शामिल है. गनीमत है कि सभी दुकानों का सिर्फ ताला टूटा है. दुकान का रखा सामान सही-सलामत है. लेकिन एक ही रात 6 दुकानों का ताला तोड़ने की घटना से दुकानदार दहशत में हैं. दुकानदारों ने आशंका जताई है कि यह नशा का सेवन करने वाले शरारती तत्वों की हरकत है.

## नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के छह आरोपी गिरफ्तार, जेल

**संवाददाता। मनोहरपुर**

आनंदपुर थाना में नाबालिग बच्ची के साथ छह युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने के मामला प्रकाश में आया है. आनंदपुर पुलिस ने सोमवार की रात को छह आरोपी युवकों को उनके घर से गिरफ्तार किया है. वहीं आनंदपुर पुलिस गिरफ्तार सभी युवकों को मंगलवार को जेल भेज दिया.

इस घटना के बावत मिली जानकारी के मुताबिक घटना 21 दिसंबर सुबह 03:30 बजे की है. आनंदपुर थाना क्षेत्र में इन्दमेला का आयोजन किया गया था. पीड़ित बच्ची भी मेला घूमने गई थी. तभी अकेला पाकर उस बच्ची को छह युवकों ने अगवा कर किसी सुनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया. इसकी जानकारी मिलने पर बच्ची के परिजनों ने घटना को लेकर 24 दिसंबर 2023 को आनंदपुर थाना में मामला दर्ज कराया. वहीं आनंदपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार की रात सभी छह आरोपी युवकों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया. सभी आरोपी युवकों को मंगलवार की सुबह जेल भेज दिया गया है.

**हुई कार्रवाई**

- पुलिस ने सोमवार की रात सभी को गिरफ्तार किया
- सभी युवकों को पुलिस ने जेल भेज दिया

### शराब के नशे में पति ने पत्नी को पीटा, मौत

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के पंडरिया पंचायत के घाघरा टोला में बीती रात्रि पति-पत्नी के आपसी विवाद में शराब के नशे में की गई पिटाई से अजीत सिंह की 30 वर्षीया पत्नी सबिता देवी की मौत हो गई. मृतका के पिता उत्तर प्रदेश के विंढमगंज थाना क्षेत्र के फुलवार निवासी रामजनम सिंह ने थाना में आवेदन देकर बताया कि मैंने अपनी पुत्री का विवाह छह माह पूर्व पंडरिया निवासी अजीत सिंह से किया था. शादी के कुछ दिन के बाद से ही अजीत शराब पीकर नशे में मार पीट करता था. 25 दिसम्बर की शाम सबिता के पड़ोसी ने फोन पर बताया कि अजीत सिंह के द्वारा मारपीट किया गया है, जितना जल्दी आ सके आ जाइए. जब 26 दिसम्बर को पहुंचे तो देखे की मेरी पुत्री की मौत हो चुकी थी. खबर मिलते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया.

## मर्डर मामले में मोईन की रिमांड अवधि खत्म

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत जवाहरनगर रोड नंबर 17 में अपराधी सज्जाद उर्फ टांडा और टाइगर मोबाइल जवान रामदेव की हत्या के आरोपी मोईन और जमशेद की रिमांड अवधि मंगलवार को खत्म हो गई. मोईन ने पुलिस के दबाव में आकर जमशेदपुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया था. जबकि जमशेद को पुलिस ने चेपापुल के पास से गिरफ्तार किया था. पुलिस ने दोनों को पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड पर लिया था. इधर, पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को वापस जेल भेज दिया. पूछताछ में मोईन और जमशेद ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि आजादनगर में हुए दानिश की हत्या का बदला लेने के लिए सज्जाद की हत्या की. अगर सज्जाद की हत्या नहीं करते तो सज्जाद उन्हें मार देता.



मामले के आरोपी राजू चौड़ा को भी मानगो पुलिस रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है. राजू चौड़ा को जीआरपी ने गिरफ्तार किया था. पुलिस ने उसे रिमांड पर लेने की अर्जी भी दे दी है. जल्द ही उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी. बता दें कि बीते दिनों अपराधियों ने सरेआम सज्जाद उर्फ टांडा की गोली मारकर हत्या कर दी थी. बदमाशों ने जवान रामदेव को भी गोली मारी थी. इलाज के दौरान रामदेव की भी मौत हो गई थी. घटना स्थल से स्थानीय लोगों ने एक बदमाश को पकड़ लिया था, जबकि राजू चौड़ा को भी गिरफ्तार कर लिया गया था. आरोपी मोइन ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था और जमशेद को पुलिस ने गिरफ्तार किया था. पुलिस ने फरार चल रहे कादिर और असद के घर की कुर्की की थी.

### तीनपहाड़ में टेंट कारोबारी की पुत्र की हुई हत्या

**साहिबगंज।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के नीचे टोला निवासी 24 वर्षीय तुषार मंडल की हत्या सोमवार की रात धारदार हथियार से मारकर कर दी गई. बताया जाता है कि वह राजमहल महाजनटोली में अपने मामा कुमुद रंजन राय के यहां गया था. वहीं शाम छह बजे के करीब मां से बात हुई और कुछ ही देर में घर लौटने की बात कही. लेकिन वह नहीं लौटा. रात आठ बजे के करीब उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया. इसके बाद परिजन उसकी खोज में जुट गए. मंगलवार की सुबह राजमहल थाना क्षेत्र के झमझमिया काली मंदिर से कुछ दूरी पर रेलवे लाइन के किनारे कुछ लोगों ने उसका शव देखा और पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलने पर राजमहल थाने की पुलिस पहुंची और छानबीन शुरू की. मामले के जांच के लिए खोजी कुत्ते लाये गए.

**अभियान** जब भी पुलिस का अभियान चलता है, ये पड़ोसी राज्यों में छिप जाते हैं

# एनआईए को है 27 बड़े नक्सलियों की तलाश

**संवाददाता। रांची**

झारखंड में 27 बड़े नक्सली पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं. ये पूरे राज्य में सक्रिय हैं. इनके विरुद्ध पुलिस लगातार अभियान चलाती रही है. ऐसे में कभी पुलिस नक्सलियों पर हावी होती, तो कभी नक्सली पुलिस पर हावी हो जाते हैं. जब भी बड़े नक्सलियों की सूचना पर पुलिस का अभियान चलता है, ये सरगना पड़ोसी राज्यों में छिप जाते हैं. राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड के 27 माओवादी सरगनाओं को चिह्नित किया है. एनआईए को इनकी तलाश विशेष तौर पर है. ये वही नक्सली हैं, जो झारखंड पुलिस के लिए लगातार चुनौती बने हुए हैं. लेकिन पुलिस काफी सक्रिय है. पुरी चुस्ती के साथ उनके ठिकानों पर पहुंचकर रणनीति के साथ उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है. इससे नक्सलियों के हौसले पस्त हो रहे हैं, वहीं पुलिस के हौसले बुलंद हैं.



**तलाश जारी**

- नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है
- जांच एजेंसी नक्सलियों को चिन्हित कर खोज रही है

### ये हैं प्रदेश के 27 बड़े नक्सली, जिनकी है एनआईए को तलाश

प्रयाग मांझी, पतिराम मांझी, गुरुवा मुंडा, बिरजू गंझु, रामदयाल महतो, अजय महतो, चंचल, शनिचर हेंब्रम, रविंद्र गंझू, छोटू खेरवार, मृत्युंजय भुइयां, मनीष यादव, नागेंद्र यादव, रंथु उरांव, अनिल तुरी, प्रदीप सिंह खेरवार, नेशनल गंझू, कुंदन खेरवार, सौरभ दा, अमित मुंडा, प्रभात मुंडा, गुलशन मुंडा, रवि, अतुल महतो, प्रदीप मंडल, अनम हेस्सा पूर्ति, सचिन मारडी शामिल है.

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**संवाददाता। महुदा**

धनबाद बोकारो मुख्य मार्ग के महुदा बाजार पेट्रोल पम्प के समीप मंगलवार को ट्रैक्टर के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर हो गई . मृतक की पहचान भक्तुडीह निवासी कालीचरण कर्मकार का बड़े पुत्र लालु कर्मकार उम्र 22 वर्ष के रूप में हुई. घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था. मृतक का दो साल पूर्व ही शादी हुआ था. उसका एक छः माह पुत्र है मृतक की मां महुदा थाना में चोकीदार के पद पर कार्यरत है. घटना के संबंध मृतक के परिजन ने बताया कि लालु कर्मकार अपने पल्सर बाइक से अपने मां यशोदा कर्मकार को महुदा थाना ड्युटी में छोड़कर वापस आ रहा था. तभी पेट्रोल पम्प के समीप एक अज्ञात ट्रैक्टर के चपेट में आ गया.

### ट्रक के धक्के से ऑटो सवार महिला की मौत

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के मुरलीपहाड़ी मोड़ के समीप मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे ट्रक के धक्के से ऑटो पर एक महिला की मौत हो गई .जबकी इस सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो है .गिरीडीह जिले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के सूजना निवासी सुकदेव पंडित अपने परिवार वालों के साथ नारायणपुर थाना क्षेत्र के करमदहा स्थित दुखिया बाबा मंदिर पूजा करने पहुंचे थे .जहां से पूजा-अर्चना करने के बाद सभी लोग ऑटो से अपने घर गिरीडीह जिले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के सूचना गांव लौट रहे थे. इसी दौरान नारायणपुर थाना क्षेत्र के मुरलीपहाड़ी मोड़ के समीप रहे एक ट्रक ने ऑटो को धक्का मार दिया.

### पुल के पास संदेहास्पद स्थिति में मिला शव

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के कल्हाबार पंचायत अंतर्गत स्थित तेलखरा-गोलगो ग्रामीण सड़क पर कठजोबरा नाला पुल के समीप मंगलवार की अहले सुबह संदेहास्पद स्थिति में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर थाना ले गयी और पोस्टमार्टम के लिये गिरिडीह भेज दिया. शव की पहचान भरखर पंचायत के घुटियागढ़ा निवासी जोधन महतो (60) पिता स्व टुकु महतो के रुप में हुई है. जानकारी के अनुसार मृतक सोखा का काम करता था. पुलिस ने मृतक के पास से एक मोबाइल फोन बरामद कर जांच में जुट गई है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शाम से जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. प्रमाद न करें. रोजगार में वृद्धि होगी. मेहनत का फल भरपूर प्राप्त होगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. निवेश, यात्रा व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे.

**वृषभ** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. निवेश शुभ रहेगा. नौकरी में कुछ प्रतिकूलता रह सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. अतिथियों का आगमन होगा. उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें.

**मिथुन** परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा पूर्णतः सफल रहेगी. रोजगार में वृद्धि होगी. आय बढ़ेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है. निवेश शुभ रहेगा. नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है. प्रसन्नता रहेगी.

**कर्क** पुराना रोग उभर सकता है. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. अपरिचित व्यक्तियों पर अतिविश्वास न करें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यवसाय ठीक चलेगा. उतार-चढ़ाव बना रहेगा. राहु को शांत करने का प्रयास करें.

**सिंह** यात्रा से लाभ होगा. उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. निवेश शुभ रहेगा. झंझटों में न पड़ें. आपके थोड़े ही प्रयास से भाग्य का साथ मिलेगा. प्रमाद से बचें. लाभ में वृद्धि होगी. घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी.

**कन्या** आर्थिक नीति में परिवर्तन सफल रहेगा, जिसका भविष्य में लाभ मिलेगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है. काम में मन लगेगा. जल्दबाजी से बचें. आय में वृद्धि होगी. भाई-बंधुओं का सहयोग प्राप्त होगा.

**तुला** तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी. कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे. उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. जोखिम लेने का साहस कर पाएंगे. आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं. उच्चाधिकारी के कोपभाजन बन सकते हैं. सावधान रहें.

**वृश्चिक** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें. दूसरों से अपेक्षा न करें. जल्दबाजी से बाधा संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यवसाय ठीक चलेगा. आय-व्यय बराबर रहेगा. अतिविश्वास हानि देगा. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**धनु** मित्र व संबंधियों के सहयोग से लाभ होगा. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. राजकीय काम बनेंगे. प्रसन्नता रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा मनोरंजक रहेगी. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. प्रसन्नता रहेगी. जोखिम न उठाएं.

**मकर** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. यात्रा लाभदायक रहेगी. नौकरी में सामंजस्य बैठाएं. निवेश शुभ रहेगा. भ्रम की स्थिति बन सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. अपनों से बिगाड़ न करें. प्रमाद से बचें.

**कुंभ** परीक्षा व प्रतियोगिता में लाभ की स्थिति निर्मित होगी. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. नौकरीपेशा विवेक से कार्य करें. लाभ होगा. बड़ों से मार्गदर्शन लें. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. सामाजिक कार्य में रुचि बढ़ेगी.

**मीन** पुराना रोग उभर सकता है. दूसरों से अपेक्षा दुःख का कारण बनेगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यवसाय ठीक चलेगा. लाभ होगा. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी. सुख में कुछ कमी होगी. योग का सहारा लें.

**शुभारंभ आज : इच्छुक विद्यार्थी कर सकते हैं जनजातीय कल्याण शोध संस्थान की वेबसाइट से या दूरभाष से संपर्क**


# टीआरआई कराएगा संथाली भाषा के लिए सिविल सेवा परीक्षा की निःशुल्क तैयारी

विशेष संवाददाता। रांची

डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान द्वारा अनुसूचित जनजाति समुदाय के युवक- युवतियों के लिए संघ लोक सेवा आयोग एवं समकक्ष प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क ''संताली भाषा कोचिंग'' कराएगा. जिसका शुभारंभ 27 दिसंबर को होगा. संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षा से जुड़ा यह विशेष कोचिंग कार्यक्रम लगभग 4 महीने का है. इसमें अब तक तीस छात्र-छात्राओं ने नामांकन लिया है.

**एसटी संवर्ग के छात्रों को संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलवाना मुख्य उद्देश्य :** इस कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति संवर्ग के छात्रों को संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित 'संताली' भाषा में संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलवाना है. चूंकि संताली भाषा के पाठ्यक्रम की विशिष्टताओं के कारण अन्य भाषा के पाठ्यक्रमों की प्रतियोगियों के लिए ज्यादा अंक प्राप्ति की संभावना है. 8वीं अनुसूची में सम्मिलित संताली भाषा की खासियत यह है कि मुंडारी भाषा परिवार की भाषाएँ बोलने वाले मुंडारी, हो, खड़िया, आसुरी, बिरहोरी, बिरजिया, स्वासी आदि समुदायों के प्रतिभागियों को उनकी मातृभाषा संताली से मिलती-जुलती होने के कारण तैयारी करने में कोई कठिनाई नहीं होगी.

### गैर मुंडारी भाषा परिवार के प्रतिभागियों के लिए भी अलग से अतिरिक्त कक्षाएं संचालित



इस कोचिंग कार्यक्रम में गैर मुंडारी भाषा परिवार के प्रतिभागियों के लिए भी अलग से अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे उन्हें संताली भाषा सीखने में आसानी हो और उसके पाठ्यक्रम की तैयारी से यथाशीघ्र जुड़ सकें. संस्थान में संचालित होने वाली 'संताली भाषा कोचिंग' को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संताली भाषा विभाग की सहायक प्राध्यापिका डुमनी माई मुर्मू एवं डॉ. फ्रांसिस सी .मूर्मू तथा डॉ. सन्तोष मुर्मू आदि व्याख्याताओं द्वारा पाठ्यक्रम की तैयारी की जाएगी.

### पाठ्यक्रम यूपीएससी परीक्षा के अनुरूप तैयार किया गया है

इस प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम विषेष रूप से संघ लोक सेवा आयोग एवं समकक्ष परीक्षा के अनुरूप तैयार किया गया है. जिसमें गद्य, कविता उपन्यास, कहानियां, नाटक एवं जीवनी की पुस्तकें हैं. जैसे होरह सेरेंग- डब्ल्यूजी आर्चर, हो सेरंग, रघुनाथ मुर्मू, सोरोस सेरेंग - बाबूलाल मुर्मू (आदिवासी) उपन्यास - हरमावक एटो - आरन कार्सि्टयर्स (अनुवादक - आरके किस्कू), मनु मति - चंद्र मोहन हांसदा, एटो होरक - डोमन हैंसडैक, ओजॉय गाड़ा ढीक - नथेनियाल मुर्मू, जियोन गाड़ा -रूप चंद्र हांसदा, और जादूमनी बेसरा, मायाजाल - डोमन साहू 'समीर', और पद्मश्री भागवत मुर्मू 'ठाकुर' इत्यादि.

**दो अन्य कोचिंग जनवरी में होगी शुरू**

मालूम संस्थान द्वारा दो और कोचिंग कार्यक्रम जनवरी के द्वितीय सप्ताह से प्रारंभ होगा. उसमें अनुसूचित जनजाति के युवक-युवतियों के लिए राज्य लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए ''नि :शुल्क गैर आवासीय कार्यक्रम'' एवं अति कमजोर जनजातीय समुदाय PVTG) के युवाओं को राज्य की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 'नि :शुल्क आवासीय कोचिंग' शामिल है . इच्छुक छात्र-छात्राएं डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान की वेबसाईट से या दूरभाष से जानकारी ले सकते हैं.

**गौरव : पूर्व मध्य रेलवे जोनल क्षेत्र के पांच मंडलों में सिर्फ धनबाद बना नंबर वन**

# धनबाद रेल मंडल को मिला ओवरऑल एफिशिएंसी शील्ड

**खास बातें**

- डीआरएम समेत अन्य अधिकारी 19 शील्ड लेकर हाजीपुर से लौटे धनबाद
- जीएम और डीआरएम ने कर्मियों व पदाधिकारियों को दी शाबाशी

संवाददाता। धनबाद

पिछले साल की तरह इस बार भी अति विशिष्ठ और विशिष्ठ कार्य के लिए धनबाद रेल मंडल को ईसीआर हाजीपुर जोन के जीएम एके खंडेलवाल ने ओवर ऑल एफिशिएंसी शील्ड प्रदान किया है. पूर्व मध्य रेलवे जोनल क्षेत्र के पांच मंडलों में सिर्फ धनबाद रेल मंडल ने ही नंबर वन का खिताब जीता है. यह अवार्ड हाजीपुर में 24 दिसंबर को रेल सप्ताह समारोह के दौरान जीएम की ओर से दिया गया. तीन अधिकारियों समेत 19 शील्ड लेकर हाजीपुर से डीआरएम केके सिन्हा धनबाद लौटे हैं.

मंगलवार को डीआरएम कार्यालय के सभागार में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एडीआरएम विनीत कुमार ने कहा कि धनबाद रेल मंडल को दूसरी बार ओवर ऑल एफिशिएंसी शील्ड मिला है. दक्षता शील्ड उसी रेल मंडल को मिलता है, जो अन्य रेल मंडलों से हर क्षेत्र में बेहतर कार्य करता है. ट्रांसपोर्टेशन के अलावा कमर्शियल, इंजीनियरिंग, सेक्योरिटी, सेफ्टी समेत अन्य क्षेत्र में मिला है. बरकाकाना के डीटीएम कुमार अंकित समेत लोको पायलट सतीश कुमार चौधरी और सिग्नल विभाग के सीनियर सेक्शन इंजीनियर आनंद कुमार चौरसिया समेत कई विभाग में अति विशिष्ठ व विशिष्ट कार्य को लेकर 19 शील्ड मिला है. डीटीएम, लोको पायलट व इंजीनियर को रेल मंत्रालय अवार्ड मिला है. जीएम और डीआरएम ने पदाधिकारियों व कर्मियों को बेहतर कार्य के लिए शाबाशी दी और उज्जवल भविष्य की कामना की. साथ ही आगे भी इससे बेहतर कार्य करने के लिए हौसला बढ़ाया.



**136 मिलियन टन ढुलाई कर कमाए 17 हजार करोड़**

एडीआरएम विनीत कुमार ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक 136 मिलियन टन ढुलाई कर धनबाद रेल मंडल ने 17 हजार करोड़ रुपये कमाए हैं. भारतीय रेलवे में 74 रेल मंडलों में इतनी कमाई करने वाला कोई रेल मंडल नहीं है. हर साल लक्ष्य से अधिक कमाई करनेवाला रेल मंडल धनबाद ही रहा है. एक साल में 26 हजार करोड़ से अधिक की कमाई करता है. इस बार मार्च तक 26 हजार करोड़ से अधिक कमाई होने की उम्मीद है. पहले बिलासपुर रेल मंडल नंबर वन होता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से धनबाद रेल मंडल काफी आगे निकल गया है. प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एडीआरएम के साथ सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार समेत अन्य पदाधिकारी भी थे.



## एमपीएल के लिए बड़ी उपलब्धि उत्कृष्ट कार्य के लिए मिले अवार्ड

संवाददाता। मैथन/धनबाद

एमपीएल को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए कई अहम पुरस्कारों से नवाजा गया है. एमपीएल के लिए यह बड़ी उपलब्धि है. इससे अधिकारियों एवं कर्मियों में हर्ष है. उल्लेखनीय है कि एमपीएल को आधारभूत संरचना श्रेणी में उम्दा प्रदर्शन के लिए रजत एवं कांस्य पुरस्कार से नवाजा गया है. वहीं सेवा व स्थिरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए चैंपियन अवार्ड से सुशोभित किया गया है. इस उपलब्धि पर एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने खुशी जाहिर करते हुए पूरी टीम को बधाई दी है और सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्टता की यात्रा जारी रखें. उन्होंने कहा है कि हम सभी क्षेत्रों में बेहतर कर रहे हैं. इसी का परिणाम है कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानक पर हम खरे उतर रहे है. यह वाकई बड़ी उपलब्धि है. इस क्रम को जारी रखना है. गत दिनों दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में 'आधारभूत संरचना'के लिए एएसक्यू (अमेरिकन सोसायटी फॉर क्वालिटी) द्वारा आयोजित दक्षिण एशिया टीम उत्कृष्टता पुरस्कार (एसएटीईए) में टर्बाइन प्रथम चरण के दबाव को कम करने और बनाए रखने के लिए सिक्स सिग्मा प्रोजेक्ट के विनिर्माण श्रेणी में उम्दा प्रदर्शन के लिए रजत एवं कास्य पदक दिया गया है. यह पुरस्कार एमपीएल के चीफ ओएण्डएम सुधाकर टंडन ने प्राप्त किया. वहीं हैदराबाद में आयोजित समारोह में सेवा एवं स्थिरता के क्षेत्र में दो चैम्पियन अवार्ड कंफेडरेशन ऑफ इण्डिया इंडस्ट्रीज (सीआइआइ) की ओर से प्रदान किया गया. इस पुरस्कार को एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन के तकनीकी प्रबंधक शेखर मिश्रा ने ग्रहण किया. इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए एमपीएल के अधिकारियों ने बधाई दी है.

## आरजेडी छोड़ कांग्रेस का थामा दामन



**कोडरमा।** जिला कांग्रेस कमेटी के कुशल कार्यशैली से आकर्षित हो कर मरकच्चो प्रखंड के दरदाही पंचायत के पूर्व मुखिया मोहमद जावेद अंसारी ने राष्ट्रीय जनता दल छोडकर सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जयनगर चौक पर कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया. उनकी ऑनलाइन सदस्यता कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान एवं कांग्रेस प्रदेश सचिव नारायण बर्नवाल ने संयुक्त रूप से पार्टी की सदस्यता दिलाई. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव अर्चना सिंह, जिला उपाध्यक्ष राम लखन पासवान, युवा नेता सईद नसीम, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दशरथ, जयनगर प्रखंड अध्यक्ष मिसबाहुद्दीन, मोहम्मद सिराज अंसारी कांग्रेसी शामिल थे.

## झारखंड भवन का उद्घाटन 29 को

**रांची।** हेमंत सरकार के चार साल 29 दिसंबर को पूरे हो रहे हैं. इसी दिन दिल्ली में नवनिर्मित झारखंड भवन का उद्घाटन होगा. बताते चलें कि 108 करोड़ की लागत ने बने इस भवन में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी. पहले तल पर मुख्यमंत्री, स्थानिक आयुक्त, अपर स्थानिक आयुक्त आदि का कार्यालय और एक कन्वेंशन हॉल होगा. इसमें 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी. झारखंड भवन में कुल 72 कमरे होंगे. एक फ्लोर पर मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल के लिए विशेष सुइट होगा। इसके अलावा न्यायाधीश व अन्य अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों के लिए भी दो सुइट बनाये जायेंगे. यह भवन पूरी तरह से बैरियर फ्री होगा. दिव्यांगों को भवन में प्रवेश एवं निकासी में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी. भवन के भूतल में 117 वाहनों के पार्किंग की विशेष व्यवस्था होगी. भवन में एक्सेस कंट्रोल तथा सीसीटीवी की सुविधा भी दी गयी है.

## आउटसोर्सिंग मजदूरों ने केलूडीह में किया अनिश्चितकाल चक्का जाम



संवाददाता। कतरास

बीसीसीएल एरिया तीन के आकाश किनारी कोलियरी के केलूडीह में संचालित एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत मजदूरों ने एचपीसी के अनुसार वेतन भुगतान व बी फॉर्म में कर्मियों का नाम देने की मांग को लेकर एटक के बैनर तले मंगलवार को अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर कंपनी के गेट पर धरना पर बैठ गए. इस दौरान कर्मियों ने कंपनी के सभी वाहनों को परियोजना में खड़ा कर कार्य बाधित कर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. आंदोलन का नेतृत्व कर रहे छोटे लाल यादव सहित मजदूरों ने बताया कि एचपीसी के अनुरूप वेतन व बी फार्म में कर्मियों का नाम जोड़ने को लेकर विधायक ढुल्लू महतो की अगुवाई में कंपनी प्रबंधन से वार्ता कर सहमति बनी थी. वार्ता के तीन महीने बीत जाने के बावजूद भी कंपनी आज तक मजदूरों की मांग को पूरा करने की दिशा में कोई पहल नहीं कर रही है.

प्रबंधन स्थानीय कमेटी का हवाला देकर मजदूरों को आपस में लड़ाकर फूट डालो राज करो की नीति अपना रहा है, जिसके खिलाफ आज हम सभी मजदूरों ने कंपनी का अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया. जब तक मांगें पूरी नही होंगी, तब तक कंपनी का चक्का जाम रहेगा. कंपनी अधिकारी इस संबंध में कुछ बोलने से परहेज करते रहे. मौके पर श्रवन यादव रितिक कुमार विक्रम यादव रोहित महतो रविन्द्र यादव मो आजाद बिष्णु यादव शिवमुनि यादव अनिल सिंह रंजीत पासवान विष्णु दशौधी विनोद यादव आदि मौजूद थे.

## बीबीएमकेयू ने बदली बीएड की परीक्षा तिथि

**धनबाद ।** छात्रों की समस्या को देखते हुए बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) प्रशासन ने 27 और 28 दिसंबर को होने वाली बीएड सेमेस्टर 4 सत्र 2021-23 की परीक्षाओं को कैंसिल कर दिया है. अब 27 दिसंबर को होने वाली परीक्षा 29 दिसंबर और 28 दिसंबर को होने वाली परीक्षा दो जनवरी को ली जाएगी. बीबीएमकेयू के परीक्षा विभाग ने 26 दिसंबर को इस बाबत नोटिफिकेशन जारी कर दिया. बता दें कि 27 और 28 दिसंबर को ही रांची यूनिवर्सिटी में जेनेरिक स्पेशल पेपर की परीक्षा होनी है. रांची विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद बीबीएमकेयू धनबाद में बीएड में नामांकन लेकर पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं की परेशानी बढ़ गई थी. क्योंकि रांची विश्वविद्यालय ने पास आउट विद्यार्थियों के लिए दूसरे जेनरिक पेपर की स्पेशल परीक्षा की तिथि घोषित कर दी थी. छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधिमंडल ने कई बार बीबीएमकेयू पदाधिकारी से मिलकर परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन करने की मांग की थी.

## 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा भारत : अर्जुन

**खास बातें**

- अर्जुन मुंडा को सौंपा गया केंद्रीय कृषि मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार
- भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौका मोड़ पर गर्मजोशी से किया स्वागत

संवाददाता । चांडिल



शहीद अजीत धनंजय महतो की प्रतिमा को नमन करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा.

अनुसूचित जनजाति मामलों के केंद्रीय मंत्री सह कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा मंगलवार को चौका पहुंचे. चौका मोड़ पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गाजे बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया. इसके पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने चौका मोड़ पर स्थापित शहीद अजित-धनंजय महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास की ओर तेजी से अग्रसर है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन पर चलते हुए 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा. उन्होंने कहा जनजातीय मामलों के मंत्री रहते हुए पिछले 9 सालों में उन्होंने विकास की एक रूपरेखा तय की है. जनजातीय समाज विकास की ओर तेजी से अग्रसर है. प्रधानमंत्री ने उन्हें कृषि मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है. देश के किसानों को उनके उपज का लाभ कैसे मिले, किसानों को खेती करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए सरकार काम कर रही है. देश के किसानों को भाजपा सरकार सीधे उसके बैंक खाते में किसान सम्मान निधि दे रही है. फसलों की अच्छी कीमत मिले, बाजार में उन्हें नुकसान न हो इसके लिए कृषि मंत्रालय ने एमएसपी का निर्धारण किया है. उन्होंने इस क्षेत्र के किसानों को एफपीओ का गठन करने का आग्रह किया है, ताकि उनके उपज को क्षेत्र के बाहर अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया जा सके. केंद्रीय मंत्री के स्वागत समारोह में सरायकेला-खरसावां जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष मनोज कुमार महतो, महामंत्री प्रशांत कुमार माईती, चांडिल के उप प्रमुख रामकृष्ण महतो, मंडल अध्यक्ष खगेन चंद्र महतो, भाजपा नेता राजेंद्र सिंह मुंडा, भूषण चंद्र मुर्मू, गंगासागर पाल समेत बड़ी संख्या में नेताओं कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**समारोह** वनवासी कल्याण केंद्र के मुख्यालय में मनाया गया कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस

# वनवासी कल्याण आश्रम जनजातियों के हित में सेवारत : सुखी

**खास बातें**

- 26 दिसंबर 1952 को जसपुर में हुई कल्याण आश्रम की स्थापना
- संस्थापक बाला साहब देशपांडे की जन्म तिथि भी 26 दिसंबर

संवाददाता। रांची



आरोग्य भवन में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में विचार व्यक्त करते वक्ता.

अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के स्थापना दिवस के अवसर पर वनवासी कल्याण केंद्र के मुख्यालय में स्थापना दिवस सोमवार को मनाया गया. इस मौके पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री विनोद उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि ये वनवासी कल्याण आश्रम का 71वां स्थापना दिवस है. आज ही के दिन यानी 26 दिसंबर 1952 में जशपुर में पूज्य बालासाहब देशपांडे के द्वारा वनवासी कल्याण आश्रम की स्थापना की गई थी और आज ही के दिन संस्थापक बालासाहब देशपांडे जी का जन्मदिन भी है. बालासाहब देशपांडे का जन्म और कल्याण आश्रम का स्थापना एक ही तिथि पर होना ईश्वरीय कार्य की पहचान है. वनवासी कल्याण केंद्र के अध्यक्ष डॉ. सुखी उरांव ने कहा कि प्रतिकूल परिस्थिति में कल्याण आश्रम की स्थापना हुई. बालासाहब की प्रेरणा से आज पूरे देश में वनवासी कल्याण आश्रम जनजाति हित में उनकी धर्म-संस्कृति-परम्परा, रीति-रिवाज इत्यादि का संरक्षण करते हुए जनजाति समाज सर्वांगीण विकास के लिए सेवारत है.

वनवासी कल्याण केन्द्र के मार्गदर्शक डॉ. एचपी नारायण ने कहा कि जब हमारा देश आजाद हुआ था तब मध्य क्षेत्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ला कुनकुरी क्षेत्र में स्वागत कार्यक्रम में गए हुए थे. तब वहां उन्हें देश विरोधी तत्वों द्वारा गो-बैक, रवि शुक्ला वापस जाओ और देश विरोधी नारों का सामना करना पड़ा. तब मुख्यमंत्री रविशंकर शुक्ला ने उस बालासाहब देशपांडे के अदम्य साहस को देखकर उस क्षेत्र में काम करने के लिए भेजा. देश विरोधी संगठनों के विरोध के बावजूद बालासाहब ने वहां पर जनजाति समाज के बीच जागरण और सेवा के कार्य करके उस क्षेत्र की दशा बदल दी और उनके अहंकार को चकनाचूर कर निष्प्रभावी कर दिया. इस मौके पर राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री रमेश बाबु, बीरेंद्र सिंह, सज्जन सर्राफ, पवन मंत्री, रिझु कच्छप, देवनंदन सिंह, मेघा उरांव, संदीप उरांव, ओमप्रकाश अग्रवाल, अर्जुन राम, सोमा उरांव, संगीता दत्ता, निरंजन सर्राफ, सुनील सिंह, तुलसी गुप्ता, महेश मुंडा, नरेश मुंडा, देवकी मुंडा, अमित मुंडा, विजय केशरी, रणधीर सिन्हा सहित कई उपस्थित थे.

## झारखंड में टीएमसी का होगा विस्तार, नई कमेटी का गठन शीघ्र

**रांची।** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड प्रदेश के नवनिर्वाचित कार्यकारी अध्यक्ष फिलमोन टोप्पो के अभिनंदन एवं स्वागत समारोह मंगलवार को चेशायर होम रोड बरियातु स्थित कार्यालय में हुआ. इससे पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष फिलमोन टोप्पो पत्रकारों से रुबरू होते हुए कहा कि जिस तरह से पार्टी बेहतर कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि झारखंड में टीएमसी पार्टी को मजबूत करेंगे. इसके लिये जीतोड़ मेतनत की जायेगी. झारखंड के आदिवासी समाज को उनके हक अधिकार दिलाने में तृणमूल कांग्रेस उनके साथ कदम से कदम मिला कर चलेगी. जल्द ही झारखंड की पुरानी कमेटी भंग कर नई कमेटी का गठन कर पंचायत स्तर पर टीएमसी पार्टी का नये सिरे से विस्तार किया जायेगा. इसकी शुरुआत जल्द ही की जायेगी.

## बंधु की आदिवासी एकता रैली पर पूर्व मंत्री धान ने उठाए सवाल

विशेष संवाददाता। रांची



पूर्व मंत्री एवं आदिवासी महासभा के राष्ट्रीय संयोजक देवकुमार धान ने सवाल उठाया है. उन्होंने कहा कि आदिवासियों के जल, जंगल एवं जमीन के मुद्दे को लेकर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की द्वारा 4 फरवरी को आदिवासी एकता महारैली करने की घोषणा कर आदिवासियों को ठगने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि बंधु तिर्की झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं. साथ ही कांग्रेस पार्टी हेमंत सरकार में शामिल हैं. उन्होंने तिर्की से यह पूछा कि यह एकता रैली मूल सरना आदिवासियो की एकता रैली है या धर्मांतरित आदिवासियों की एकता रैली. बंधु तिर्की सत्ता पक्ष में है विपक्ष में नहीं. आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की लूट को रोकने के लिए कांग्रेस पार्टी नाकाम रही है. कांग्रेस पार्टी सत्ता में लगातार शामिल रही है, लेकिन अभी तक पेसा नियमावली नहीं बन पायी है. यदि हेमंत सरकार में कांग्रेस पार्टी आदिवासियों की रक्षा करने में विफ़ल है तो सरकार से कांग्रेस पार्टी समर्थन वापस क्यों नहीं ले लेती है. धान ने कहा कि पहले तो आप यह बताएं कि आप कौन से आदिवासी हैं मूल सरना आदिवासी या धर्मांतरित आदिवासी. आप आदिवासियों के कितने बड़े शुभचिंतक हैं यह सबको पता है.

# लाल सागर में हूती के हमले

इस साल का अवसान समीप है, लेकिन इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध की आंच तेजी से फैलती जा रही है. इस आंच कर असर दुनिया के अनेक दूसरे देशों, जिसमें भारत भी शामिल है, तक पहुंचने लगी है. गाजा में अब तक 22 हजार से ज्यादा मासूम बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग समेत अन्य लोग इजराइली हमले में मौत के शिकार हो चुके हैं. उधर रूस और यूक्रेन की बीच का युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा. मानवता के इतिहास में यह किसी युद्ध अपराध से कम नहीं आंका जा रहा है. बावजूद न तो यूक्रेन और न ही फिलिस्तीन में शांति की पहल सफल हो पायी है. रूस-यूक्रेन युद्ध में यूरोप भयावह आर्थिक तबाही का शिकार हो चुका है. लेकिन भारी जनविरोध के बावजूद अमेरिका गाजा में युद्ध रोकने की दिशा में अपने प्रभाव का इस्तेमाल नहीं कर रहा है. परिणाम यह हो रहा है कि इस युद्ध की लपटों ने पूरे पश्चिम एशिया को झुलसाना शुरू कर दिया है. इस युद्ध में यमन के हूती ने लाल सागर ये गुजरने वाले मालवाहक जहाजों को रोकना प्रारंभ कर दिया है. लाल सागर से दुनिया के 20 प्रतिशत व्यापारी मालवाहक जहाज गुजरते हैं. हूती का कहना है कि जब तक गाजा में इजराइली कार्रवाई नहीं रुकती, उसके हमले जारी रहेंगे. इससे समुद्री परिवहन पर निर्भर विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नया संकट पैदा हो गया है. इस संकट की आंच अब भारत तक पहुंच गई है. भारत आ रहे एक कच्चे तेल के टैंकर पर लाल सागर में ड्रोन से हमले को लेकर अमेरिकी रिपोर्ट के बाद भारतीय नौसेना ने हमले की पुष्टि की है. भारतीय नौसेना ने कहा कि 25 भारतीयों को लेकर जा रहा एक तेल टैंकर लाल सागर में यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा दागे गए ड्रोन की चपेट में आ गया. दो दिन में भारत आ रहे समुद्री मालवाहक जहाज हमले का निशाना बने. पहला हमला हिंद महासागर में हुआ, जिसके साथ पहली बार इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध से बन रहे हालात का विस्तार लाल सागर से बाहर तक देखने को मिला. दूसरा हमला लाल सागर में ही हुआ. हमले किसने किए, इस पर रहस्य बना हुआ है. पहले हमले के लिए अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सीधे ईरान को जिम्मेदार ठहराया है. दूसरे हमले के संबंध में पहले शक यमन के हूती गुट पर गया, लेकिन बाद में हूती ने आरोप लगाया कि भारतीय जहाज एमवी साईं बाबा अमेरिकी फायरिंग का शिकार बना. लाल सागर हूती समूह के हमलों की वजह से जहाजों के आवागमन के लिहाज से लगातार असुरक्षित बना हुआ है. हूती ने एलान कर रखा है कि जिस किसी जहाज का इजराइल से किसी प्रकार का संबंध होगा, उसे वह निशाना बनाएगा. अपनी इस चेतावनी पर उसने अमल भी किया है. नतीजा है कि बहुत सी जहाजरानी कंपनियों ने अपने मालवाही जहाजों के रूट बदल दिए हैं. हूती को ईरान का समर्थन है. जाहिर है कि पश्चिमी देश यदि इसमें सैन्य दखल देंगे तो इसका परिणाम पश्चिम एशिया में युद्ध के विस्तार के रूप में हो सकता है.

> इस संकट की आंच अब भारत तक पहुंच गई है. भारत आ रहे एक कच्चे तेल के टैंकर पर लाल सागर में ड्रोन से हमले को लेकर अमेरिकी रिपोर्ट के बाद भारतीय नौसेना ने हमले की पुष्टि की है.

## सुभाषित

**मध्विव मन्यते बालो यावत् पापं न पच्यते।**
**यदा च पच्यते पापं दुःखं चाथ निगच्छति।।**

जब तक पाप संपूर्ण रूप से फलित नहीं होता, तब तक वह पाप कर्म मधुर लगता है. परन्तु पूर्णतः फलित होने के पश्चात् मनुष्य को उसके कटु परिणाम सहन करने ही पडते हैं. आशय यह कि पाप कर्म के परिणाम से कोई बच नहीं सकता. उसका भोग करना ही पड़ता है.

# क्या आप इस संसद को पहचानते हैं

**60 के दशक से पहले अध्यक्ष की अपील व झिड़की काफी होती थी कि संसद के कामकाज में बाधा डालने वाला रास्ते पर आ जाता था. 60 के दशक में विपक्ष ने भी अपने अधिकारों की मांग शुरू की. उसका स्वर तीखा होता गया. 70 के दशक में कांग्रेस ने इंदिरा गांधी की मनमानी के सामने गूंगे रह कर विपक्ष को संसद से बाहर कर दिया था. लेकिन वह आपातकाल का संदर्भ था. जब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी, तब उसने संसद को अंटकाने को हथियार की तरह बरतना शुरू किया.**



• देश-काल



कुमार प्रशांत

कांग्रेसमुक्त भारत बनाने की बदहवास होड़ को यही रास्ता पकड़ना था. देश भी तेजी से कांग्रेसमुक्त हो रहा है; संसद भी विपक्ष मुक्त हो गई है. संविधान में ऐसी मुक्ति की कोई कल्पना नहीं है. वहां तो संसदीय लोकतंत्र का आधार ही पक्ष-विपक्ष दोनों है. विपक्ष अपने कारणों से चुनाव न जीत सके तो वह जाने लेकिन जो और जितने जीत कर संसद में पहुंचे हैं, उन्हें पूरे अधिकार व सम्मान के साथ संसद में रखना सत्तापक्ष का लोकतांत्रिक दायित्व है. लोकसभा का अध्यक्ष इसी काम के लिए रखा जाता है कि वह संसदीय प्रणाली व सांसदों की गरिमा का रक्षक बन कर रहेगा. लेकिन हम यह नया भारत देख रहे हैं. इसमें भारत कहां है, यह भी खोजना पड़ता है. इस नये भारत की संसद में विपक्ष कहां है, यह भी खोजना पड़ता है. एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में हम अपने अस्तित्व की ऐसी शानदार जगह पर आ पहुंचे हैं, जहां से वह हर कुछ खोजना पड़ रहा है, जिसकी दावेदारी तो बहुत हो रही है, लेकिन दिखाई कुछ भी नहीं देता है. ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि विपक्ष ने संसद चलने में इतनी बाधा पैदा की कि उन्हें दंडित करना पड़ा. 60 के दशक से पहले अध्यक्ष की अपील व झिड़की काफी होती थी कि संसद के कामकाज में बाधा डालने वाला रास्ते पर आ जाता था. 60 के दशक में विपक्ष ने भी अपने अधिकारों की मांग शुरू की. उसका स्वर तीखा होता गया. 70 के दशक में कांग्रेस ने इंदिरा गांधी की मनमानी के सामने गूंगे रह कर विपक्ष को संसद से बाहर कर दिया था. लेकिन वह आपातकाल का संदर्भ था. जब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी, तब उसने संसद को अंटकाने को हथियार की तरह बरतना शुरू किया. संसद की ऐसी-तैसी करते हुए भाजपा के अरुण जेटली व सुषमा स्वराज्य ने ऐसे बर्ताव को विपक्ष का जायज हथियार बताया था. उस वक्त के अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने संसद को बंधक रखने जैसी प्रवृत्ति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया था. लेकिन जब आप फिसलन पर पांव धरते हैं तब गिरावट आपके काबू में नहीं रहती है.

2014 के बाद से संसद का सामान्य शील भी खत्म हो गया और इस बार इसे विपक्ष ने नहीं, सत्तापक्ष ने खत्म किया. सबसे पहले तो प्रधानमंत्री ने घोषणा कर दी है कि हमारा विपक्ष देशद्रोही, राष्ट्रीय एकता का दुश्मन, भ्रष्टाचारी तथा विभाजनकारी ताकतों का सफरमैना है. विपक्ष के लिए जवाहरलाल से मनमोहन सिंह तक किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं कहा था. अपार बहुमत से सरकार बनाए प्रधानमंत्री को विपक्ष को ऐसा कहने की जरूरत क्यों पड़ी? इसलिए कि वे भयग्रस्त मानसिकता से घिरे थे, घिरे हैं. उन्हें पता है कि यह जो सत्ता हाथ आई है, उसके पीछे आत्मबल नहीं, तिकड़में हैं. तिकड़म का चरित्र ही यह है कि वह कब छल कर जाए, आपको पता भी नहीं चले. इसलिए रणनीति यह बनती है कि हर विपक्ष व हर असहमति को इतना गिरा दो, पतित कर दो कि उसके उठने की संभावना ही न बचे. विपक्ष, संवैधानिक संस्थाओं, स्वतंत्र जनमत, मीडिया, राज्य सरकारों आदि का ऐसा श्रीहीन अस्तित्व पहले कभी नहीं था. विपक्ष, जिसने 60-65 सालों तक देश चलाया है, अगर देशद्रोही, भारत का दुश्मन, विभाजनकारी ताकतों का सफरमैना तथा भ्रष्टाचारियों का सरदार होता तो क्या आपको वैसा देश मिलता जैसा मिला? आप चुनाव जीत सके, प्रधानमंत्री बन सके, यही इस बात का प्रमाण है कि विपक्ष पर लगाए आपके आरोप बेबुनियाद हैं. विपक्ष दूध का धुला है, ऐसा कोई नहीं कहेगा, लेकिन आपका दूध शुद्ध है, ऐसा भी तो कोई नहीं कहता है.

आप यह जरूर कह सकते हैं कि आजादी के बाद से अब तक विपक्ष ने जैसी सरकार चलाई, जैसा समाज बनाया उससे भिन्न व बेहतर सरकार व समाज हम बनाएंगे. आपको यह कहने का अधिकार भी है और उसका आधार भी है, क्योंकि आपने सारे देश में एकदम भिन्न एक विमर्श खड़ा कर अपने लिए चुनावी सफलता अर्जित की है. लेकिन देश आजाद ही 2014 में हुआ, ऐसा विमर्श बनाना व सत्ता की शक्ति से उसे व्यापक प्रचार दिलाना दूसरा कुछ भी हो, स्वस्थ लोकतंत्र की जड़ में मट्ठा डालने से कम नहीं है. अब यह राजनीतिक शैली दूसरे भी सीख चुके हैं. वे भी इतनी ही कटुता से स्तरहीन विमर्श को बढ़ावा दे रहे हैं. लोकतंत्र में सार्वजनिक विमर्श का सुर व स्तर सत्तापक्ष निर्धारित करता है, विपक्ष उसका अनुसरण करता है. संसद जिस स्तर तक गिरती है, देश का सार्वजनिक विमर्श भी उतना ही गिरता है. संसद के दोनों सदनों में अध्यक्ष का पहला व अंतिम दायित्व एक ही है : सदस्यों का विश्वास हासिल करना तथा सदस्यों का संवैधानिक संरक्षण करना है. प्रत्यक्ष या परोक्ष पक्षपात आपकी नैतिक पकड़ कमजोर करता जाता है. 2014 से यह लगातार जारी है. यह सच छिप नहीं सकता है कि विपक्ष संख्याबल में कमजोर है, जिसे आप बराबरी का अधिकार और अवसर न दे कर लगातार कमजोर करते जा रहे हैं. आपके ऐसे रवैये से विपक्ष का जो हो सो हो, सदन लगातार खोखला होता जा रहा है. वहां व्यक्तिपूजा, नारेबाजी, जुमलेबाजी तथा तथ्यहीनता का गुबार गहराता जा रहा है. ऐसी संसद न तो सदन के भीतर और न बाहर लोकतंत्र को मजबूत व समृद्ध कर सकती है. संविधान इस बारे में गूंगा नहीं है भले हम उसकी तरफ से मुंह फेर कर, निरक्षर व सूरदास बन गए हैं. संविधान के सामने सर झुकाना व संविधान का गला काटना इतिहास में कई बार हुआ है. 18 दिसंबर 2023 एक ऐतिहासिक दिन बन गया है. इस दिन से एक सिलसिला शुरू हुआ है जो अब तक कोई 150 सांसदों को दोनों सदन से बाहर निकाल चुका है. ये सारे निलंबन अनुशासन के नाम पर किए गए हैं. अचानक इतने सारे अनुशासनहीन सांसद कहां से आ गए? पहले से सब ऐसे ही थे तो अब तक सदन चल कैसे रहा था? पहले से नहीं थे तो इन्हें अनुशासनहीन बनाने की स्थिति किसने पैदा की?

## • बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



### विनम्रता

विनम्रता आपके आंतरिक प्रेम की शक्ति से आती है. दूसरों को सहयोग व सहायता का भाव ही आपको विनम्र बनाता है. यह कहना गलत है कि यदि आप विनम्र बनेंगे तो दूसरे आपका अनुचित लाभ उठाएंगे. जबकि यथार्थ स्वरूप में विनम्रता आपमें गज़ब का धैर्य पैदा करती है. आपमे सोचने समझने की क्षमता का विकास करती है. विनम्र व्यक्तित्व का एक प्रचंड आभामंडल होता है. धूर्तो के मनोबल उस आभा से स्वयं परास्त हो जाते है. उल्टे जो विमम्र नहीं होते वे आसानी से प्रभावित हो जाते है क्योंकि धूर्त को तो मात्र मीठी बातों से उसका अहं सहलाना भर होता है. अहंकार यहाँ परास्त हो जाता है. किन्तु जहाँ विनम्रता होती है वहाँ तो सत्य की अथाह शक्ति भी होती है, जो मनोबल प्रदान करती है. विनम्रता के प्रति समर्पित आस्था जरूरी है. मात्र दिखावे की विनम्रता असफ़ल ही होती है. 'पहले विन्नमता से निवेदन करूंगा यदि काम न हुआ तो भृकुटि टेढी करूंगा' यह चतुरता विनम्रता के प्रति अनास्था है, छिपा हुआ अहं भी है. कार्य पूर्व ही अविश्वास व अहं का मिश्रण असफलता ही न्योतता है. सम्यक् विनम्र व्यक्ति, विनम्रता को झुकने के भावार्थ में नहीं लेता. सच्चाई उसका पथप्रदर्शन करती है. निश्छलता उसे दृढ व्यक्तित्व प्रदान करती है. अहंकार आपसे दूसरों की आलोचना करवाता है. वह आपको आलोचना-प्रतिआलोचना के एक प्रतिशोध जाल में फंसाता है. अहंकार आपकी बुद्धि को कुंठित कर देता है. आपके जिम्मेदार व्यक्तित्व को संदेहयुक्त बना देता है. अहंकारी दूसरों की मुश्किलों के लिए उन्हें ही जिम्मेवार कहता है और उनकी गलतियों पर हंसता है. अपनी मुश्किलों के लिए सदैव दूसरों को जवाबदार ठहराता है और लोगों से द्वेष रखता है. विनम्रता हृदय को विशाल, स्वच्छ और ईमानदार बनाती है. यह आपको सहज सम्बंध स्थापित करने के योग्य बनाती है. विनम्रता न केवल दूसरों का दिल जीतने में कामयाब होती है अपितु आपको अपना ही दिल जीतने के योग्य बना देती है. आपके आत्म-गौरव और आत्म-बल में उर्जा का अनवरत संचार करती है. आपकी भावनाओं के द्वन्द समाप्त हो जाते है, साथ ही व्याकुलता और कठिनाइयां स्वतः दूर होती चली जाती है.

# अमेरिका में बढ़ रही हैं ट्रंप की मुसीबतें

• देशांतर

पुष्परंजन

सिटीजन्स फॉर रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड एथिक्स इन वाशिंगटन (संक्षेप में इसे क्रू बोलते हैं) एक कानूनी वकालत समूह है, जिसका रिमोट कंट्रोल चुनावी रणनीतिकार डेविड ब्रूक के हाथों में है. यह समूह स्वयं को पक्षपात रहित होने का दावा करता रहा है. ये सिटीजन्स फॉर रिस्पॉन्सिबिलिटी के लोग ही थे, जिन्होंने कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के ज़रिये डोनाल्ड ट्रंप को उस राज्य में राष्ट्रपति के रूप में चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करवाया है. ट्रंप के ख़िलाफ़ मुकदमेबाजी में 'सीआरईडब्ल्यू' के रणनीतिकार रेस के घोड़े की तरह आगे-आगे दिखते रहे हैं. लेकिन फॉक्स न्यूज़ ने ख़बर ब्रेक की है कि डेविड ब्रॉक ने 2017 में जो बाइडेन के लिए लॉबिंग की थी. अर्थात्, 'क्रू' निष्पक्ष नहीं है. वर्ष 2017 से 2021 के बीच सिटीजन्स फॉर रिस्पॉन्सिबिलिटी के दो प्रमुख दिग्गजों जार्ज सोरेस और डेविड ब्रूक ने 2.85 मिलियन डॉलर का इंतज़ाम जो बाइडेन विक्टरी फंड के लिए किया था. यदि फॉक्स न्यूज की ब्रेकिंग स्टोरी सही है, तो मानकर चलिये कि ट्रंप के ख़िलाफ़ कोलोराडो कोर्ट के फैसले में बहुत सारे झोल हैं, और उसे निष्पक्ष नहीं कहा जा सकता. जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय के पूर्व काउंसिल जनरल बेथ नोलन, जिन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के वकील के रूप में भी काम किया था, 'क्रू' बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के अध्यक्ष की भूमिका में रहे हैं. संघीय चुनाव आयोग के रिकॉर्ड के अनुसार, नोलन ने 2020 में जो बाइडेन विजय अभियान के लिए 2,800 डॉलर और जो बाइडेन विक्टरी फंड के लिए 3,000 डॉलर भेजे थे. नोलन के अलावा, क्रू के उपाध्यक्ष, वेन जॉर्डन ने 2020 में जो बाइडेन विक्ट्री फंड में 300,000 डॉलर का ट्रांसफर कराया था. जॉर्डन ने डेमोक्रेट मेगाडोनर क्विन डेलाने से शादी की है, जिन्होंने पिछले चुनाव के दौरान जो बाइडेन विजय निधि में 650,000 डॉलर जोड़े थे. कोलोराडो अमेरिका के मध्य-पश्चिम में अवस्थित राज्य है. क्षेत्रफल की दृष्टि से यह अमेरिका का 8वां और जनसंख्या के आधार पर 22वां सबसे बड़ा राज्य है. 20 दिसंबर, 2023 को कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट (इसे हाईकोर्ट समझा जाए) ने डोनाल्ड ट्रंप को अपने राज्य में चुनाव के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है. कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने उस जिला अदालत के फैसले को पलटा है, जिसमें कहा गया था कि ट्रंप ने 6 जनवरी, 2021 को कैपिटल हिल पर दंगे-फसाद में उपद्रवियों को हमले के लिए उकसाया था, लेकिन उन्हें राष्ट्रपति चुनाव से बाहर नहीं किया जा सकता. ज़िला अदालत ने अपने फैसले में कहा था, 'यह स्पष्ट नहीं है कि कानूनी प्रावधान राष्ट्रपति चुनाव पर लागू होते हैं या नहीं, इसलिए ट्रंप को संदेह का लाभ दिया जा सकता है.'सवाल है, कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के फैसले से क्या ट्रंप अमेरिकी चुनाव से बाहर हो जाएंगे? अधिकारियों का कहना है कि 5 जनवरी, 2024 तक इस मामले पर देश की सर्वोच्च अदालत 'फेडरल सुप्रीम कोर्ट' का फैसला आना जरूरी है, क्योंकि राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्राइमरी बैलट छापने की वह अंतिम तारीख है. कोलोराडो कोर्ट के इस अहम फैसले का मतलब यह होता है कि ट्रंप केवल कोलोराडो राज्य में राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार नहीं हो सकते. कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के आदेश से राज्य के प्राइमरी बैलट से ट्रंप का नाम हटा दिया है. ऐसा पहली बार हुआ कि अमेरिकी संविधान में हुए 14वें संशोधन की धारा 3 के तहत किसी राष्ट्रपति उम्मीदवार को अयोग्य करार किया गया है. कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट में सात जजों की बेंच में तीन जजों ने इस निर्णय पर असहमति जताई, लेकिन चार के बहुमत से यह अहम फैसला हुआ था. कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, 'अदालत ने बहुमत से यह पाया है कि 14वें संशोधन की धारा 3 के तहत ट्रंप राष्ट्रपति कार्यालय के लिए अयोग्य हैं.' कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के जजों ने टिप्पणी की कि हमें कानून के प्रति अपनी जिम्मेदारी का भी अहसास है. जनता की प्रतिक्रिया से प्रभावित हुए बिना, किसी डर या पक्षपात के बग़ैर हम इस फैसले पर पहुंचे हैं.लेकिन इससे अलग ट्रंप की पार्टी ने अपने ईमेल में कोर्ट के फैसले की आलोचना की है. मेल में इसे 'निरंकुश निर्णय' बताया गया. कोलोराडो कोर्ट का फैसला आने के बाद मंगलवार को ट्रंप ने एक रैली को संबोधित किया था. लेकिन आयोवा प्रांत के वॉटरलू में हुई रैली में उन्होंने फैसले का कोई जिक्र नहीं किया था. एक बात और, 2020 में जब राष्ट्रपति चुनाव हुए थे, तो कोलोराडो में ट्रंप की 13 फीसदी मतों से हार हुई थी.

> वर्ष 2017 से 2021 के बीच सिटीजन्स फॉर रिस्पॉन्सिबिलिटी के दो प्रमुख दिग्गजों जार्ज सोरेस और डेविड ब्रूक ने 2.85 मिलियन डॉलर का इंतज़ाम जो बाइडेन विक्टरी फंड के लिए किया था. यदि फॉक्स न्यूज की ब्रेकिंग स्टोरी सही है, तो मानकर चलिये कि ट्रंप के ख़िलाफ़ कोलोराडो कोर्ट के फैसले में बहुत सारे झोल हैं, और उसे निष्पक्ष नहीं कहा जा सकता.

# क्या गुलामी की मानसिकता से मिलेगी मुक्ति

• सामयिकी

प्रमोद भार्गव

अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे औपनिवेशिक कानूनों से आखिरकार जनता को मुक्ति मिल गई. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुलामी के प्रतीक माने जाने वाले तीन प्रमुख कानूनों में आमूल-चूल बदलाव के विधेयक लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित करा लिए. इनमें परिवर्तन की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी, क्योंकि फिरंगी हुकूमत के समय वजूद में आये ये कानून स्वतंत्रता सेनानियों को अधिकतम दंड देने की मानसिकता से बनाए गए थे. जबकि कोई भी विधि सम्मत प्रक्रिया दंड की अपेक्षा न्याय के सरोकारों से जुड़ी होनी चाहिए. शाह ने इन विधेयकों पर संसद में चर्चा करते कहा कि इन कानूनों के लागू होने के बाद दुनिया में सर्वाधिक आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी, क्योंकि अब इनकी आत्मा में भारतीयता निहित कर दी है. उन्होंने अंग्रेजों के और अब के कानून में फर्क बताते हुए कहा कि अंग्रेजों के जमानों में बने कानून का उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के हितों की रक्षा करना था. इसलिए इसमें दंड को मूल में रखा गया था, किंतु अब न्याय पर जोर होगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से दिए संबोधन में पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना था. कानून संबंधी पारित विधेयक उसी परिप्रेक्ष्य में हैं. इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा. ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं. अब नए कानून में नाबालिग से दुष्कर्म और मॉब लिंचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी. राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया जा रहा है. कुछ प्रचलित धाराओं की संख्या भी बदली गई है. जैसे धोखाधड़ी 420 धारा के अंतर्गत थी, इसे अब धारा 316 के रूप में जाना जाएगा. बलात्कार की धारा 376 को 63 में बदला जाएगा. प्रमुख रूप से अंग्रेजी राज का पर्याय बने तीन मूलभूत कानूनों में आमूल-चूल परिवर्तन किए गए हैं. साल 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा. कुल 313 धाराएं बदली गई हैं. इनमें चार धाराएं सबसे ज्यादा असरकारी साबित होंगी. एक, राजद्रोह कानून से 'राजद्रोह' शब्द विलोपित कर दिया जाएगा. नए प्रारूप में धारा 150 के तहत आरोपी को सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है. दो, मॉब लिंचिंग यानी उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या और हिंसा के लिए अलग से सजा का प्रावधान किया गया है. इसे पंथ निरपेक्ष रखा गया है. क्योंकि कभी-कभी चोर को भी भीड़ मार देती है. कई क्षेत्रों में महिलाओं को डायन बताकर समूह मार देता है. इन हत्याओं पर अब मॉब लिंचिंग कानून लागू होगा. तीन, नाबालिग से दुष्कर्म या पहचान छिपाकर किए गए दुष्कर्म के आरोप में 20 साल का कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है. विरोध नहीं करने के अर्थ का आशय सहमति नहीं निकाला जाएगा. मौजूदा स्थिति में नाबालिग से दुष्कर्म पर न्यूनतम सजा में सात साल की व्यवस्था है. इसी तरह राज्यों को अब असली पहचान छिपाकर संबंध बनाने वाले अपराधियों के लिए 'लव जिहाद' जैसा पृथक कानून बनाने की जरूरत नहीं. प्रस्तावित कानून में गलत पहचान बताकर नौकरी, पदोन्नति और अन्य प्रलोभन दिलाने के झूठे वादे कर दुष्कर्म के अंजाम को सजा के दायरे में लाया गया है. चौथा, छोटे-मोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा का क्रांतिकारी प्रावधान किया गया है. सबसे बड़ा परिवर्तन 1860 में अस्तित्व में आए औपनिवेशिक कानून 'राजद्रोह' में किया गया है. इसके औचित्य पर लगातार संसद में व बाहर भी सवाल उठते रहे हैं. संप्रग सरकार के दौरान 2012 में राज्यसभा में प्रस्तुत निजी विधेयक में सांसद डी राजा ने कहा था कि 'स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के दमन और उन पर अत्याचार के लिए फिरंगी हुकूमत ने 1860 में देशद्रोह का कानून बनाया था. इसे और कठोर 1870 में धारा 124-ए को दण्ड प्रक्रिया संहिता में शामिल कर लिया गया था, लिहाजा इस कानून में अब बदलाव की जरूरत है.' लेकिन इस निजी विधेयक को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया. हालांकि सरकार ने तब संसद में यह भी स्पष्ट किया था कि समुचित दायरे में रहकर सरकार की आलोचना करने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन जब आपत्तिजनक तरीकों का सहारा लिया जाए, तब यह धारा प्रभावी हो सकती है.'

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से दिए संबोधन में पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना था. कानून संबंधी पारित विधेयक उसी परिप्रेक्ष्य में हैं. इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा.

## मीडिया में अन्यत्र

# कर्ज से जुड़ी बहस के संकेत क्या हैं

वित्त मंत्रालय ने पिछले शुक्रवार को 'भारत के साथ आईएमएफ के अनुच्छेद IV परामर्श के बरक्स तथ्यात्मक स्थिति' शीर्षक से एक बयान जारी किया. संदर्भ यह कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) अपने समझौते के अनुच्छेदों के तहत आमतौर पर हर साल सदस्यों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करता है. आईएमएफ के कर्मचारी आर्थिक एवं वित्तीय जानकारियां इकट्ठी करते हैं और एक रिपोर्ट तैयार करने से पहले शीर्ष अधिकारियों के साथ नीतियों पर चर्चा करते हैं. फिर तैयार की गई रिपोर्ट पर मुद्रा कोष के कार्यकारी बोर्ड द्वारा चर्चा की जाती है. आईएमएफ द्वारा ताजा भारत परामर्श विवरण जारी करने के चार दिन बाद वित्त मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि "संभावित परिदृश्यों के मद्देनजर कुछ अनुमान लगाए गए हैं, जो तथ्यात्मक स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं". खासतौर पर, मंत्रालय आईएमएफ के इस नजरिए का जिक्र कर रहा था कि प्रतिकूल झटके भारत के सामान्य सरकारी ऋण को मध्यम अवधि में (2027-28 तक) सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 100 फीसदी या उससे अधिक तक बढ़ा सकते हैं. मंत्रालय ने जोर देकर कहा कि यह सिर्फ सबसे खराब दशा होगी, न कि कोई नियति. मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि आईएमएफ की अन्य देश की रिपोर्टें बहुत ज्यादा 'सबसे खराब' स्थिति दर्शाती हैं. मिसाल के तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और चीन के लिए जीडीपी का क्रमशः 160 फीसदी, 140 फीसदी और 200 फीसदी.केंद्र और राज्य सरकारों का संयुक्त ऋण 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद का 81 फीसदी था, जोकि 2020-21 में 88 फीसदी था. अनुकूल हालातों में, आईएमएफ का मानना है कि यह ऋण 2027-28 तक घटकर 70 फीसदी तक भी रह सकता है. मंत्रालय ने बताया कि इस सदी में अब तक भारत को जो भी झटके लगे, वो सभी वैश्विक किस्म के थे और इनसे पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई, चाहे वह 2008 का वित्तीय संकट हो या महामारी. शुरुआती खबरों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, इसने आगे स्पष्ट किया कि उसका बयान आईएमएफ का खंडन नहीं है, बल्कि उसकी उन टिप्पणियों की "गलत व्याख्या या दुरुपयोग को रोकने का एक प्रयास" है, जिनका अर्थ यह निकाला जा रहा है कि सामान्य सरकारी ऋण मध्यम अवधि में जीडीपी के 100 फीसदी से ज्यादा हो जाएगा.



(द हिंदू)

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### बिजली/बिजरी

**बिजली** गुल हो गयी और घर में अंधेरा छा गया. खेतों में बिजरी लहलहा रही है. इन दोनों वाक्यों में थोड़े से अंतर के बावजूद एक जैसे लगनेवाले दो शब्द दिखायी पड़ रहे हैं. एक बिजली और दूसरा बिजरी. बिजली का मतलब तो आज के जमाने में हर कोई भली-भांति समझता है, लेकिन बिजरी का मतलब हर कोई नहीं समझता. यह अलग बात है बिजरी शब्द भी निरर्थक नहीं है.बिजली हिंदी भाषा का तद्भव संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका तत्सम रूप विद्युत है. इसकी व्युत्पत्ति की कहानी भी बहुत ही रोचक है. आप जान ही चुके हैं कि बिजली को संस्कृत में विद्युत कहते हैं. विद्युत के स्वरूप को स्पष्ट करने के लिए इसे लता शब्द से जोड़ा गया तो यह विद्युल्लता बन गया. यही विद्युल्लता शब्द शौरसेनी प्राकृत भाषा में विज्जुला तथा विज्जुली में बदल गया और हिंदी में तद्भव रूप में बिजली हो गया. भारतवर्ष की अन्य आर्य भाषाओं में इसके स्वरूप में कुछ अंतर पाया जाता है. जैसे गुजरात भाषा में इसे विजली, उर्दू में बिजली, नेपाली में बिजुली, पंजाबी में बिजली, मगधी प्राकृत से असमिया और उडिया में बिजुली, महाराष्ट्री प्राकृत में यह विज्जलिया के रूप में परिवर्त्तित होकर सिंहली में विदुली बन गया. हिंदी शब्द सागर के अनुसार बिजली घर-घर में रोशनी फैलानेवाली तथा विभिन्न काम धधों का प्राणाधार बनी एक ऊर्जा है. दूसरी बिजली आकाशीय होती है, जो बादलों के बीच चमकती है, लेकिन गिर जाती है तो विध्वंस कर देती है. आकाशीय बिजली को विद्युतवल्ली तथा विद्युल्लेखा कहा जाता है. ऋग्वेद में मरुत् गणों के शस्त्र को विद्युत कहा गया है. विद्युत शब्द की रचना द्युत शब्द में वि उपसर्ग के लगने से हुई है. द्युत के दो अर्थ हैं. पहला चमकना और दूसरा जुए का खेल. द्युत एक भारोपीय मूल का शब्द है, जो द्यु अर्थात आकाश, अग्नि,दिन आदि अर्थों में प्रयोग में आता है. दूसरा शब्द है बिजरी. यह भी संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है और इसका एक मतलब है अलसी या तीसी का पौधा और दूसरा है बिजली.

# राजनेता है जहां, तंदुरुस्ती है वहां

• तीर-तुक्का

अमित शर्मा

इंडियन टीम के कैप्टन विराट कोहली ने देश के लिए फीील्डिंग कर रहे भारत के कप्तान, प्रधानमंत्री जी की तरफ फिटनेस चैलेंज, काले धन वाले सिक्के की तरह उछाला, जिसे कि प्रधानमंत्री जी ने पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से ऊपर ही रंगे हाथों लपक लिया.

यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जी ने अपने हाथों में प्रधानसेवक और चौकीदार नामक कुंडल जब्त कर रखे हैं, जिससे कि प्रधानमंत्री जी को ऐसे चैलेंज को अपनी शरण देने में सहजता का ज्यादा बेलैंस खत्म नहीं करना पड़ता. प्रधानमंत्री जी ने एक ही बार में फिटनेस चैलेंज को लपक कर विपक्ष को करारा और कुरकुरा जवाब, होम डिलेवरी के द्वारा पहुँचा दिया है, जो कहा करता था कि प्रधानमंत्री केवल फेंकने में महारथ के सारथी है और लपकने को कभी उन्होंने अपॉइंटमेंट नहीं दिया. प्रधानमंत्री के पास पूर्ण बहुमत है, फिर भी उनका फेंकने और लपकने से गठबंधन करना, सबका साथ-सबका विकास के प्रति उनका कमिटमेंट दिखाता है. फिटनेस के प्रति देश, आजादी के बाद से ही काफी जागरूक रहा है और इसी जागरूकता से शिष्टाचार भेंट करते हुए शुरुआती सरकारों ने जरूरी कदम उठाते हुए देश को बेडौल से सुडौल अवस्था के हवाले करने के लिए आधा कश्मीर पाकिस्तान को भेंट कर दिया, इसके परिणामस्वरूप धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र होते हुए भी हमने पड़ोसी और फिटनेस धर्म दोनों को निपटा दिया. पाकिस्तान को अनुगृहीत करने के बाद, हमारा मन, बिना मन की बात किए ही चीन के लिए भी 'पसीजत्व' को प्राप्त होने के लिए बेचैन हो उठा और चीन का मुंह 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' से मीठा करवाते हुए हम नादान उसे भी अपनी भूमि का दान कर बैठे. अपने भूभाग का काफी हिस्सा पाकिस्तान और चीन को अर्पित कर हमने बिना भागे ही अपने आपको हल्का कर लिया है और दुनिया में एक संदेश भी दे दिया कि फिटनेस को पटाने के लिए हम अपनी सीमाओं से भी छेड़छाड़ और डाइटिंग करवा सकते हैं. आजादी के समय हमारी जनसंख्या, केवल 35 करोड़ में ही जैसे-तैसे गुजारा कर रही थी जो हमारे दिन-रात के अथक प्रयासों के बाद अब 135 करोड़ की स्क्रीन को टच कर रही है. आजादी के बाद हमने अपना भूभाग कम करके जनसंख्या कई गुना बढ़ा ली और फिर भी, देश से एक विस्फोटक पदार्थ के रूप में हमारा मेकओवर नहीं हुआ. यही देश के रूप में हमारी फिटनेस की सफलता की कहानी का बयान दर्ज करता है.



## ब्रीफ खबरें

### तालाब में डूबने से बच्चे की हुई मौत

**गोपालगंज।** जिले के बरौली थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव के पास खेत में स्थित तालाब में हाथ धोने के लिए गए एक 7 वर्षीय मासूम बच्चे की डूबने से मौत हो गयी. वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल भेज दिया. मृतक की पहचान बरौली थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी कृष्ण प्रसाद के 7 वर्षीय बेटा ऋतिक कुमार के रूप में की गयी. फिलहाल इस हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

### संदेहास्पद स्थिति में मिला चालक का शव

**नालंदा।** नालंदा में मंगलवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी. मामला सिलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत नहर पर के समीप का है. मृतक की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी नीतीश कुमार के रूप में की गई है. घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि नीतीश कुमार खेत पटवन को लेकर सोमवार की रात खंधा में गया हुआ था. सुबह जब लोग मॉर्निंग वॉक पर निकले तो नहर किनारे मुंह के बल पड़ा हुआ नीतीश को देखा. जब नब्ज टटोला गया तो नीतीश की मौत हो चुकी थी.

### ठगी के बाद महिला ने फांसी लगा खुदकुशी की

**नालंदा।** नालंदा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां ऑनलाइन ठगी से आहत महिला ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है. वहीं पुलिस फिलहाल इस मामला में जांच कर रही है. वहीं मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. दरअसल, मामला सोहसराय थाना इलाके के सहोखर मोहल्ले का है, जहां ऑनलाइन ठगी से आहत एक महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी. बताया जा रहा कि, महिला का पति दिल्ली के होटल में काम करता है. उसने घर खर्ची के लिए पत्नी के मोबाइल पर 10 हजार रुपये भेजा था.

बिहार के श्रमिकों के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार पर जन अधिकार पार्टी के सुप्रीमो पप्पू यादव खूब बरसे

# अपनी दुर्गति के लिए खुद जिम्मेदार हैं बिहारीः पप्पू यादव

**संवाददाता। दरभंगा**



बिहार के श्रमिकों के साथ अन्य प्रदेशों में हो रहे सौतेले व्यवहार पर जन अधिकार पार्टी के सुप्रीमो पप्पू यादव ने बेबाक होकर कहा कि इसके पीछे कोई और नहीं यहां के बिहारी खुद जिम्मेदार है. उन्होंने दया निधि और महानंद जी के बयान पर कहा कि जिसके पास जितना ज्ञान और समझ होगा उतना ही ना बोलेंगे. असम, नगालैंड व अन्य प्रदेशों से बिहार के श्रमिकों को भगाया गया था ना. सवाल यह उठता है कि बिहारी की इतनी दुर्गति क्यों. बिहार की दुर्गति इसी बिहार के चलते है. ये जातपात की बात करेंगे, लेकिन बिहार में बंद पड़े कल कारखाने को कैसे चालू किया जाए. इस पर बात नहीं होती है. पूरे बिहारी को रोजगार के लिए बाहर भेजते हैं. पप्पू यादव ने बिहार सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बिहार में जब रोजगार की बात आई तो सरकार ने डोमिसाइल को हटा दिया, जिसपर मैंने डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग की, लेकिन हमारी मांग को नजर अंदाज कर दिया गया और 60% पद अन्य प्रदेशों को दे दिया. ऐसी स्थिति में यहां के युवा को निराशा हाथ लगी और जीवोपार्जन के लिए भटक रहे हैं. वहीं उन्होंने केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बरसों से बिहार को विशेष राज्य दर्जा की मांग चल रही है. साथ ही बिहार के अन्य जिलों में एयरपोर्ट खोलने की मांग हो रही है, लेकिन किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हो रही है. सुप्रीमो पप्पू यादव ने कहा कि दरभंगा के ललित झा पर संसद भवन के अंदर घुसकर हंगामा करने का आरोप लगा है. ललित झा यादव या दलित तो है नहीं.

वह तो 10 साल से रोजगार के लिए परेशान था। बेरोजगारी से परेशान होकर जान देने के लिए वह संसद चला गया. ललित झा का यह तरीका गलत हो सकता है, लेकिन उनका इंटेंशन क्या था.

**खास बातें**

- दयानिधि और महानंद जी के बयान पर जताई नाराजगी
- बिहार में बंद पड़े कारखानों को नहीं खोला जा रहा है

## आओ जानें

### बिहार : सामान्य ज्ञान

| | |
|---|---|
| बिहार का राजकीय चिन्ह | बोधिसत्व |
| बिहार का राजकीय गीत | मेरा भारत के कंठहार, तुझको, शत शत वंदन बिहार |
| बिहार का राजकीय प्रार्थना | मेरे रफ्तार पर सूरज की किरणें नाज करें |
| बिहार का राजकीय भाषा | हिन्दी, उर्दू |
| बिहार का राजकीय पशु | गौर (बैल) |
| बिहार का राजकीय पक्षी | गौरैया |
| बिहार का राजकीय फूल | गेंदा |
| बिहार का राजकीय खेल | कबड्डी |
| बिहार का राजकीय व्यंजन | लिट्टी-चोखा |
| बिहार का राजकीय मिठाई | दुधौरी |

नीतीश कैबिनेट की बैठक में 29 एजेंडों पर मुहर लगी

# नियोजित शिक्षक बनेंगे राज्यकर्मी

**संवाददाता। पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कैबिनेट की मीटिंग बुलायी. बैठक में कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर मुहर लगी. कैबिनेट की बैठक में नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने पर मुहर लगी है. कैबिनेट बैठक में कुल 29 एजेंडों पर मुहर लगी है. नीतीश सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए पंचायती राज और नगर निकाय में कार्यरत लाखों शिक्षकों को बड़ी सौगात दी है. उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा दे दिया गया है. इसी के साथ लंबे समय से चली आ रही मांग को नीतीश सरकार ने आज पूरी कर दी. नीतीश कैबिनेट ने बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 की स्वीकृति दी है.

समाज कल्याण विभाग में जिला एवं क्षेत्रीय कार्यालय में पूर्व से सृजित पदों के अलावे 93 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है. इस पर प्रतिवर्ष चार करोड़ 34 लाख 36 हजार 544 रुपये का खर्च होगा. बिहार के 7115 मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को सामान्य आंगनबाड़ी केंद्र में उत्क्रमित किया गया है. इसके लिए केंद्र और राज्यांश मिलाकर 136 करोड़ 10 लाख 28350 रुपये की स्वीकृति दी गई है. छपरा में 600 क्षमता युक्त प्रेक्षा गृह सह आर्ट गैलरी का नाम भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह सह आर्ट गैलरी रखने का निर्णय लिया गया है.

### मेरे इस्तीफे की खबर झूठी हैः ललन सिंह

**पटना।** मंगलवार को जदयू अध्यक्ष ललन सिंह के इस्तीफा की खबर सामने आने के बाद पूरे राज्य की सियासत गरमा गयी. बिहार सहित पूरे देश की राजनीति में हड़कंप मच गया. ललन सिंह के इस्तीफा की खबर मिलते ही जदयू कार्यालय में भी हलचल बढ़ गई. आनन फानन में जदयू नेता पार्टी कार्यालय पहुंचने लगे. वहीं वित्त मंत्री विजय चौधरी में पार्टी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने ललन सिंह के इस्तीफे को खंडन किया. खुद ललन सिंह ने भी अपने इस्तीफे का खंडन किया है. जानकारी के अनुसार ललन सिंह ने भी एक निजी चैनल से बातचीत के दौरान अपने इस्तीफे की खबर का खंडन किया है. ललन सिंह ने कहा कि, मैंने कोई इस्तीफा नहीं दिया है. मेरे इस्तीफे की खबर झूठी है.

## साइबर फ्रॉड कर पाकिस्तान भेजता था पैसा, गिरफ्तार

**संवाददाता। जमुई**



जमुई जिला के लक्ष्मीपुर थानांतर्गत पाकिस्तान से अवैध पैसे का लेनदेन, साइबर फ्रॉड व साइबर आतंकवाद का आरोपी राजीव सिंह को गिरफ्तार किया गया. इस संबंध में लक्ष्मीपुर थाना में पूर्व से कांड दर्ज है. इस कांड को लेकर पूर्व में भी तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा चुका है. गिरफ्तार अभियुक्तों से पूर्व में पाकिस्तान के अलग-अलग बैंकों के कई चेक बुक का फोटो व नकद 2,37,900 बरामद किया गया था. गिरफ्तार अभियुक्तों का अन्य विभिन्न राज्यों महाराष्ट्र, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, इत्यादि के कई साइबर अपराधों के कांडों में वहां की पुलिस द्वारा संलिप्तता का सत्यापन किया जा रहा है. पुलिस अधीक्षक महोदय को इस कांड में वांछित अभियुक्त राजीव सिंह पिता मोहन सिंह ग्राम मंगरार थाना लक्ष्मीपुर के संबंध में गुप्त आसूचना प्राप्त हुई थी. इस पर विधिसम्मत कार्रवाई एवं अपराधी की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था.

## स्वर्ण व्यवसायी से पांच लाख की लूट

**संवाददाता। मुजफ्फरपुर**



बिहार में आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं. अपराधी बेखौफ होकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. ताजा मामला मुजफ्फरपुर का है, जहां एक बार फिर बाइक सवार अपराधियों ने एक बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया है. इसके बाद इलाके मे हड़कंप मच गया है. जानकारी के अनुसार बाइक सवार अपराधियों ने एक ज्वेलरी व्यापारी को निशाना बनाते हुए तकरीबन 5 लाख की ज्वेलरी लूट की वारदात को अंजाम दिया है. पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के पियर थाना क्षेत्र के रामपुर दयाल गांव में स्थित राम जानकी मंदिर के समीप का है, जहां मूल रूप से पियर थाना क्षेत्र के रामपूर दयाल वार्ड संख्या 10 के रहने वाले सुभाष कुमार पियर चौक स्थित एस के सोनी नाम के अपने ज्वेलरी शॉप को देर शाम तकरीबन 7 बजे के आसपास बंद कर अपने घर के लिए निकले थे.

इसी दौरान दो बाइक सवार चार अपराधियों ने हथियार के बल पर स्वर्ण व्यवसायी से तकरीबन पांच लाख रुपए मूल्य के ज्वेलरी लूट ली और फरार हो गए. इस घटना के बाद मौक़े पर अफरा तफरी मच गयी,

## दिनदहाड़े शिक्षक की बेटी पर हथियार से हमला, हड़कंप

**संवाददाता। खगड़िया**



बिहार में आपराधिक घटनाएं चरम पर है. आए दिन अपराधी बेखौफ होकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. अपराधी आपराधिक घटना को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जा रहे हैं. पुलिस अभी एक मामले की खुलासा करते तब तक अपराधी एक नए वारदात को अंजाम दे देते हैं. ताजा मामला खगड़िया का है, जहां सरकारी विद्यालय के एक शिक्षक की बेटी पर अपराधियों ने धारदार कैंची से हमला किया है. दरअसल, मामला खगड़िया जिले के चित्रगुप्त नगर थाना इलाके के कचहरी रोड का है, जहां मंगलवार को बेखौफ अपराधियों ने एक सोहदा ने सरकारी विद्यालय के शिक्षक की बेटी पर धारदार कैंची से ताबड़तोड़ हमला कर दिया. इस घटना में छात्रा गंभीर रुप घायल हो गई है. परिजनों ने आनन फानन में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां छात्रा का इलाज जारी है. बताया जाता है कि लड़की अपनी बहन के साथ पढ़ाई करने कोचिंग जा रही थी. इसी दौरान रास्ते में पहले से तैनात एक युवक ने लड़की पर हमला कर दिया. परिजनों का दावा है कि अज्ञात युवक ने हमला किया है. घटना के वजहों का खुलासा नहीं हो पा रहा है. हालांकि स्थानीय लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है. इधर थानाध्यक्ष सिंटू कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है. घटना किस वजह से हुई है, यह स्पष्ट नहीं है.

## कारोबार

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 600 से अधिक फ्लैट बेचे

**नयी दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने हरियाणा के गुरुग्राम में अपनी नई लक्जरी आवासीय परियोजना के 600 से अधिक फ्लैट बेच दिए हैं. कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने गुरुग्राम के सेक्टर-49 में गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर स्थित अपनी परियोजना गोदरेज एरिस्टोक्रेट में 2,600 करोड़ रुपये से अधिक के फ्लैट बेचे दिए हैं. कंपनी 9.5 एकड़ में फैली इस आवासीय परियोजना में करीब 750 अपार्टमेंट बनाएगी. प्रति इकाई इनकी शुरुआती कीमत करीब चार करोड़ रुपये है.

### कोका-कोला ने आईसीसी संग 2031 तक बढ़ाई साझेदारी

**नयी दिल्ली।** पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनी कोका-कोला ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के साथ अपनी साझेदारी को आठ साल के लिए बढ़ाने की मंगलवार को घोषणा की. इसके साथ ही यह क्रिकेट संस्था के साथ सबसे लंबे समय तक जुड़े रहने वाला ब्रांड बन जाएगा. कोका-कोला और आईसीसी की ओर से जारी संयुक्त बयान के अनुसार, आईसीसी के मुख्यालय में दोनों ने यह साझेदारी 2031 के अंत तक बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए. इस कदम के साथ ही कोका कोला अब आईसीसी के साथ सबसे लंबे समय 13 वर्ष (2019-2031) तक जुड़े रहने वाला ब्रांड बन जाएगा.

### एसबीआई ने 200 करोड़ के एनसीडी खरीदे

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मुथूट फिनकॉर्प की ओर से जारी 200 करोड़ रुपये के गैर परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) खरीद लिए हैं. मुथूट पप्पाचन समूह की प्रमुख कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, बॉन्ड की परिपक्वता अवधि पांच साल है और छमाही आधार पर ब्याज दिया जाएगा. हालांकि, कंपनी ने निर्गम की कीमत का खुलासा नहीं किया. कंपनी के सीईओ शाजी वर्गीज ने कहा कि एनसीडी निर्गम से प्राप्त राशि का इस्तेमाल ऋण, व्यवसाय संचालन और विस्तार तथा वृद्धि योजना के लिए किया जाएगा.

भारत ने कच्चे तेल की खरीद पर पहली बार रुपये में भुगतान किया

# यूएई को किया रुपये में भुगतान

**संवाददाता। नयी दिल्ली**




रुपये और डॉलर को लेकर एक बड़ी खबर आयी है. भारत ने भारतीय मुद्रा को मजबूत बनाने की कोशिश तेज कर दी है. खबर है कि भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को कच्चे तेल की खरीद के बदले पहली बार रुपये में भुगतान किया है. इस कदम को द्विपक्षीय व्यापार में भारतीय मुद्रा रुपये के उपयोग को बढ़ावा देने के रूप में बड़ी पहल बताया जा रहा है. बता दें कि भारत अपनी जरूरत के लिए 85 प्रतिशत से अधिक तेल आयात करता है और इसके लिए भारी संख्या में डॉलर में भुगतान करना पड़ता है. जानकारी के अनुसार आईओसी ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी से 10 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद की थी. इसका भुगतान भारतीय रुपये में किया गया है. बताया गया है कि रूस से आयात किये गये क्रूड ऑयल के कुछ हिस्से के भुगतान की राशि भी रुपये में थी. जुलाई में भारत ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी से कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारतीय रुपये में भुगतान करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये थे.

**खास बातें**

- भारत के अर्थ जगत के लिए यह वाकई बड़ी खबर है
- रुपये की मांग बढ़ेगी और बाजार में स्थिति सुधरेगी

**22 देशों के साथ रुपये में व्यापार की सहमति बनी है**

यह भी खबर है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले तीन वर्षों में विदेशों में भुगतान करने के लिए रुपये के उपयोग को बढ़ावा देने के एक दर्जन से अधिक अंतरराष्ट्रीय बैंकों को रुपये में व्यापार करने की अनुमति प्रदान की है. बताया गया है कि आरबीआई की अब तक 22 देशों के साथ रुपये में व्यापार की सहमति बन चुकी है. जानकारों का कहना है कि रुपये का अंतर्राष्ट्रीयकरण किये जाने से डॉलर की मांग को कम करने में मदद मिल सकेगी. भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक मुद्रा की गिरावट से कम प्रभावित होगी, बता दें कि 1970 के दशक से ही तेल की खरीद में डॉलर में भुगतान करने की परंपरा चली आ रही है.

## हरित ऊर्जा इकाई में 9350 करोड़ का निवेश

**भाषा। नयी दिल्ली**



अरबपति गौतम अडाणी और उनका परिवार समूह की हरित ऊर्जा इकाई में 9,350 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बना रहा है, ताकि कंपनी वर्ष 2030 तक 45 गीगावाट क्षमता का लक्ष्य हासिल कर सके. अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी में 9,350 करोड़ रुपये का यह निवेश 'उधारी चुकाने और त्वरित पूंजीगत व्यय के लिए किया जाएगा.' हरित ऊर्जा के क्षेत्र में सक्रिय कंपनी के पास पहले से ही 19.8 गीगावाट की क्षमता और संसाधन-संपन्न इलाके में दो लाख एकड़ से अधिक भूमि (40 गीगावॉट से अधिक की अतिरिक्त क्षमता के बराबर) का बिजली खरीद समझौता (पीपीए) है. कंपनी ने वर्ष 2030 तक 45 गीगावाट हरित ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य तय किया हुआ है. उसके निदेशक मंडल ने प्रवर्तकों को 1,480.75 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 9,350 करोड़ रुपये की राशि के तरजीही वारंट जारी करने की मंजूरी दे दी है.

तरजीही वारंट जारी करने के लिए नियामकीय एवं वैधानिक निकायों की भी मंजूरी लेनी होगी. इसके अलावा 18 जनवरी को होने वाली कंपनी की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में भी इसपर शेयरधारकों की स्वीकृति ली जाएगी. अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने पहले गुजरात के खावड़ा में स्थित देश के सबसे बड़े सौर पार्क में 2,167 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए आठ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बैंकों द्वारा 1.36 अरब डॉलर की निर्माण सुविधा लगाने की घोषणा की थी.

इसके अलावा एजीईएल ने 1.42 अरब डॉलर की इक्विटी पूंजी (प्रवर्तकों के तरजीही आवंटन से 1.12 अरब डॉलर और टोटलएनर्जीज जेवी से 30 करोड़ डॉलर) की घोषणा की थी. यह तीन अरब डॉलर से अधिक की पूंजी के बराबर है. कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा, यह एजीईएल के लक्ष्य के लिए दीर्घकालिक निवेशकों, रणनीतिक साझेदारों, वित्तीय संस्थानों और बैंकों के साथ प्रवर्तक की सतत प्रतिबद्धता के साथ गहरी दिलचस्पी को दर्शाता है.

**अडाणी निवेश**

- कंपनी का लक्ष्य 45 गीगावाट क्षमता का लक्ष्य मिले
- ईजीएम में भी इसपर शेयर धारकों की स्वीकृति ली जाएगी

एमएनपीएल इस बार के वेडिंग सीजन में देशभर में लगभग 38 लाख शादियां होने की उम्मीद है

# वेडिंग लोन पर मिलेगा पैसा, मिलेंगी कई सुविधाएं

**भाषा। नयी दिल्ली**



पहले लोग घर बनाने और पढ़ाई के लिए लोन लिया करते थे. लेकिन समय बदला और लोन का दायरा बढ़ता गया. वहीं अब शादी के लिए भी लोन लेने लगे हैं. इसके लिए लोग आ रहे हैं. इसके लिए कई प्लेटफॉर्म हैं, जहां स्कीमों का इस्तेमाल कर लोग अपना काम भी कर रहे हैं. वैसे इस बार के वेडिंग सीजन में देशभर में लगभग 38 लाख शादियां होने की उम्मीद है. लोग अगर इस बार शादी का प्लान कर रहे हैं और बजट कम है तो इसके लिए वेडिंग लोन या ''मैरी नाउ, पे लेटर'' (एमएनपीएल) जैसी सुविधा का इस्तेमाल कर किया जा सकता है. लेकिन इन सुविधाओं के इस्तेमाल से पहले इंटरेस्ट रेट, लोन अमाउंट और री-पेमेंट शेड्यूल जैसी चीजों का ध्यान रखना होगा. नहीं तो ये सुविधा जंजाल बन सकती है. इसके लिए वेडिंग लोन और एमएनपीएल स्कीम के बारे में जानना जरुरी है.

बता दें कि वेडिंग लोन एक तरह का पर्सनल लोन है जिसका इस्तेमाल शादी से जुड़े खर्चों जैसे कि वेन्यू का किराया, खानपान, सजावट और फोटोग्राफी आदि को कवर करने के लिए किया जाता है. इन लोन्स के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वे आम तौर पर अनसिक्योर्ड होते हैं, यानी लोन लेने के लिए कोलेटरल के तौर पर किसी भी चीज को गिरवी रखने की जरूरत नहीं है. वहीं जिस तरह बाय नाऊ पे लेटर की सुविधा होती है एमएनपीएल भी वैसा ही है. अभी शादी करें और बाद में चुकाएं. बजाज और संकश जैसे कई प्लेटफॉर्म ये सर्विस देते हैं. कुछ प्लेटफॉर्म ग्राहक को अट्रैक्ट करने के लिए तीन से छह महीने का इंटरेस्ट-फ्री पीरियड ऑफर करते हैं. एमएनपीएल ऑफर करने वाले फिनटेक प्लेटफॉर्म्स ने कई होटल चेन्स से पार्टनरशिप भी की है लगभग सभी प्लेटफॉर्म डिजिटल तरीके से इसे एप्लाई करने की सुविधा देते हैं. बैंक में जाकर भी आप इसके लिए एप्लाई कर सकते हैं. वेडिंग लोन के लिए वोटर आईडी, आधार, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे डाक्यूमेंट को आइडेंटिटी प्रूफ और एड्रेस प्रूफ के तौर पर देना होता है. इसके अलावा बैंक स्टेटमेंट और सैलरी स्लिप की जरूरत पड़ती है. अगर आप बिजनेसमैन है तो इनकम टैक्स रिटर्न की स्लिप दे सकते हैं. अभी इसका इंटरेस्ट रेट करीब 10.00 % से 25.00% है. वहीं वेडिंग लोन और एमएनपीएल के बेनिफिट की बात करें तो फ्लेक्सिबल लोन अमाउंट होता है, जिसमें बजट के आधार पर आवश्यकतानुसार अधिक या कम लोन लिया जा सकता है. फिर क्विक प्रोसेसिंग है जिसमें वेडिंग लोन आमतौर पर तेजी से प्रोसेस होते हैं. इसमें तुरंत फंड मिल सकता है. वहीं कॉम्पिटिटिव इंटरेस्ट रेट वाला लोन होता है, जिसमें वेडिंग लोन पर कॉम्पिटिटिव इंटरेस्ट रेट उन्हें एक अफोर्डेबल फाइनेंसिंग ऑप्शन बनाती हैं.

**टेंशन नहीं**

- वेडिंग लोन का मतलब हे मैरी नाउ, पे लेटर
- इस्तेमाल से पहले इंटरेस्ट रेट को जानना होगा
- वेडिंग लोन एक तरह का पर्सनल लोन ही है

## पीएलआई : नवंबर तक 746 आवेदनों को दी गयी मंजूरी

**भाषा। नयी दिल्ली**

दवा, एलईडी तथा एयर कंडीशनर और इलेक्ट्रिक उत्पादों जैसे 14 क्षेत्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत नवंबर 2023 तक 746 आवेदनों को मंजूरी दी गई है. एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई. भारत की विनिर्माण क्षमताओं और निर्यात को बढ़ाने के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 14 क्षेत्रों के लिए योजनाओं की घोषणा की गई.

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, लाभार्थी कंपनियों ने (24 राज्यों के) 150 से अधिक जिलों में इकाइयां स्थापित की हैं. सितंबर तक 95,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश दर्ज किया गया, जिससे 7.80 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन/बिक्री हुई है और 6.4 लाख से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए. बयान में कहा गया है, नवंबर 2023 तक 746 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं...2022-23 में करीब 2,900 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन वितरित किए गए हैं. तीन साल की अवधि में मोबाइल उत्पादन में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई.

मंत्रालय के अनुसार, 2022-23 में कुल इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन 101 अरब अमेरिकी डॉलर का था जिसमें से स्मार्टफोन की हिस्सेदारी 44 अरब अमेरिकी डॉलर की थी। निर्यात 11.1 अरब अमेरिकी डॉलर का किया गया. बयान में कहा गया, दूरसंचार क्षेत्र में 60 प्रतिशत का आयात प्रतिस्थापन हासिल किया गया है. भारत एंटीना, जीपीओएन (गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क) और सीपीई (ग्राहक परिसर उपकरण) में करीब-करीब आत्मनिर्भर हो गया है. दवा क्षेत्र में कच्चे माल के आयात में भी उल्लेखनीय कमी आई है.

## ब्रीफ खबरें

### जीएन कॉलेज में मनाया गया दस्तान-ए-शहादत

**धनबाद।** गुरुनानक कॉलेज धनबाद के भुदा कैंपस में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया गया. इस अवसर पर गुरुगोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत दिवस दस्तान-ए-शहादत के रूप में मनाई गई. कॉलेज के शासी निकाय के सचिव दिलजॉन सिंह ग्रेवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया. अध्यक्ष सरदार आरएस चहल ने धर्म और मानवता की परिभाषा दी. कहा कि व्यक्ति को सत्य और निष्ठा का मार्ग चुनना चाहिए, क्योंकि यही मार्ग परमात्मा तक ले जाती है.

### सीएम के कार्यक्रम में विरोध करेगा आजसू : प्रदर्शन

**लातेहार।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को लातेहार आयेगें. श्री सोरेन सदर प्रखंड के कुंदरी ग्राम में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेगें.आजसू पार्टी ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है. इसकी जानकारी आजसू जिला अध्यक्ष अमीत कुमार पांडेय ने एक प्रेस वार्ता में दी.पांडेय ने बताया कि गत 14 फरवरी को सीएम ने अपने दो दिवसीय जोहार यात्रा के दौरान लातेहार में एक डिग्री कॉलेज एवं एक महिला डिग्री कॉलेज भवन का लोकार्पण किया था.

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**तेतुलमारी।** नगरी कला दक्षिण पंचायत सचिवालय के समीप में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर कैंप का आयोजन किया गया. पुटकी अंचलाधिकारी विकास आनंद मुखिया अशोक ठाकुर ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया अबूवा आवास योजना में 661, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में 40, कृषि विभाग में 10, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में 34,बिजली विभाग में 07,दीदी बाड़ी योजना 112, सर्वजन पेंशन योजना में 66 सहित अन्य योजनाओं को लेकर आवेदन स्वीकृत किया गया.

### आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत कर्मचारी की मौत

**निरसा।** इसीएल मुगमाएकल क्षेत्र के चापापुर कोलियरी के 10 नंबर आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत समीर मंडल की मौत ह्रदय गति रुक जाने से हो गई. सूचना पाकर बेसीकेयू के केंद्रीय सचिव सह मुगमा क्षेत्र अध्यक्ष आगम राम, शाखा सचिव अमित मुखर्जी इत्यादि उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया. तत्पश्चात आउटसोर्सिंग प्रबंधन से वार्ता कर उनके पुत्र कौशिक मंडल को नियोजन पत्र दिया गया. साथ ही दाह संस्कार के लिए प्रबंधन ने 10 हजार की राशि प्रदान की तथा क्रियाकर्म करने के लिए 50000 देने पर संपत्ति जतायी.

### विधायक पुष्पा देवी ने किया कंबल का वितरण

**पाटन (पलामू)।** प्रखंड के किशनपुर पंचायत के चैतमा गांव में विधायक श्रीमती पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने बाबा क्लब के अध्यक्ष चंद्रकांत उपाध्याय के साथ जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया.इस दौरान विधायक श्रीमती पुष्पा देवी ने जनता दरबार लगाकर लोगो की समस्यायों का समाधान किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे वचन उपाध्याय, सरदारी उपाध्याय, विपिन बिहारी दुबे, बबलू उपाध्याय, जनार्दन उपाध्याय, ब्रजेश उपाध्याय, कृष्ण उपाध्याय, समेत अन्य लोग मौजूद थें.

## बोकारो के हैं स्थायी कमांडेंट, धनबाद समेत रामगढ़ व हजारीबाग का अतिरिक्त प्रभार


# चार जिलों के होमगार्ड कमांडेंट हैं रवि, पर दर्शन नहीं

**संवाददाता। धनबाद**

वर्ष 2015 में धनबाद जिला के होमगार्ड कमांडेंट रह चुके रवि कुजूर को फिर 8 साल बाद धनबाद जिला का ही कमांडेंट बनाया गया है. धनबाद के साथ-साथ हजारीबाग, बोकारो व रामगढ़ के भी कमांडेंट है. स्थायी कमांडेंट बोकारो के हैं.

बाकी तीन जिला के अतिरिक्त प्रभार में हैं. धनबाद के कमांडेंट तारकेश्वर राम 31 अगस्त 2023 रिटायर्ड हो गए. उनके रिटायर्ड होने के बाद एक सितंबर को रवि कुजूर को कमांडेंट बनाया गया. चार महीने होने को हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक धनबाद के समादेष्टा कार्यालय में दर्शन तक नहीं दिया. कंपनी कमांडर व मुंशी समेत अन्य कर्मी ही विभाग चला रहे हैं.

कुछ जवानों का कहना है कि धनबाद गृह रक्षावाहिनी भगवान भरोसे चल रहा है. सूत्रों के अनुसार रवि कुजूर वर्ष 2015 में धनबाद जिला के होमगार्ड कमांडेंट थे, लेकिन विभाग में ड्यूटी बांटने समेत अन्य कार्यों में गड़बड़ी होने से उस समय दर्जनों जवान हंगामा करने लगे.


होमगार्ड कमांडेंट ऑफिस.

### चार साल बाद चाईबासा के बने कमांडेंट, फिर बोकारो हुआ तबादला

सूत्रों के अनुसार रवि कुजूर का धनबाद से हेडक्वार्टर तबादला होने के बाद चार साल तक रांची मुख्यालय में ही रहे. उसके बाद मुख्यालय से चाईबासा का कमांडेंट बनाया गया. फिर एक साल बाद बोकारो तबादला हो गया. बोकारो में कमांडेंट रहते हुए रामगढ़ व हजारीबाग की भी कमान संभाल रहे थे. तीन साल तक बोकारो के साथ-साथ तीन जिला का कमांडेंट का काम देख रहे थे.

### धनबाद से रांची तक आंदोलन के बाद हेडक्वार्टर तबादला

जानकारी के अनुसार होमगार्ड जवानों की ओर से 2015 में विभागीय भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए धनबाद से लेकर रांची तक आंदोलन किया गया था. राज्यभर के होमगार्ड जवान एकजुट होकर एसोसिएशन की ओर से रवि कुजूर को हटाने की मांग कर रहे थे. धनबाद में एक साल भी नहीं रहे और उन्हें धनबाद से हेडक्वार्टर रांची तबादला कर दिया गया. उस समय भी धनबाद के स्थायी कमांडेंट के अलावा गिरिडीह, कोडरमा व चतरा के अतिरिक्त प्रभार में थे.

## आओ जानें

### भारत के परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सूची

| परमाणु संयंत्र का नाम | संबंधित राज्य |
|---|---|
| कैगा परमाणु संयंत्र | कर्नाटक |
| काकरापार परमाणु संयंत्र | सूरत गुजरात |
| कुडनकुलम परमाणु संयंत्र | तमिलनाडु |
| कलपक्कम परमाणु संयंत्र | तमिलनाडु |
| नरोरा पावर प्लांट | उत्तर प्रदेश |
| रावतभाटा परमाणु ऊर्जा संयंत्र | कोटा राजस्थान |
| तारापुर परमाणु संयंत्र | महाराष्ट्र |



## विकास कार्य मे पीएमयू की है अहम भूमिका

# पीएमयू न रहने से करोड़ों का कार्य हुआ प्रभावित

**संवाददाता। धनबाद**

जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के प्रोजेक्ट मोनिटरिंग यूनिट के हटने से जिले के करोडों की विकास योजनाओं का कार्य प्रभावित हो गया हैं. डीएमएफटी के जरिए होने वाले विकास कार्य मे पीएमयू की अहम भूमिका रहती है. पीएमयू के जिम्मे ही विकास कार्यो के लिए सर्वे करने से लेकर योजना तैयार करना होता है.

मेसर्स रोहित अग्रवाल एजेंसी के छह लोग इस कार्य मे लगे थे. आठ नवंबर के बाद उक्त एजेंसी के लोगों ने काम करना छोड़ दिया है. कार्यालय अधिकारियों के मुताबिक बताया कि एजेंसी का करार खत्म हो गया है इसलिए एजेंसी के लोगों ने कार्य करना छोड़ दिया है. नई एजेंसी के लिए नई निविदा निकाली गई है. जिसके आवेदन की अंतिम तिथि 30 दिसंबर तय की गई है.

मालूम हो कि इससे पहले जुलाई महीने में भी निविदा निकाली गई थी. लेकिन एजेंसी का चयन नहीं हो सका था. बता दें कि निविदा में हुई लेटलतीफी ने करोड़ों का विकास कार्य प्रभावित कर रखा है. इस संबंध में बात करने के लिए उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया.



### 500 योजनाएं प्रभावित

30 अक्टूबर को टाउन हॉल में डीएमएफटी बैठक हुई थी. बैठक में 378 करोड़ में 578 योजनाएं पूरी करने को मंजूरी मिली थी . सबसे अधिक 150 करोड़ रुपए शिक्षा पर, स्वास्थ्य सेवाओं पर 50 करोड़, आंगनबाड़ी के निर्माण पर 53 करोड़, साथ ही सांसद, विधायक और पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों की अनुशंसित योजनाओं पर सौ करोड़ रुपए खर्च करने की तैयारी हुई है.

**1727 स्कूलों का हुआ था सर्वे, नहीं बढ़ा कार्य :** बैठक में शिक्षा के क्षेत्र में डीएमएफटी न्यास परिषद के समक्ष लगभग डेढ़ सौ करोड रुपए के बजट का प्रस्ताव रखा गया था. जिसमें 1727 स्कूलों में सर्वे करा कर मरम्मती, क्लासरूम की आवश्यकता, शौचालय, लैब, पानी, ग्राउंड, बाउंड्री वॉल, लाइब्रेरी, फर्नीचर समेत 11 विषय वस्तु की जानकारी ली गई थी. इस सर्वे के अनुसार ही सभी स्कूलों में आवश्यकता के अनुसार कार्य किया जाना है. मालूम हो कि सर्वे के बाद भी अब तक कोई कार्य नहीं किया गया है.

**खास बातें**

- नई एजेंसी के लिए नई निविदा निकाली गई है
- आवेदन की अंतिम तिथि 30 दिसंबर तय की गई है

## डॉ रविकांत सिंह को मिला पुरस्कार

**संवाददाता। रांची**



बिहार के उप मुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री ने मंगलवार को पटना में राज्य स्वास्थ्यकर्मी व पदाधिकारियों का वर्ष 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया. कैंसर के क्षेत्र में यह पुरस्कार होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र मुजफ्फरपुर के प्रभारी डॉ रविकांत सिंह को दिया गया. कैंसर के क्षेत्र में इस सराहनीय कार्य को रेखांकित करते हुए उप मुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि डॉ रविकांत ने राज्य स्वास्थ्य समिति के साथ मिल कर पूरे राज्य में कैंसर की सुविधाओं को सुदृढ़ किए हैं. मुजफ्फरपुर में मॉड्यूलर/ अस्थायी अस्पताल बनाए हैं, जिसमें अभी तक 10,000 से ज्यादा कैंसर मरीजों को इलाज हो चुका है. इसके साथ ही साथ कैंसर जिनोम्स सीक्वेंसिंग लेबोरेट्री की स्थापना भी की है, जो कि राज्य में इस तरह का एकमात्र लैब है. मौके पर अपर सचिव प्रत्यय अमृत, संजय कुमार सिंह (स्वास्थ्य सचिव) सहित बिहार के प्रसिद्ध चिकित्सक आदि लोग उपस्थित हुए.

## सद्भावना रैली निकाल चार साहिबजादों को किया नमन



**संवाददात। धनबाद**

सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों व माता गुजर (गुजरी) कौर की शहादत को नमन करने के लिए धनबाद के सिख समाज ने मंगलवार को सद्भावना रैली निकाली. रैली की अगुवाई भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई ने की. सुबह में रैली जोड़ाफाटक स्थित गुरुनानकपूरा गुरुद्वारा से शुरू होकर मटकुरिया गुरुद्वारा, बैंक मोड़, रेलवे स्टेशन, पूजा टॉकिज होते हुए रणधीर वर्मा चौक से वापस गुरुद्वारा पहुंच कर समाप्त हुई. रैली में बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग व भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए. कार्यक्रम के संयोजक प्रीतपाल सिंह आजमानी ने बताया कि चार साहिबजादों की शहादत को नमन करने का प्रयास है.

## न्यूज अपडेट

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड के महुलिया एवं नावा खास पंचायत सचिवालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता किशनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे जबकि मंच का संचालन पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया. मौके पर पलामू सांसद बीडी राम, बीडीओ अमित कुमार झा, मुखिया अनुराधा देवी, श्याम नारायण दुबे, अविनाश वर्मा, शिव कुमार मिश्रा, विजय ओझा, सांसद प्रतिनिधि सुमन गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया . मौके पर महुलिया पंचायत सचिवालय में मुखिया अनुराधा देवी के द्वारा अंग वस्त्र देकर पलामू सांसद को सम्मानित किया. वहीं नया खास पंचायत सचिवालय में मुखिया मनोज कुमार के द्वारा पलामू सांसद को सम्मानित किया. मौके पर भाजपा के भीष्म पितामह श्याम नारायण दुबे, शिवकुमार मिश्र समेत अन्य लोग उपस्थित थें.

### खेल समाज को एकता के डोर में बांधता है: पूर्व विधायक

**गढ़वा।** जिले के रंका अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत खपरो पंचायत के मध्य विद्यालय में आयोजित रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच रंका क्रिकेट क्लब तथा खपरो के क्लब के बीच में खेला गया . जिसका उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने फीता काटकर किया. इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में युवा वर्ग समाज को आईना दिखाने का काम करता है. खेल ही एक ऐसा माध्यम है जो समाज के समस्त वर्गों को जोड़कर समाज में समरसता और एकता के डोर में बांधने का कार्य करता है. जिसमें खपरो गांव के लोग बखूबी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं .खपरो ग्राम में वैसे तो खिलाड़ियों के लिए उचित मैदान नहीं है .पर जरूरत पड़ी तो मैं अपने स्वयं के निधि से खिलाड़ियों के लिए जमीन व्यवस्था कर खेल के संसाधन के रूप में विकसित करने का काम करेंगे .

### साहिबजादों के बलिदान को भुलाया नही जा सकता: विमला

**सिमडेगा।** वीर बाल दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा ढेबर ग्राम में वीर बाल दिवस मनाया गया. मौके पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने उपस्थित छात्र छात्राओं को वीर बाल दिवस के बारे बताते हुए कहा कि वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है. अंतिम सिख गुरु गोविंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था की रक्षा करते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे. मुगल शासन काल के दौरान पंजाब में सिखों के नेता गुरु गोविंद सिंह के चार बेटे थे .उन्हें चार साहिबजादे खालसा कहा जाता था.आज उनकी कहानियों को याद करने का दिन है और यह जानने का भी दिन है . कैसे उनकी निर्मम हत्या कर दी गई खासकर जोरावर और फतेह सिंह की सरसा नदी के तट पर एक लड़ाई के दौरान दोनों साहिबजादे को मुगल सेना ने बंदी बना लिया था . इस्लाम धर्म कबूल नहीं करने पर उन्हें क्रमशः 8 और 5 साल की उम्र में कथित तौर पर जिंदा दफन कर दिया गया था. मौके पर बच्चों के बीच क्विज का भी आयोजन किया गया और बच्चों को पुरस्कृत किया गया.

## खनन टास्क फोर्स का कतरास में छापा

# अवैध कोयला लदे छह ट्रक जब्त



**संवाददाता। कतरास**

धनबाद जिला खनन टास्क फोर्स की टीम ने मंगलवार की देर शाम कतरास में छापामारी अभियान चलाया. इस दौरान कतरास थाना क्षेत्र के श्यामडीह से अवैध कोयला लदे छह ट्रकों को जब्त किया गया. सभी ट्रक श्यामडीह पेट्रोल पंप के समीप खड़े थे. हालांकि छापामारी दल को देखते ही ट्रकों के चालक व उपचालक भाग निकले. ट्रैकों पर 40 से 45 टन अवैध कोयला लदा था. अचानक हुई इस कार्रवाई से कोयला तस्करों में खलबली मच गई. छापामारी के बाद कोयला तस्कर मैनेज करने की जुगत में जुट गए, लेकिन अधिकारियों के सामने उनकी एक नहीं चली.टीम ने जब्त सभी ट्रैकों को कतरास पुलिस के हवाले कर दिया. ट्रकों व उन पर लोड कोयले से संबंधित कागजात की जांज की जा रही है.जानकारी के अनुसार, ट्रकों पर कतरास के आगरडीह से कोयला लोड कर बाहर भेजने की तैयारी थी, लेकिन पहले ही जब्त कर लिए गए.

# टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर सहदेव गंझू धराया

**आशीष टैगोर। लातेहार**

लातेहार पुलिस को सोमवार की रात्रि एक सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने टीएसपीसी नक्सली संगठन का सब जोनल कमांडर सहदेव गंझू उर्फ सहादेव गंझू उर्फ रौशन जी उर्फ रंजन उर्फ रितेश जी उर्फ अभिषेक को गिरफ्तार किया है. उसकी गिरफ्तारी बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेसाबार-भांग जंगल से की गयी है. इस आशय की जानकारी पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने मंगलवार की देर शाम पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी. उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर की रात सूचना मिली थी कि टीएसपीसी नक्सली संगठन का जोनल कमांडर आक्रमण गंझू अपने कुछ सहयोगियों के साथ बालूमाथ थाना के हेसाबार, भांग जंगल में भ्रमणशील है और लेवी व रंगदारी वसलूने तथा किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है.



**सूचना के बाद छापामारी दल गठित किया गया :** सूचना के सत्यापन के बाद बालूमाथ अंचल पुलिस निरीक्षक शशिरंजन कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया. छापामारी दल जब हेसाबार जंगल में पहुंचा तो पुलिस को देख कर हथियारबंद लोग भागने लगे. पुलिस ने खदेड़ को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया. उसके पास से एक लोडेड पिस्टल व कारतुस बरामद किया गया. पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सहदेव गंझू उर्फ सहादेव गझू उर्फ रौशन जी उर्फ रंजन जी उर्फ रितेश जी उर्फ अभिषेक बताया. उसने बताया कि वह लातेहार के बारियातू थाना क्षेत्र के सिरिसमाद ग्राम का रहने वाला है और टीएसपीसी संगठन का सब जोनल कमाडंर है.

### बरामद सामग्रियां

पुलिस ने उसके पास से 7.65 एमएम का एक पिस्टल और चार राउंड गोली बरामद किया गया है. इसके अलावा उसके 7.6 एमएम का दस राउंड कारतूस दो मोबाइल बरामद किया गया है.

## एसएनएमएमसीएच का वायरोलॉजी लैब पोर्टल ब्लॉक

# विभाग फिर से पोर्टल शुरू कराने के प्रयास में जुटा

**संवाददाता। धनबाद**

आरटीपीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट सटीक मानी जाती है, लेकिन धनबाद में कोविड की आरटीपीसीआर टेस्ट फिलहाल संभव नहीं है. दरअसल, एसएनएमएमसीएच का माइक्रोबायोलॉजी लैब आईसीएमआर के पोर्टल पर ब्लॉक हो चुका है. मेडिकल कॉलेज के सूत्र बताते हैं कि लैब एक साल से अधिक समय से बंद है. किसी प्रकार की गतिविधि नहीं होने के कारण लैब को आईसीएमआर के पोर्टल से हटा दिया गया है. जानकारों के अनुसार, चूंकि लैब एक साल से अधिक समय से बंद है, इसलिए इसे पुनः चालू करने के लिए आईसीएमआर को आवेदन देना होगा. आईसीएमआर आवेदन के अनुसार लैब के क्वालिटी कंट्रोल की जांच करेगा. इसके बाद ही जांच शुरू करने की अनुमति संभव है.

**लैब में संसाधन व मैनपावर तक नहीं :** कोरोना काल में एसएनएमएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में सैंपल की जांच के लिए पांच आरटीपीसीआर मशीनें लगाई गईं. इसके बाद आनन-फानन में लैब में जांच के लिए आईसीएमआर से अनुमति ली गई. उस समय लैब में लगभग 15 लाख सैंपल की जांच की गई. धनबाद सहित कई जिलों के कोविड सैंपल की जांच इसी लैब पर निर्भर थी.

> रिएजेंट समेत अन्य संसाधन नहीं रहने के कारण लैब में जांच बंद है. आईसीएमआर से अनुमति राज्य सरकार को लेनी है. विभाग से नया वायरोलॉजी लैब बनाने का आग्रह भी किया गया है.
>
> **डॉ बीके सिंह, एचओडी, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, एसएनएमएमसीएच**

## तोहफा | धनबाद के सांसद ने किया उद्घाटन, बीसीसीएल के सीएमडी और विधायक भी थे मौजूद

# धनबादवासियों को समर्पित किया गया अमृत महोत्सव पार्क

**संवाददाता। धनबाद**

बीसीसीएल ने धनबादवासियों को जगजीवन नगर में अमृत महोत्सव पार्क समर्पित किया है. जिसका उद्घाटन धनबाद के सांसद ने किया. मौके पर बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता और विधायक राज सिन्हा समेत कई लोग मौजूद थे. पार्क में स्थापित भारत माता की मूर्ति का अनावरण किया. बीसीसएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्ण रमैय्या, निदेशक (तकनीकी) संजय सिंह के साथ नारियल फोड़कर पूजन किया. मुख्य अतिथि पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि बीसीसीएल की ओर से बेहतर पार्क का निमार्ण किया गया है.



इसके लिए बीसीसीएल प्रबंधक बधाई के पात्र हैं. सीएमडी समीरन दत्ता के नेतृत्व में बीसीसीएल अनवरत रूप से समाज के उत्थान के लिए कार्य हो रहा है. विधायक राज सिन्हा ने कहा कि कुछ समय पहले तक जिस जगह से गुजरने में नाक पर रुमाल रखना पड़ता था, वहां बीसीसीएल के प्रयास से समाज के लिए सुंदर और मनोरम पार्क बन गया. यह पार्क सेंट्रल हॉस्पिटल के निकट बनाया गया है. कुछ समय पहले कचरा और गंदगी फैली रहती थी. सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि सामाजिक सरोंकारों के प्रति बीसीसीएल सदैव समर्पित है.

### जीवन स्तर में सुधार करने के लिए हैं प्रतिबद्ध : सीएमडी

हम केवल कोयला खनन ही नहीं करते हैं, बल्कि सामाजिक सरोकारों और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों के माध्यम से धनबादवासियों के जीवन स्तर में सुधार करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं. निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्ण रमैय्या ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि हमें सांसद, विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों का पूरा सहयोग, समर्थन और सुझाव भी मिलते रहे हैं. इस दौरान सांसद पशुपति नाथ सिंह और विधायक राज सिन्हा ने पार्क का भ्रमण कर बीसीसीएल निदेशक मंडल के साथ पौधरोपण भी किया. सभी गणमान्य व्यक्तियों ने पार्क के अंदर भ्रमण किया और पार्क में बनाए गये ओपन जिम, किड्स जोन, और वाकिंग-ट्रेक आदि को देखा.

### ये हैं पार्क की विशेषताएं

भारत माता की प्रतिमा, पार्क निर्माण में कोई वृक्ष नहीं काटा गया, ओपन जिम, बच्चों के लिए अलग स्थान, लान एरिया, रंगीन लाइट के साथ फव्वारा, मधुबनी चित्रकारी के जैसी सुन्दर पेंटिंग, 24 घंटे रोजाना सुरक्षा गार्ड की तैनाती, दो हाईमास्ट लाइट

### बर्थ डे ब्वॉय हत्याकांड के सभी आरोपी गिरफ्तार

**हजारीबाग।** लोहसिंघना थाना की पुलिस ने झील पर बीते 23 दिसंबर को जन्मदीन की पार्टी मना रहे मो. सकीबूल हत्याकांड में आरोपी और उसके पांचों दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है. हालांकि सभी आरोपी नाबालिग हैं और इस स्थिति में पुलिस ने आरोपियों को किशोर न्यायालय में पेश किया. जहां से सभी आरोपितों को बाल सृधार गृह में भेज दिया है.थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि मृतक सकीबूल के पिता के आवेदन पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के बाद पुलिस ने आरोपियों को सोमवार को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया था.बता दें कि 23 दिसंबर की रात स्थानीय झील परिसर में सकीबूल अपना 14वां जन्मदीन मना रहा था. जन्मदीन में उसके चचेरे भाई सलमान के अलावा पांच अन्य दोस्त भी शामिल थे.

# भवन निर्माण विभाग ने निकाले गए टेंडर को किया रद्द

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

**शैलेश सिंह। किरीबुरु**

शुभम संदेश की खबर का एक बार फिर बड़ा असर हुआ है. भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, चाईबासा ने निकाले गये अति अल्पकालीन निविदा को रद्द कर दिया है. उक्त टेंडर को रद्द करने संबंधित आदेश कार्यपालक अभियंता ने जारी कर दिया है. बता दें कि शुभम संदेश ने इससे संबंधित खबर 25 दिसंबर के अंक में प्रकाशित किया था. खबर में बताया गया था कि भवन निर्माण विभाग द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा जारी संकल्प आदेश को नहीं माना जा रहा है. साथ ही टेंडर को लेकर प्रकाशित विज्ञापन में कई त्रुटियां पाई गई, जो किसी खास को लाभ पहुंचाने के इरादे से की गई थी, ऐसा प्रतित हो रहा था. खबर छपने के बाद विभाग ने आनन-फानन में टेंडर को रद्द कर दिया.

बता दें कि बीते 16 अक्टूबर को ही ऑफ लाइन टेंडर की प्रक्रिया को बंद करने का आदेश हो गया है. टेंडर की सभी प्रक्रिया ऑनलाइन करने का निर्देश जारी है. बावजूद इसके भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, चाईबासा द्वारा ने निविदा बीसीडी/चाईबासा/56/2023-24 पी० आर० सं०-314027 (पश्चिम सिंहभूम) 23-24 डी निकाला. जिसमें ई-टेंडर आधारित ऑन लाईन टेंडर फीस और इएमडी की राशि ऑनलाइन जमा करने का जिक्र प्रकाशित विज्ञापन में नहीं किया गया था. जिसको लेकर कई सवाल उठ रहे थे.

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत की पहली पदक विजेता अंजू बॉबी जॉर्ज ने की पीएम की प्रशंसा, कहा-

# मौजूदा एथलीटों से ईर्ष्या, क्योंकि मैंने गलत युग में प्रतिस्पर्धा की

भाषा । नयी दिल्ली

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत की पहली पदक विजेता अंजू बॉबी जॉर्ज ने देश में खेलों को बढ़ावा देने और बदलाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने 'गलत युग में' प्रतिस्पर्धा की. क्रिसमस के मौके पर प्रधानमंत्री आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में लंबी कूद की महान खिलाड़ी अंजू ने कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में मैंने लगभग 25 वर्षों तक प्रतिस्पर्धा की और मैं बहुत सारे बदलाव देख रही हूं. जब मैंने 20 साल पहले भारत को पहला वैश्विक पदक दिलाया था तो मेरा विभाग भी मुझे पदोन्नति देने के लिए तैयार नहीं था. उन्होंने कहा कि लेकिन नीरज (चोपड़ा) के पदक जीतने के बाद मैंने बदलाव देखे हैं. जिस तरह से हम जश्न मना रहे हैं. मैं उनसे ईर्ष्या करती हूं क्योंकि मैं गलत युग में थी.

### क्या कहा

- पीएम आवास पर क्रिसमस के कार्यक्रम में शामिल हुई थी अंजू
- नीरज के पदक जीतने के बाद मैनें काफी बदलाव देखे

### महिला सशक्तीकरण अब सिर्फ एक शब्द नहीं : अंजू

पेरिस में 2003 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली अंजू ने महिला सशक्तिकरण के बारे में बात की और यह भी बताया कि कैसे देश अब एथलीटों की उपलब्धियों का भी जश्न मनाता है. उन्होंने कहा, महिला सशक्तिकरण अब सिर्फ एक शब्द नहीं है. हर भारतीय लड़की सपने देखने के लिए तैयार है और उन्हें पता है कि उनके सपने सच होंगे. प्रधानमंत्री ने क्रिसमस के मौके पर ईसाई समुदाय के साथ बातचीत की और अंजू इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में शामिल थीं. अंजू ने कहा कि मुझे लगता है कि निकट भविष्य में हम (खेल जगत में) शीर्ष पर होंगे. अपनी अन्य उपलब्धियों में अंजू ने 2003 के एफ्रो-एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता और 2004 के एथेंस ओलंपिक खेलों में 6.83 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे वह पांचवें स्थान पर रहीं थी. उन्हें 2002 में अर्जुन पुरस्कार, 2003 में खेल रत्न और 2004 में चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया.



*जब मैंने 20 साल पहले भारत को पहला वैश्विक पदक दिलाया था तो मेरा विभाग भी मुझे पदोन्नति देने के लिए तैयार नहीं था.*

### आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- गोल्फ छेद का व्यास कितना होता है? **-4.50 इंच**
- किस खेल से संबंधित है 'ग्राउंड स्ट्रोक' शब्द नाम? **-टेबल टेनिस**
- उस व्यक्ति का नाम बताइए जो 'ग्रेट डिलेयर' उपनाम क्रिकेट अंपायर से भी चर्चित है? **-डिकी बर्ड**
- किस खेल से संबंधित है 'चकर' शब्द नाम? **-पोलो से**
- उस लेखक का नाम बताइए जिसने 'चमत्कारी सचिन' पुस्तक को लिखा था? **-लोकेश थानी**
- किस खेल से संबंधित है 'चाइना कप'? **-जिमनास्टिक**
- चिरंजीवी मिल्खा सिंह किस खेल के खिलाड़ी हैं? **-गोल्फ**
- चीन का राष्ट्रीय खेल क्या है? **-टेबल टेनिस**
- किस खेल से संबंधित हैं 'चेकमेट' शब्द? **-शतरंज से**
- किस खेल से संबंधित है 'चेज, फ्रीजो व पोन' शब्द ? **-खो-खो**

### ब्रीफ खबरें

#### भारत ए के पहले दिन का खेल बारिश से धुला

**बेनोनी ।** भारत ए और दक्षिण अफ्रीका के बीच यहां खेले जाने वाले दूसरे चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन का खेल बारिश के कारण नहीं हो पाया. बारिश और आउटफील्ड गीली होने के कारण पहले दिन टॉस भी नहीं हो पाया. अंपायरों ने खेल शुरू नहीं होने की स्थिति को देखते हुए दिन का खेल रद्द करने की घोषणा की. इन दोनों टीम के बीच पहला चार दिवसीय मैच ड्रॉ रहा था. भारतीय टीम ने उस मैच में दक्षिण अफ्रीका ए के 319 रन के जवाब में प्रदोष रंजन पाल के 163 रन की मदद से 417 रन बनाए थे. दक्षिण अफ्रीका की टीम ने मैच ड्रॉ घोषित किए जाने से पहले अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 152 रन बनाए थे.

#### झारखंड टेनिस वॉलीबाल टीम केरल रवाना

**आदित्यपुर ।** 25वीं मिनी अंडर-14 एवं 25वीं यूथ अंडर -21 राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार से केरल के कोझिकोड में टेनिस वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन किया जा रहा है, जिसमें झारखंड राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबाल टीम अंडर-14 आयु वर्ग में बालक, मिनी मिक्सड डबल्स में एवं यूथ अंडर 21 आयु वर्ग में बालक /बालिका और मिक्सड डबल्स में भाग ले रही है. जिसके लिए मंगलवार को झारखंड की टीम केरल के लिए टाटानगर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई.

**टेस्ट मैच :** बारिश के कारण पहले दिन का खेल जल्दी खत्म

# राहुल ने संभाली भारतीय पारी

भाषा । सेंचुरियन

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले के पहले दिन मंगलवार को यहां तीसरे सत्र में खराब रोशनी और बारिश के कारण खेल जल्दी समाप्त करना पड़ा. दिन का खेल समाप्त घोषित किए जाने के समय भारत ने 59 ओवर में आठ विकेट पर 208 रन बनाए थे. विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल 70 रन बनाकर भारतीय पारी को संभाला और क्रीज पर मोहम्मद सिराज (शून्य) के साथ मौजूद है. भारत के लिए विराट कोहली (38), श्रेयस अय्यर (31) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे. दक्षिण अफ्रीका के लिए कैगिसो रबाडा ने पांच विकेट लिये. भारत के खिलाफ उन्होंने पहली बार टेस्ट पारी में पांच विकेट झटके. इससे पहले दिन की शुरुआत में बारिश के कारण मैदान गीला होने से टॉस में 45 मिनट का विलंब हुआ था जबकि मैच आधा घंटा देरी से शुरू हुआ था. रबाडा ने लंबे समय तक ऑफ स्टंप के बाहर मुश्किल लाइन लेंथ पर गेंदबाजी करके भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया. उन्होंने अब तब 15 ओवर में 41 रन देकर पांच विकेट लिये है जो भारत के खिलाफ उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. लंच और चाय के विश्राम के बीच भारत ने चार विकेट गंवाये और यह चारों सफलता रबाडा के नाम रही. रबाडा की अंदर और बाहर जाती गेंदों की विविधता से कोहली के मन में भ्रम पैदा किया और गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में चली गयी. उन्होंने रविचंद्रन अश्विन (आठ) और कुछ आक्रामक शॉट लगाने वाले शारदुल ठाकुर (24) का विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट में 14वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा पूरा किया. भारतीय टीम ने दिन के दूसरे सत्र में 24 ओवर में 85 रन बनाये.



### खास बातें

- पहले दिन भारत ने आठ विकेट पर 208 रन बनाए
- 70 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं राहुल

### बावुमा चोटिल, मैच में आगे खेलना संदिग्ध

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा को मैच के दौरान बायीं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण मैदान छोड़ना पड़ा और उनका मैच में आगे खेलना संदिग्ध है. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को यानसन पर लगाए गए विराट कोहली के ड्राइव को रोकने के प्रयास में बावुमा चोटिल हो गए और उन्हें 20वें ओवर में मैदान छोड़ना पड़ा. क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के अनुसार, स्कैन से पता चला है कि उनकी बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है. मैच में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें चिकित्सकों की दैनिक मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना होगा. बावुमा एक्स्ट्रा कवर क्षेत्र में गेंद को रोकने के प्रयास में चोटिल होने के बाद दक्षिण अफ्रीका के फिजियो की मदद से मैदान से बाहर गए. उनके स्थान पर डीन एल्गर ने कार्यवाहक कप्तान के रूप में जिम्मेदारी संभाली. एल्गर ने इस श्रृंखला के बाद संन्यास लेने की घोषणा की है। बावुमा की जगह वियान मुल्डर ने क्षेत्ररक्षण किया.

### द. अफ्रीका में शृंखला जीतने के लिए भाग्य की जरूरत : द्रविड़

**नयी दिल्ली ।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा दौरे पर टेस्ट श्रृंखला को जीतने के लिए उनकी टीम को किस्मत की भी थोड़ी जरूरत होगी. भारतीय टीम ने 1992 में पहली बार दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था. टीम हालांकि पिछले 31 साल में उस देश में आठ टेस्ट श्रृंखला में से एक को भी जीतने में सफल नहीं रही है. इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों में सफलता का स्वाद चख चुकी भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में 23 टेस्ट में सिर्फ चार जीत दर्ज की हैं.

## लिटिल विंग्स बी डिवीजन स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता

**यूथ सीसी बनाम हटिया सीसी**

- यूथ सीसी - 270/4. ओवर - 32.0
- प्रखर - 102, रक्षित - 48, रंजीत - 33, अभिषेक - 30, आकाश - 2/40
- हटिया सीसी - 185/10. ओवर - 27.0
- हर्ष - 82, उज्जवल - 39, प्रखर - 8/45
- यूथ सीसी की टीम 85 रनों से जीती

**वेंचर स्किल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट**

- साई ब्लू बनाम बगवार सीए
- साई ब्लू - 154/2, ओवर - 30
- राजवीर - 46, प्रांजल - 42, अवलाश - 31
- सिवा - 38/2
- बगवार सीए- 72/10, ओवर- 13.2
- आदर्श- 24, आर्यन - 3/3, मंगेश- 5/2, प्रखर - 7/2
- साई ब्लू की 82 रनों से जीती

छह खेलों की मेजबानी करेगा झारखंड

# झारखंड में होने वाले एसजीएफआई के तीन खेलों का कार्यक्रम जारी

शुभम किशोर । रांची

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल 2023 के तहत छह खेलों (फुटबॉल, खो खो, कबड्डी, वूशु, स्केटिंग और साइक्लिंग) की मेजबानी झारखंड को मिली है. जिसमें तीन खेलों के आयोजन का डेट एसजीएफआई ने जारी कर दिया है. जानकारी के अनुसार 17 जनवरी से 12 फरवरी तक तीनों खेल का आयोजन रांची के खेलगांव परिसर में होना है, जिसमें अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 17 जनवरी से होगा. वहीं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 24 जनवरी से होगा. जबकि साइक्लिंग प्रतियोगिता 8 फरवरी से होगी. जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग ने एसजीएफआई की पूरी तैयारी कर ली है.

### किस खेल का आयोजन कब

- फुटबॉल अंडर-14 बालक व बालिका का आयोजन 17 से 21 जनवरी तक खेलगांव में किया जाएगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 11 जनवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 16 जनवरी को करना है.
- कबड्डी अंडर- 14 बालक वर्ग का आयोजन 24 से 28 जनवरी तक खेलगांव में किया जाएगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 18 जनवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 23 जनवरी को करना है.
- साइक्लिंग अंडर 14,17,19 बालक व बालिका का आयोजन 8 से 12 फरवरी तक खेलगांव में किया जाएगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 2 फरवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 7 फरवरी को करना है

ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान टेस्ट मैच

## लाबुशेन की पारी से ऑस्ट्रेलिया की स्थिति मजबूत

भाषा । मेलबर्न

मार्नस लाबुशेन की नाबाद 44 रन की जुझारू पारी से ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के वर्षा से प्रभावित पहले दिन तीन विकेट पर 187 रन बनाए. पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने आसमान में छाए बादलों के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया लेकिन चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने के बावजूद मेहमान टीम दबदबा बनाने में नाकाम रही. उस्मान ख्वाजा (101 गेंद में 42 रन) और डेविड वार्नर (83 गेंद में 38 रन) ने गेंदबाजों को मिल रही मदद के बीच पहले विकेट के लिए 90 रन जोड़कर पाकिस्तान की शुरुआती सफलता हासिल करने की उम्मीदों को तोड़ा. अपनी अंतिम टेस्ट श्रृंखला खेल रहे वार्नर ने स्पिनर आगा सलमान के लंच से पहले के आखिरी ओवर में स्लिप में बाबर आजम को कैच थमाया.

पर्थ में पहले टेस्ट में 164 रन की पारी खेलने वाले वार्नर दो रन के निजी स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब शाहीन शाह अफरीदी के पारी के तीसरे ओवर में अब्दुल्ला शफीक ने स्लिप में उनका कैच टपका दिया. लंच के समय 36 रन बनाकर नाबाद ख्वाजा दूसरे सत्र में छह और रन जोड़कर हसन अली की गेंद को दूसरी स्लिप में सलमान के हाथों में खेल गए जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 108 रन हो गया. ख्वाजा 2023 में 1210 रन बनाकर मौजूदा साल में टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं.



### राष्ट्रीय शिविर के लिए 34 संभावितों की घोषणा

**बेंगलुरू ।** ओलंपिक क्वालीफायर और हॉकी फाइव्स विश्व कप की तैयारी के लक्ष्य के साथ भारत की 34 खिलाड़ी गुरुवार से यहां सीनियर महिला हॉकी कोचिंग शिविर में हिस्सा लेंगी. स्पेन में पांच देशों के टूर्नामेंट में मेजबान के अलावा बेल्जियम, जर्मनी और आयरलैंड से भिड़ने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को ब्रेक मिला था और अब वे शिविर में हिस्सा लेंगी. ओलंपिक क्वालीफायर रांची में 13 से 19 जनवरी तक होने हैं जिसमें भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ रखा गया है. पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य को जगह मिली है. भारत ने रांची में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था. मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि पांच देशों का टूर्नामेंट ओलंपिक क्वालीफायर से पहले तैयारियों को परखने का अच्छा मौका था.

# खिलाड़ियों को अबतक नहीं मिले किट

अपने अंतिम पड़ाव में है मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता

शुभम किशोर । रांची

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 अपने अंतिम पड़ाव में है. जोनल स्तरीय प्रतियोगिता समाप्त हो चुके है, लेकिन अब तब खिलाड़ियों को खेल किट नहीं मिल सका है. बता दें कि प्रतियोगिता के शुरू होने से पहले प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को किट और जर्सी दी जानी थी, मगर जोनल प्रतियोगिता के समापन के बाद भी अब तक खिलाड़ियों को न तो जर्सी उपलब्ध करायी गई है और न ही किट. जानकारी के अनुसार अब भी कई जिलों में किट और जर्सी के खरीदारी के लिए टेंडर प्रक्रिया ही चल रही है. जहां टेंडर हो गया है, वहां आवंटन का इंतजार किया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक सभी जिलों को अब तक 20 प्रतिशत राशि का ही आवंटन हो सका है. पिछले साल इस खेल प्रतियोगिता के लिए लगभग 15 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई थी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पंचायत से लेकर जिला स्तर पर खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए इस महत्वकांक्षी योजना को शुरू किया था.

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तिथि % बढ़ी :** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है. विभाग द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार प्रतियोगिता का समापन 30 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी फुटबॉल मैदान में होना था, लेकिन खेल निदेशक ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन की तिथि को आगे बढ़ाया गया है.



### किट खरीदने का निर्देश दे दिया गया है : खेल निदेशक



*इस मामले पर जब खेल निदेशक सुशांत गौरव से बात की गई तो उन्होंने अपना पलड़ा झाड़ते हुए कहा की हमारे तरफ से सभी जिलों को खेल किट खरीदने का निर्देश दे दिया गया है. वहीं खेल मद में राशि नहीं होने के कारण उन्हें 20 प्रतिशत राशि ही आवंटन किया गया है, जिससे वो किट खरीदने की प्रक्रिया आगे बढ़ा सकें.*

**प्रेरणादायी** बचपन से सैनिक बनकर देश की सेवा करना चाहते थे, दृष्टिबाधित होने के कारण सपना टूटा

# अब... क्रिकेट के जरिए अजय कुमार रेड्डी कर रहे हैं देश की सेवा

भाषा । नयी दिल्ली

बचपन में अजय कुमार रेड्डी सैनिक बनकर देश की सेवा करना चाहते थे. जब उन्हें पता चला कि दृष्टिबाधित लोग सेना में प्रवेश नहीं कर सकते तो उनका दिल टूट गया. कम उम्र में ही आंशिक रूप से दृष्टिबाधित हुए अजय ने हालांकि जल्द ही भारत की सेवा करने का एक और तरीका ढूंढ लिया: क्रिकेट खेलना और विश्व कप जीतना. उनके योगदान के लिए उन्हें अगले महीने अर्जुन पुरस्कार मिलेगा और वह दृष्टिबाधित क्रिकेट में यह सम्मान पाने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे. तैंतीस साल के अजय ने कहा कि जीवन में एक समय हमारे लिए बहुत कठिन समय था. मेरे माता-पिता केवल खेती करना जानते थे. हमें उस समय वित्तीय परेशानियां होने लगीं. हमें खाने के लिए भी पैसे उधार लेने पड़े. उन्होंने कहा कि मेरे माता-पिता ने चाय बेचना शुरू कर दिया और इडली-डोसा का स्टॉल लगाया. उन्होंने मुझे छात्रावास में रखा जिससे कि मुझे उचित भोजन मिले लेकिन मैं वहां नहीं रहा. मुझे लगा कि वे मुझे छोड़ रहे हैं. अजय को क्रिकेट से मदद मिली और वे पूरी रात खेलते थे, सुबह सोते और दोपहर एक बजे उठकर फिर से खेलना शुरू कर देते थे.

### खास बातें

- अगले महीने अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होंगे अजय
- दृष्टिबाधित क्रिकेट में भारतीय टीम के कप्तान हैं अजय
- अजय की मौजूदगी में भारत ने वनडे व टी-20 विश्व कप जीते




### चार साल की उम्र में अजय ने गंवा दी थी अपनी बायीं आंख की रोशनी

आंध्र प्रदेश के गुराजाला में जन्में भारतीय दृष्टिबाधित टीम के कप्तान अजय ने चार साल की उम्र में एक दुर्घटना में अपनी बाईं आंख की रोशनी गंवा दी थी. अजय ने पीटीआई से कहा कि मेरे माता-पिता किसान थे. एक दिन जब मेरे माता-पिता खेत में काम करने गए थे तो मैं सो नहीं पा रहा था. उन्होंने कहा कि मैं अपनी मां के पास जाना चाहता था. जैसे ही मैं उठा, दरवाजे की कुंडी मेरी आंख के अंदर चली गई. मेरी सर्जरी हुई लेकिन मेरी बाईं आंख की रोशनी चली गई. अजय ने कहा कि मुझे दाहिनी आंख से थोड़ा बहुत दिखता था लेकिन जब मैं 12 साल का हुआ तो मैं बोर्ड पर अक्षर नहीं देख पाता था. पूरी तरह से दृष्टि गंवाने से बचने के लिए डॉक्टरों ने अजय के माता-पिता को उसे दृष्टिबाधितों के विद्यालय में ले जाने की सलाह दी. अजय के माता पिता इसके बाद नरसारावपेट चले गए और 2002 में उनका दाखिला 'लुथेरन हाई स्कूल फोर ब्लाइंड' में करा दिया और इसके साथ उनके जीवन में नए सफर की शुरुआत हुई.

**2010 में अजय ने भारत के लिए किया पदार्पण**

अजय ने 2010 में भारत के लिए पदार्पण किया और टी-20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा बने लेकिन इससे उन्हें ज्यादा खुशी नहीं मिली. उन्होंने कहा कि पहली बार हमने टी20 विश्व कप जीता. पाकिस्तान क्रिकेटरों ने कहा 'ओह, यह एक नया प्रारूप है, आप भाग्यशाली थे इसलिए जीत गए. वनडे में हम नंबर एक हैं. चोट से जूझते हुए खिताबी मुकाबले में नाबाद 74 रन बनाने वाले अजय ने कहा कि 2014 एकदिवसीय फाइनल में पाकिस्तान को हराना मेरे जीवन का सबसे अच्छा पल था.

## विनेश फोगाट ने खेल रत्न व अर्जुन पुरस्कार लौटा दिये

भाषा । नयी दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता विनेश फोगाट ने बृज भूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का अध्यक्ष चुने जाने के विरोध में मंगलवार को अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार सरकार को लौटा दिये. इस पहलवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए पत्र में यह जानकारी दी है. विनेश से पहले ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और डेफलंपिक्स के चैंपियन वीरेंदर सिंह यादव ने अपने पद्मश्री पुरस्कार लौटा दिए थे. विनेश ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किए गए पत्र में घोषणा की कि मैं अपने मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार लौटा रही हूं. गुरुवार को संजय सिंह को डब्ल्यूएफआई का अध्यक्ष चुना गया था. बृजभूषण के करीबी संजय के गुट ने इन चुनाव में 15 में से 13 पद जीते थे. पहलवानों ने इससे पहले मांग की थी कि बृज भूषण का कोई भी करीबी डब्ल्यूएफआई प्रशासन में नहीं होना चाहिए. चुनाव के बाद रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने खेल से संन्यास लेने की घोषणा की थी. खेल मंत्रालय ने हालांकि फैसला करते समय अपने संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर नव निर्वाचित पैनल को निलंबित कर दिया था और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को कुश्ती के संचालन के लिए एक तदर्थ पैनल का गठन करने के लिए कहा था.







मछुआरा समुदाय के सदस्यों ने 2004 की सुनामी की 19वीं बरसी पर चेन्नई के मरीना समुद्र तट पर पीड़ितों के लिए प्रार्थना की. फोटो : पीटीआई

## आओ जानें

### दादा साहेब फाल्के पुरस्कार पाने वाले कुछ कलाकार

| नाम | वर्ष |
|---|---|
| वहीदा रहमान | 2023 |
| आशा पारेख | 2020 |
| रजनीकांत | 2019 |
| अमिताभ बच्चन | 2018 |
| विनोद खन्ना | 2017 |
| के. विश्वनाथ | 2016 |
| मनोज कुमार | 2015 |
| शशि कपूर | 2014 |
| गुलजार | 2013 |
| प्राण | 2012 |
| सौमित्र चटर्जी | 2011 |



## ब्रीफ खबरें

### लद्दाख, जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके

**जम्मू।** लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को तड़के हल्की तीव्रता के दो भूकंप महसूस किए गए. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि भूकंप के झटकों से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है. अधिकारियों ने बताया कि दोनों भूकंप का केंद्र लद्दाख के लेह जिले और जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में था. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के मुताबिक, लद्दाख में सुबह चार बजकर 33 मिनट पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आया.

### वंदे भारत ट्रेन का परीक्षण संचालन शुरू

**मंगलुरु।** मंगलुरु-मडगांव सेमी हाई-स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस का परीक्षण संचालन मंगलवार को मंगलुरु मध्य रेलवे स्टेशन से शुरू हो गया. मंगलुरु मध्य रेलवे स्टेशन पर जब मंगलुरु-मडगांव सेमी हाई-स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस के परीक्षण संचालन को हरी झंडी दिखाई गई तब दक्षिण कन्नड़ से सांसद नलिन कुमार कटील, स्थानीय धायक और रेलवे अधिकारी उपस्थित थे. मंगलुरु मध्य से सुबह साढ़े आठ बजे रवाना हुई ट्रेन दोपहर एक बजकर 15 मिनट पर मडगांव पहुंचेगी. वापसी में यह दोपहर एक बजकर 45 मिनट पर मडगांव से रवाना होगी.

### सबरीमाला में राजस्व संग्रह 200 करोड़ के पार

**सबरीमला।** सबरीमाला में राजस्व संग्रह मंगलवार को 200 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया और इसी के साथ दो महीने की वार्षिक तीर्थयात्रा का पहला चरण 27 दिसंबर को शुभ 'मंडला पूजा' के साथ संपन्न होने वाला है. भगवान अयप्पा मंदिर का प्रबंधन करने वाले शीर्ष मंदिर निकाय त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने आज कहा कि मंदिर को 25 दिसंबर तक पिछले 39 दिन में 204.30 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है. टीडीबी अध्यक्ष पीएस प्रशांत ने कहा कि तीर्थयात्रियों द्वारा चढ़ाए गए सिक्कों की गिनती के बाद राजस्व राशि में वृद्धि होगी.

### सहायक उप निरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने मंगलवार को सीकर जिले में पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) को परिवादी से 50 हजार रुपए की कथित रिश्वत लेते गिरफ्तार किया. ब्यूरो की ओर से यहां जारी बयान के अनुसार पुलिस थाना फतेहपुर सदर के सहायक उप निरीक्षक इन्तयाज खान को गिरफ्तार किया गया है. परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके खिलाफ दर्ज प्रकरण में गिरफ्तारी का भय दिखाकर सहायक उप निरीक्षक इन्तयाज खान ने एक लाख रुपये रिश्वत के रूप में मांग कर परेशान किया जा रहा है.

### जहरीली गैस की चपेट में आए चार श्रमिक

**वडोदरा ।** गुजरात के वडोदरा शहर में एक फार्मास्युटिकल केमिकल कंपनी में पाइप से लीक हो रही जहरीली गैस की चपेट में आए चार श्रमिकों को मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस ने यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया कि सभी श्रमिकों की हालत स्थिर है. उन्होंने बताया कि सुबह करीब आठ बजे हुई घटना के समय नंदेसरी जीआईडीसी क्षेत्र में स्थित फैक्टरी परिसर में कई कर्मचारी मौजूद थे. अधिकारी ने बताया कि एक क्षतिग्रस्त पाइप से गैस का रिसाव होने लगा, जिससे चार श्रमिक प्रभावित हुए.

### रक्षा मंत्री बोले- लाल सागर में पोत पर हमला बेहद गंभीर

# दोषियों को पाताल से निकाल कर सजा देंगे : राजनाथ सिंह

**खास बातें**

- नौसेना की ताकत बढ़ेगी, रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर
- समुद्री हमलावरों के खिलाफ नौसेना पूरी तरह मुस्तैद

**भाषा। मुंबई**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार ने वाणिज्यिक पोत एमवी केम प्लूटो और एमवी साईबाबा पर हाल में हुए हमलों का गंभीरता से संज्ञान लिया है और वह इन हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को समुद्र की गहराई से भी ढूंढकर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी. स्वदेशी युद्धक जहाज आईएनएस इंफाल को नौसेना में शामिल किए जाने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि हाल ही में वाणिज्यिक पोतों पर हुए हमलों के बाद भारत ने समुद्र में गश्त बढ़ा दी है. उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने 'एमवी केम प्लूटो' पर ड्रोन हमले और लाल सागर में 'एमवी साईबाबा' पर हमले की घटना को गंभीरता से लिया है. जिसने भी समुद्री पोत को निशाना बनाया है, उसे बख्शा नहीं जाएगा. हमला करने वाले दोषियों को पाताल से भी ढूंढ निकालेंगे.



### आईसीजीएस विक्रम ने हमले से सुरक्षा प्रदान की

शनिवार को पोरबंदर से लगभग 217 समुद्री मील की दूरी पर 21 भारतीय चालक दल के सदस्यों वाले वाणिज्यिक जहाज 'एमवी केम प्लूटो' पर एक ड्रोन हमला किया गया था, जिसके बाद भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल ने जहाज को सहायता प्रदान करने के लिए कई पोत तैनात किये. जहाज अपराह्न साढे तीन बजे मुंबई तट पर पहुंचा. मुंबई के रास्ते में भारतीय तटरक्षक जहाज आईसीजीएस विक्रम ने उसे सुरक्षा प्रदान की. भारतीय चालक दल के 25 सदस्यों के साथ गैबॉन के ध्वज वाले वाणिज्यिक कच्चे तेल के टैंकर पर कथित तौर पर दक्षिणी लाल सागर में ड्रोन हमला हुआ था. भारतीय अधिकारियों ने बाद में स्पष्ट किया कि वाणिज्यिक तेल टैंकर भारतीय ध्वज वाला जहाज नहीं था. इस बीच, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि वाणिज्यिक जहाजों पर समुद्री डकैती और ड्रोन हमलों से निपटने के लिए चार विध्वंसक तैनात किए गए हैं. उन्होंने कहा कि पी-8आई विमान, डोर्नियर्स, सी गार्डियन, हेलीकॉप्टर और तटरक्षक जहाज - सभी को समुद्री डकैती और ड्रोन हमलों के खतरों का मुकाबला करने के लिए संयुक्त रूप से तैनात किया गया है.

### क्रीमिया में नौसेना का एक पोत क्षतिग्रस्त : रूसी रक्षा मंत्रालय

**कीव।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेनी बलों के हवाई हमले से क्रीमिया में रूसी नौसेना का एक पोत क्षतिग्रस्त हो गया. मंत्रालय ने कहा कि फियोदोसिया शहर में स्थित बंदरगाह पर खड़े पोत 'नोवोचेरकास्क' को योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाया गया. इसने कहा कि हमले के दौरान यूक्रेन के दो लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया गया. पोत कितनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ, इसकी तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है. हालांकि, यूक्रेन के चैनलों पर प्रसारित वीडियो में बंदरगाह क्षेत्र में भीषण आग लगी देखी जा सकती है. पिछले कई महीनों में, यूक्रेनी सेना ने क्रीमिया के आसपास हमले किए हैं. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि इन हमलों से कीव को काला सागर में नेविगेशन बहाल करने और लाखों टन अनाज के निर्यात का मौका मिला. रूस द्वारा नियुक्त क्रीमिया के प्रमुख सर्गेई अक्सयोनोव ने कहा कि हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई.

### चरमपंथी हिंसा के कारण असम में किसी भी जान नहीं गयी : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को दावा किया कि 2023 में चरमपंथी हिंसा के कारण राज्य में किसी की भी जान नहीं गयी और 'जनजातीय उग्रवाद भी पूरी तरह खत्म हो गया. उन्होंने कहा कि राज्य के अधिकतम हिस्सों से धीरे-धीरे सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम (एएफएसपीए) को हटाया जाना भी शांति प्रयासों में एक अन्य बड़ी उपलब्धि रही. शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'केंद्र और राज्य सरकार के निरंतर प्रयास से असम में शांति और समृद्धि का दौर नजर आ रहा है.' उन्होंने कहा कि 2023 में कई संगठनों ने अपने हथियार डाल दिये, और क्षेत्रों से एएफएसपीए हटाया गया, चरमपंथी हिंसा के कारण किसी की भी जान नहीं गयी एवं यह राज्य के लिए यह सफल साल रहा.

### महिला से छेड़छाड़ के आरोप में दो गिरफ्तार

**पणजी ।** गोवा पुलिस ने मापुसा शहर के पास एक गांव में एक महिला और उसकी 24 वर्षीय बेटी से कथित तौर पर यौन संबंध बनाने की पेशकश करने और कई बार छेड़छाड़ करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. पुलिस उपाधीक्षक (मापुसा) जिवबा दलवी ने बताया कि शाहरुख करेली (24) और मोहम्मद इलाही (25) के रूप में पहचाने गए दो आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया. उन्होंने कहा कि पीड़ित - 52 वर्षीय महिला और उसकी बेटी - और आरोपी एक ही इलाके में रहते हैं.

# कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य देश को लूटना : भाजपा

**भाषा। लखनऊ**

कांग्रेस की पिछले हफ्ते से जारी 'उत्तर प्रदेश जोड़ो यात्रा' के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस का एक मात्र उद्देश्य देश को लूटना और परिवार को समृद्ध बनाना है. कांग्रेस ने 20 दिसंबर से 'उप्र जोड़ो यात्रा' सहारनपुर से शुरू की. मंगलवार को कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किया कि प्यार का पैगाम और लोकतंत्र बचाने का संदेश लेकर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में चल रही 'उप्र जोड़ो यात्रा' के सातवें दिन का यात्रा मार्ग. इस पोस्ट में यात्रा स्थलों का जिक्र करते हुए कहा गया है, इन राहों पर चलकर हम प्रदेश को मोहब्बत के एक धागे में पिरो रहे हैं.

इस बीच, भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई ने 'एक्स' पर दावा किया कि देश ने देखा परिवारवाद से विकासवाद तक का सफर, दशकों तक एक ही परिवार ने देश में राज किया, जिसका मात्र एक ही उद्देश्य था, देश को लूटना और परिवार को समृद्ध बनाना.

# पाकिस्तान : पहली हिंदू महिला ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**भाषा। पेशावर**



डॉ. सवीरा प्रकाश पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रांतीय चुनाव में शामिल होने वाली अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की पहली महिला हैं. पेशे से चिकित्सक प्रकाश (25) ने शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा के बुनेर जिले में पीके-25 की सामान्य सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया. उनके पिता ओम प्रकाश ने मंगलवार को को यह जानकारी दी. ओम प्रकाश ने कहा कि उनकी बेटी ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की उम्मीदवार के रूप में पहाड़ी बुनेर जिले से केपीके विधानसभा की सामान्य सीट पीके-25 निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया. उन्होंने केपीके विधानसभा में महिलाओं के लिए आरक्षित एक सीट पर भी नामांकन पत्र दाखिल किया. सवीरा ने पार्टी सीनेटर रूबीना खालिद और प्रांतीय नेताओं के अनुरोध पर नामांकन पत्र भरा है. उन्हें बुधवार को बुनेर में पीपीपी की एक रैली में औपचारिक रूप से पार्टी का टिकट दिया जाएगा. पिछले 35 साल तक पार्टी के सक्रिय सदस्य रहे सेवानिवृत्त चिकित्सक ओम प्रकाश ने कहा कि वह एक गंभीर प्रत्याशी हैं और आठ फरवरी को होने वाले चुनावों में सामान्य तथा सुरक्षित सीट पर चुनाव लड़ेंगी.

### गुरु गोविंद सिंह के बेटों की शहादत की याद में वीर बाल दिवस आयोजित

# देश के प्रति नजरिया बदला है : मोदी

**भाषा। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सिख गुरुओं ने भारतीयों को अपनी भूमि के गौरव के लिए जीना सिखाया और देश को बेहतर व विकसित बनाने के लिए एक प्रेरणा के रूप में कार्य किया. गुरु गोविंद सिंह के दो बेटों की शहादत की याद में आयोजित ''वीर बाल दिवस'' कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि आज का भारत ''गुलामी की मानसिकता'' से बाहर निकल रहा है तो देश के प्रति दुनिया का भी नजरिया बदला है.उन्होंने कहा, जब तक हमने अपनी विरासत का सम्मान नहीं किया, तब तक दुनिया ने भी हमारी विरासत को भाव नहीं दिया। आज जब हम अपनी विरासत पर गर्व कर रहे हैं, तो दुनिया का भी नजरिया बदला है. मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के पास भारत के युवाओं के असीमित सपनों को पूरा



करने के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण और रोडमैप है, चाहे वे किसी भी क्षेत्र और समाज में पैदा हुए हों. उन्होंने कहा कि अगले 25 साल युवाओं के लिए बहुत सारे अवसर लेकर आएंगे. उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार में वृद्धि का हवाला देते हुए कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति है और उसकी नीयत में कोई खोट नहीं है.

साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी शहादत को आज न केवल भारत में बल्कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों में कार्यक्रमों के जरिए विश्व स्तर पर भी याद किया जा रहा है. भारत के वीर साहिबजादों को पूरी दुनिया और ज्यादा जानेगी, उनके महान कार्यों से सीखेगी.

### बिंद्रा की मां से पुलिस ने ली जानकारी

**नोएडा।** मामूली विवाद में पत्नी से मारपीट करने के मामले में नोएडा पुलिस ने 'मोटिवेशनल स्पीकर' विवेक बिंद्रा की मां से संपर्क कर घटना की जानकारी ली है. दंपति के बीच जब विवाद हुआ था, तब विवेक की मां वहां मौजूद थीं. बिंद्रा की पत्नी यानिका के मायके वालों ने मामले में रविवार को सेक्टर-126 थाने में शिकायत दी थी. थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि यानिका की मेडिकल रिपोर्ट में उनके शरीर पर कई जगह चोट होने की बात सामने आई है. उन्होंने बताया कि मामले की जांच विविध पहलुओं पर की जा रही है. यानिका पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि अभी मामले की बारीकी देख रहे हैं और आगामी दिनों में संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की जाएगी. पुलिस को बिंद्रा की सोसाइटी का वीडियो भी मिला है, जिसमें वह पत्नी को गेट से अंदर की ओर खींचते हुए दिख रहे हैं.

# बीएमटीसी में 1,400 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएंगी : सिद्धरमैया

**भाषा। बेंगलुरु**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि अगले साल अप्रैल तक बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (बीएमटीसी) में 1,400 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएंगी. उन्होंने पहले चरण में यहां विधान सौध में बीएमटीसी की 100 गैर-वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई.

मुख्यमंत्री ने कहा कि शक्ति योजना शुरू होने के बाद से अब तक कर्नाटक की महिलाएं राज्य परिवहन की बसों में 120 करोड़ यात्रा मुफ्त कर चुकी हैं. कुल मिलाकर 40 लाख लोग हर दिन बीएमटीसी की बसों से यात्रा करते हैं. इसमें सभी जाति, सभी धर्म और सभी वर्ग की महिलाएं शामिल हैं.



**4.30 करोड़ लोग सरकारी गारंटी योजनाओं से सीधे लाभान्वित:** मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि राज्य के लगभग 4.30 करोड़ लोग सरकारी गारंटी योजनाओं से सीधे लाभान्वित हो रहे हैं. इससे गरीबों और मजदूर वर्गों को आर्थिक प्रगति की मुख्यधारा में लाया जा रहा है. बीएमटीसी ने एक बयान में कहा कि यात्रियों के लिए एक सुरक्षित परिवहन प्रणाली और चालकों को अधिक जागरूक बनाने के लिए 10 बसों में 'एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम' (एडीएएस) लागू किया जा रहा है. इसमें कहा गया है कि यातायात उल्लंघन और दुर्घटना को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिए, सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात नियमों के कड़ाई से पालन के वास्ते पुलिस विभाग के सहयोग से दिसंबर से 3,000 चालकों को ट्रैफिक कमांड और कंट्रोल सेंटर में प्रशिक्षित किया जा रहा है.

**उम्मीद** सात महीने बाद सामान्य स्थिति में लौट रहा मणिपुर, कुकी-मेइती की हिंसा का रहा असर

# 200 से अधिक की मौत हो गई व करीब 60,000 बेघर हुए

**भाषा। इंफाल**

कुकी और मेइती समुदायों के बीच भीषण जातीय संघर्षों के कारण मणिपुर इस साल अधिकतर समय सुर्खियों में बना रहा. इन संघर्षों में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई और करीब 60,000 लोग बेघर हो गए. यूं तो हिंसा तीन मई को भड़की थी, लेकिन आरक्षित वन क्षेत्रों से अतिक्रमणकारियों को हटाने के राज्य सरकार के प्रयासों के कारण चुराचांदपुर और कांगपोकपी के पहाड़ी जिलों में तनाव फरवरी से ही पैदा हो गया था. राज्य सरकार ने फरवरी के अंत में आरक्षित वन भूमि पर अतिक्रमण करने की वजह से चुराचांदपुर जिले में कुकी समुदाय के कुछ घरों को ध्वस्त कर दिया था,

**खास बातें**

- आरक्षित वन क्षेत्रों से अतिक्रमण को हटाने से पैदा हुआ था तनाव
- प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच मार्च में हुई थीं झड़पें

जिसकी कुकी-जो समुदाय के सदस्यों ने निंदा की थी. कांगपोकपी जिले में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच मार्च में उस समय झड़पें हो गईं जब प्रदर्शनकारियों ने आरक्षित वनों, संरक्षित वनों और वन्यजीव अभयारण्य के नाम पर आदिवासी समुदाय की भूमि के अतिक्रमण के खिलाफ एक रैली आयोजित करने की कोशिश की थी.

### 15,000 से अधिक प्रदर्शनकारी एकत्र हुए थे

28 अप्रैल को रैली नगा-बहुल पहाड़ी जिलों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई लेकिन चुराचांदपुर जिला मुख्यालय शहर में एक गैर-आदिवासी वाहन चालक के साथ मारपीट के बाद स्थिति ने खराब मोड़ ले लिया. चुराचांदपुर में 15,000 से अधिक प्रदर्शनकारी एक सार्वजनिक मैदान में एकत्र हुए थे. बाद में करीब 1,000 लोगों की भीड़ ने चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों के तोरबुंग और कांगवई के गैर-आदिवासी गांवों पर हमला किया. उसी रात तेंगनौपाल जिले के सीमावर्ती शहर मोरेह में भी आगजनी की ऐसी ही घटनाएं हुईं.

### चार दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे थे गृह मंत्री

चुराचांदपुर और मोरेह सीमावर्ती शहर में तीन मई की रात को मेइती समुदाय को निशाना बनाया गया. सैकड़ों घर जमींदोज कर दिए गए. अधिकारियों ने कुछ घंटों बाद सभी नौ प्रभावित जिलों में पूर्ण कर्फ्यू लगा दिया. इसके बाद हिंसा और आगजनी की छिटपुट घटनाएं हुईं. इंफाल पश्चिम जिले के नागमपाल इलाके में भीड़ ने भाजपा विधायक वुंगजागिन वाल्टे और उनके वाहन चालक पर हमला कर दिया.

### राहुल भी जून के आखिरी हफ्ते में गए थे दौरे पर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी जून के आखिरी हफ्ते में राज्य का दौरा किया था. अगस्त के पहले सप्ताह में आईटीएलएफ द्वारा कुकी-जो समुदाय के 35 सदस्यों के शवों को दफनाने के फैसले की घोषणा करने के बाद तनाव फिर से भड़क गया. इस घोषणा के बाद इंफाल घाटी में हजारों लोग एकत्र होने लगे, लेकिन सेना के जवानों ने उन्हें रोक दिया. प्राधिकारियों ने कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार से संतुष्ट होकर पूर्वोत्तर राज्य के अधिकतर हिस्सों में तीन दिसंबर को मोबाइल इंटरनेट सेवा बहाल कर दी.

# फ्रांस में चार दिन रोक कर रखा गया विमान मुंबई पहुंचा

**भाषा। मुंबई**

मानव तस्करी के संदेह के कारण फ्रांस में चार दिन रोक कर रखा गया विमान 276 यात्रियों को लेकर मंगलवार तड़के मुंबई पहुंचा. इस विमान में अधिकतर भारतीय नागरिक सवार थे. अधिकारी ने बताया कि एयरबस ए340 विमान तड़के चार बजे के कुछ ही समय बाद मुंबई पहुंचा. विमान ने स्थानीय समयानुसार देर रात करीब ढाई बजे वैट्री हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी. फ्रांसीसी प्राधिकारियों के अनुसार, जिस विमान ने मुंबई के लिए उड़ान भरी, उसमें 276 यात्री सवार थे और दो नाबालिगों सहित 25 लोगों ने फ्रांस में शरण के लिए आवेदन किया है और वे अभी फ्रांस में ही हैं. दो अन्य यात्रियों को न्यायाधीश के सामने पेश किया गया और उन्हें सहायता प्राप्त गवाह का दर्जा दिया गया. एक स्थानीय अधिकारी ने बताया है जब विमान वैट्री हवाई अड्डे पर उतरा था, तब उसमें 303 भारतीय नागरिक सवार थे जिनमें से 11 नाबालिगों के साथ कोई नहीं था.

अधिकारी ने बताया था कि रोक कर रखे गए विमान में सवार यात्रियों के लिए अस्थायी बिस्तरों की व्यवस्था की गई थी, उन्हें शौचालय का इस्तेमाल करने एवं नहाने की सुविधा दी गई थी. दुबई से निकारागुआ जा रही एवं रोमानिया की कंपनी 'लीजेंड एयरलाइंस' द्वारा संचालित उड़ान को बृहस्पतिवार को तकनीकी पड़ाव के लिए वैट्री हवाई अड्डे पर रोका गया था.

# अयोध्या के कुबेर टीला पर जटायु की मूर्ति स्थापित, भव्य मंदिर में होंगे 392 खंभे

भाषा । अयोध्या

राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में ट्रस्ट के कार्यालय में एक प्रस्तुति में भव्य परिसर की परिदृश्य योजना साझा करते हुए कहा कि अयोध्या के कुबेर टीला पर जटायु की मूर्ति स्थापित की गई है. राय ने परिदृश्य योजना साझा करते हुए कहा कि भव्य मंदिर में 392 खंभे होंगे,14 फीट चौड़ी परकोटा परिधि होगी, जो 732 मीटर तक फैली होगी. उन्होंने कहा कि अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर परिसर सीवेज और जल उपचार संयंत्रों के साथ अपने तरीके से आत्मनिर्भर होगा और इसमें बुजुर्गों और विशेष रूप से दिव्यांग आगंतुकों के आवागमन को आसान बनाने की सुविधाएं भी होंगी. उन्होंने यह भी कहा कि आगामी मंदिर परिसर की 70 एकड़ जमीन का 70 फीसदी हिस्सा हरित क्षेत्र होगा. उन्होंने कहा कि यह परिसर अपने तरीके से आत्मनिर्भर होगा, क्योंकि इसमें दो अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र (एसटीपी), एक जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) और पावर हाउस से एक समर्पित लाइन होगी. उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में एक दमकल चौकी भी होगी, जो भूमिगत जलाशय से पानी का इस्तेमाल करने में सक्षम होगी. उन्होंने कहा कि राम मंदिर परिसर में बुजुर्ग, विशेष रूप से दिव्यांग आगंतुकों की सुविधा के लिए प्रवेश द्वार पर लिफ्ट की सुविधा और दो रैंप होंगे.




- राम मंदिर परिसर अपने तरीके से होगा आत्मनिर्भर
- परिसर की 70 एकड़ जमीन का 70 फीसदी हिस्सा होगा हरित क्षेत्र
- मंदिर में बुजुर्ग व दिव्यांग के प्रवेश के लिए लिफ्ट व रैंप की होगी सुविधा

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे कुमारस्वामी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा कि वह 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे. जनता दल (सेक्युलर) में दूसरे नंबर के नेता कुमारस्वामी ने एक बयान में कहा कि उन्हें कार्यक्रम में शिरकत के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से आधिकारिक निमंत्रण मिला है. कुमारस्वामी के अनुसार, ट्रस्ट के नेता मंगलवार को बेंगलुरु में उनके आवास पर आए, उन्हें निमंत्रण पत्र सौंपा और परिवार के साथ कार्यक्रम में शरीक होने का अनुरोध किया. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय संकाह प्रमुख राम लाल व अन्य ने कुमारस्वामी, उनकी पत्नी अनीता कुमारस्वामी और बेटे निखिल कुमारस्वामी को ट्रस्ट की ओर से न्योता दिया.

## रामनगरी के लिए दंडी यात्रा पर निकले दंपती

शुभम संदेश टीम

अयोध्या के राम मंदिर को लेकर पूरे देश में भक्ति का माहौल है. सभी अपने-अपने तरीके से प्रभु राम के प्रति श्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं. ऐसा ही कुछ अनूठा कर रहे हैं दरभंगा के अहियारी गांव के दंपती. दोनों अहिल्या धाम से अयोध्या की दंडी यात्रा (जमीन पर लेट कर) पर निकले हैं. मंगलवार को वे बिहार के गोपालगंज पहुंचे. उनकी यात्रा में करीब चार अन्य लोग भी पैदल यात्रा कर रहे हैं, इसमें एक दस वर्ष का बालक भी शामिल है. जो भी इन्हें देखता एक बार जरूर अपने कैमरे में कैद करना चाहता है. इस यात्रा को शुरुआत मिथिला दरभंगा के अहियारी गांव निवासी कामेश्वर कुमार मिश्रा ने अपनी पत्नी, जो अहिल्या मां के मंदिर की मुख्य पुजारी है, के साथ 24 अक्टूबर से शुरू की थी. जो दो माह एक दिन पर गोपालगंज पहुंचे. इस संदर्भ में कामेश्वर मिश्रा ने कहा कि वे भगवान श्रीराम के भक्त हैं. इसी मन में ख्याल आया कि भगवान श्रीराम के दरबार में पहुंच कर पूजा पाठ और दर्शन कर अहिल्या मां के जैसे ही हमारा उद्धार हो. उन्होंने बताया कि यह यात्रा दरभंगा, मधुबनी, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, शिवहर और पूर्वी चंपारण होते हुए गोपालगंज पहुंचे हैं. अभी तक करीब 200 किमी की यात्रा पूरी कर चुका हूं. उन्होंने बताया कि उनके साथ उनकी पत्नी अवंतिका उर्फ किशोरी जी जो दंडी यात्रा में शामिल है. साथ ही इस यात्रा में पैदल यात्रा करने वाले बबलू मिश्रा, गोविंद ठाकुर, विंदेश्वर कुमार के साथ दस वर्षीय बच्चा करण कुमार शामिल हैं.



- राम मंदिर को दंड प्रणाम : अहिल्या धाम से अयोध्या की दंडी यात्रा पर निकले हैं पति-पत्नीपुत्र के साथ जीवन के सच्चे अर्थों को जानने लिए चुनी कठिन राह.

### 1975 में बीएसएल कोलियरी की डीप माइंस में चासनाला खान दुर्घटना की 48वीं बरसी आज

# चासनाला कोलियरी के 375 श्रमिक शहीदों को आज दी जाएगी श्रद्धांजलि

संवाददाता । झरिया

चासनाला बीएसएल कोलियरी के डीप माइंस में 27 दिसंबर 1975 में हुए खान दुर्घटना को याद कर आज भी रूह कांप जाती है. जिसमें एक ही साथ खदान में काम कर रहे 375 खनिकों की जल समाधि हो गई थी. इस घटना की याद में पिछले 48 सालों से चासनाला कोलियरी की शहादत वेदी पर उन खनिकों के परिजन,नेतागण, विभिन्न समुदाय के लोग और प्रबंधन श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं. बुधवार को होने वाले इस शहादत दिवस को लेकर सेल प्रबंधन तैयारियों में जुटा है.

**एशिया की सबसे बड़ी खान दुर्घटनाओं में शुमार है हादसा :** चासनाला सेल खान दुर्घटना एशिया की सबसे बड़े खदान हादसों के तौर पर इतिहास के पन्नों में काले अध्याय के रूप में लिखा गया है. 27 दिसंबर 1975 को भारत के इतिहास के सबसे बड़ी खान दुर्घटना धनबाद से 20 किलोमीटर दूर चासनाला में घटी थी, सरकारी आंकडों के अनुसार लगभग 375 श्रमिकों की जल समाधि हुई थी. चासनाला कोलियरी केपिट संख्या 1 और 2 के ठीक ऊपर स्थित एक बडे. जलागार (तलाब) में जमा करीब पांच करोड़ गैलन पानी, खदान की छत को तोड़ता हुआ अचानक खदान के अंदर घुस गया था और इस प्रलयकालीन बाढ़ में वहां काम करने वाले सभी लोग फंस गये थे. आनन-फानन में मंगाये गये पानी निकालने वाले पंप छोटे पर गये थे, कोलकाता स्थित विभिन्न प्राइवेट कंपनियों से संपर्क किया गया, तब तक काफी समय बीत गया था, जिसके चलते फंसे लोगों को नहीं निकाला जा सका. उस समय केंद्र और राज्य दोनों जगह कांग्रेस की सरकार थी. खान दुर्घटना की बात आग की तरह फैली और देश के बड़े नेताओं का जुटान यहां हुआ था.



- 27 दिसंबर 1975 में हुए खान दुर्घटना में मारे गए थे 375 लोग
- खान दुर्घटना पर बनी थी सुपरहिट मूवी काला पत्थर

### लैंप, कपड़े व टोपी से हुई थी मृतकों की पहचान

दुर्घटना के बाद कई महीनों तक खदान से पानी निकालने का काम चला. इसमें पोलैंड, रूस के वैज्ञानिकों से भी मदद ली गई थी. चासनाला में हुई खान दुर्घटना के बाद महीनों तक पानी में रहने के कारण शव सड़ चुके थे. खदान से शव निकालने के बाद मृतक की पहचान लैंप (बैटरी वाली बत्ती), टोपी, कपड़े आदि से की गई थी. कई माह तक दामोदर नदी के किनारे शवों का अंतिम संस्कार चलता रहा.

### अभिताभ और शत्रुघ्न ने किया था बेजोड़ अभिनय

चासनाला की घटना पर कई वर्षों के बाद काला पत्थर नामक फिल्म भी बनी, मेगा स्टार अमिताभ बच्चन, शशि कपूर और बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा के साथ राखी, गुलजार और प्रेम चोपड़ा ने अपने अभिनय से इस फिल्म में पूरी घटना की त्रासदी को उभार दिया था. फिल्म पूरे देश भर में हिट हुई.

### अधिकारियों की लापरवाही से हुई थी दुर्घटना

सालों तक चली जांच में पता चला कि अधिकारियों की लापरवाही से दुर्घटना हुई थी. खदान में रिसने वाले पानी को जमा करने को यहां बड़ा बांध बनाया गया था. हिदायत दी गई थी की बांध के 60 मीटर की परिधि में ब्लास्टिंग नहीं की जाए, लेकिन अधिकारियों ने इन निशानों को नजरअंदाज कर हेवी ब्लास्टिंग कर दी थी.

# साहित्य के क्षेत्र में परसुडीह की नीता ने झारखंड का नाम किया रोशन

- परसुडीह हलुदबनी के रहने वाली हैं नीता सागर चौधरी

संवाददाता । जमशेदपुर

साहित्य के क्षेत्र में परसुडीह हलुदबनी की रहने वाली नीता सागर चौधरी ने कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. उन्होंने साहित्य के क्षेत्र में अपने शहर व झारखंड का नाम रोशन किया हैं. बहुमुखी प्रतिभा की धनी साहित्यकार नीता हिंदी, अंग्रेजी और बांग्ला तीनों भाषाओं में रचनाएं लिखती हैं. वह शहर की साहित्यिक संस्था तुलसी भवन, नाव पर लव, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, सहयोग, संस्कार भारती आदि संस्थाओं से जुड़ी हैं. शहर की कवयित्री नीता सागर अब तक बिहार के नालंदा राजगीर में आयोजित मगध प्रेरणा उत्सव में साहित्य शिखर सम्मान, नेपाल के काठमांडू में अमृता प्रीतम सम्मान, नेपाल के विराटनगर इंडो नेपाल साहित्यिक महाकुंभ में साहित्यकार सम्मान, मेरठ 2023 क्रांति धरा साहित्य अकादमी में साहित्यकार सम्मान आदि से सम्मानित हो चुकी हैं.



### काफी कुछ देखने और सिखने को मिला : नीता

नीता ने बताया कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में भारत क्रांतिधरा साहित्य अकादमी (ग्रीन केयर सोसाइटी) द्वारा आयोजित क्रांतिधरा मेरठ साहित्यिक महाकुंभ में भी उन्हें साहित्यकार सम्मान मिला हैं, जो दिसंबर 09-10 को राजगीर में आयोजित किया गया था. यहां उन्होंने लघु कथा का पाठ किया था. मेरठ में लघु कथा जहरीला वर्ष को सुन कर उपस्थित दर्शकों को काफी अच्छा लगा. साहित्यकार बंधुओं ने इसे बेहद ही उम्दा रचना बताया. राजगीर में दो लघु कथाएं पढ़ी गई एक रात की कहानी और दूसरी उड़ान. नीता ने उड़ान लघु कथा सभागार में बैठकर ही लिखा था. उन्होंने बताया कि साहित्यिक परिभ्रमण के दौरान काफी कुछ नया देखने और सिखने का मौका मिला. वह अब तक उज्जैन, बनारस, नेपाल की जनकपुर, काठमांडू साहित्यिक परिभ्रमण पर जा चुकी हैं.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# कंप्यूटर हार्डवेयर में इंजीनियरिंग कर युवा बना सकते हैं अपना कॅरियर

एजुकेशन रिपोर्टर/ रजनीश प्रसाद


कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर, कंप्यूटर हार्डवेयर कंपोनेंट्स जैसे प्रोसेसर, मेमोरी और मदरबोर्ड के डिजाइन, डेवलपमेंट और ट्रेनिंग के लिए जिम्मेदार होता है. कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर कंप्यूटर सिस्टम के फिजिकल कंपोनेंट्स पर काम करते हैं. साथ ही यह सुनिश्चित करते हुए कि वे ठीक से काम करें हैं और अन्य कंपोनेंट्स के साथ संगत में रहें.

### जानिए, कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के बारे में

- कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन 3 वर्ष, पोस्टग्रेजुएशन 2 वर्ष और डिप्लोमा कोर्स 1 वर्ष का होता है.
- कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग आज के समय में युवाओं की पहली पसंद है. इस क्षेत्र में कॅरियर स्कोप बहुत अधिक है. आईटी उद्योग में हार्डवेयर और नेटवर्किंग डोमेन सबसे ज्यादा पेड और सबसे तेजी से बढ़ने वाला डोमेन है.
- कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सर्टिफिकेट कोर्स करने वाले छात्रों के लिए शुरुआत में औसत वेतन 2-3 लाख रुपए सालाना होता है.
- एक कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर की शुरुआती सैलरी लगभग 20-50 हजार तक होती है और जैसे-जैसे इस फील्ड में एक्सपीरियंस बढ़ता है वैसे-वैसे सैलरी भी बढ़ती जाती है.

### स्किल्स

- प्रोडक्टिव काम करने की क्षमता
- अच्छी बातचीत करने की कला का होना और ग्राहकों को अच्छी सर्विस देना.
- कंप्यूटर रिपेयरिंग करने के लिए जो भी टूल और टेक्नोलॉजी की आवश्यकता है उसके बारे में अच्छी समझ होना.
- इक्विपमेंट की अच्छी समझ होना, उससे जुड़ी समस्या को एनालाइज करना और ठीक करने का ज्ञान होना चाहिए.



### कैसे बने कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर

- **स्टेप 1:** 12वीं के बाद कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या डिग्री कोर्स करें- जो छात्र इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में रुचि रखते हैं, वे 12वीं की पढ़ाई पूरी होने के बाद हार्डवेयर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में डिप्लोमा या डिग्री कोर्स कर सकते हैं.
- **स्टेप 2 :** कोर्स पूरा करने के बाद इंटर्नशिप करें – छात्र डिग्री कोर्स और डिप्लोमा करने के बाद इंटर्नशिप कर सकते है, क्योंकि इंटर्नशिप की सहायता से उन्हें अनुभव प्राप्त होगा, जो उनके कॅरियर ग्रोथ के लिए अच्छा है.
- **स्टेट 3 :** इस क्षेत्र में मास्टर डिग्री करने के बारे में सोचें – मास्टर्स डिग्री करने के बाद व्यक्ति की सैलरी बढ़ जाती है.



### कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के लिए कोर्सेज

- हार्डवेयर डिप्लोमा कोर्स
- कंप्यूटर सीएएलसी कोर्स
- कंप्यूटर माइक्रो प्रोसेसिंग कोर्स
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर सीएएलसी
- कंप्यूटर हार्डवेयर स्ट्रक्चर
- मास्टर ऑफ साइंस इन हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग

### विदेशी कॉलेज

- कॉर्नेल यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सैन डिएगो
- पेंसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी
- न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट ऑस्टिन
- क्लार्कसन यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिल्वेनिया
- फोर्धम यूनिवर्सिटी
- बोस्टान यूनिवर्सिटी
- कोवेंट्री यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ स्टटगर्ट
- यूनिवर्सिटी ऑफ सैलफोर्ड

### भारतीय कॉलेज

- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बैंगलोर
- इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मुंबई
- एलएनएम इंस्टिट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, जयपुर
- वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, त्रिची

### कॅरियर स्कोप

- कंप्यूटर एडमिनिस्ट्रेटर
- कंप्यूटर आईटी टेक्नीशियन
- सिस्टम इंजीनियर
- आईटी एडमिनिस्ट्रेटर
- कंप्यूटर टेक्नीशियन
- सिस्टम इंजीनियर
- कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर
- सपोर्ट इंजीनियर
- हेल्प डेस्क इंजीनियर

### इन कामों को करते है कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर

1.डिजाइनिंग एंड फोटोग्राफी- हार्डवेयर इंजीनियर कंप्यूटर घटकों जैसे सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सीपीयू), ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू), मदरबोर्ड, मेमोरी मॉड्यूल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रारंभिक डिजाइन बनाने पर काम करते हैं. वे प्रोटोटाइप चरण पर आगे बढ़ने से पहले अपने डिजाइन को देखने और अनुकरण करने के लिए कंप्यूटर-एडेड डिजाइन (सीएडी) सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हैं.

2. टेस्टिंग एंड वेलिडेशन- हार्डवेयर इंजीनियर यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोटोटाइप पर परीक्षण करते हैं कि उनके डिजाइन आवश्यक विशिष्टताओं और प्रदर्शन के मानकों को पूरा करते हैं. वे इन परीक्षणों के परिणामों का विश्लेषण करते हैं और कार्यक्षमता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए आवश्यकतानुसार डिजाइन में समायोजन व सुधार करते हैं.

3. कोलैबोरेशन विथ सोफ्टवेयर इंजीनियरिंग : हार्डवेयर इंजीनियर अक्सर सॉफ्टवेयर इंजीनियरों के साथ मिलकर सहयोग करते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर घटक संगत हैं और एक साथ सही से काम कर रहे हैं.

4. रिसर्च एंड डेवलपमेंट : हार्डवेयर इंजीनियर प्रौद्योगिकी और उद्योग के रुझानों में नवीनतम प्रगति से अपडेट रहते हैं. वे अत्याधुनिक हार्डवेयर समाधान बनाने के लिए निरंतर अनुसंधान और विकास प्रयासों में लगे रहते हैं.

### जॉब अलर्ट

**1.** आंध्रप्रदेश लोक सेवा आयोग (एपीपीएससी) ने डिप्टी एजुकेशन ऑफिसर के लिए 38 पदों पर रिक्तियां निकाली है. इसके लिए 9 जनवरी 2024 से आवेदन किया जा सकता है.

- **संगठन** – आंध्रप्रदेश लोक सेवा आयोग
- **पद नाम** – डिप्टी एजुकेशनल ऑफिसर
- **पद संख्या** – 38
- **सैलरी** 61,960 – 1,51,370
- **योग्यता** – स्नातक
- **नौकरी का स्थान** – आंध्र प्रदेश
- **आवेदन मोड** – ऑनलाइन
- **ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि** : 9 - 29 जनवरी 2024
- **ऑफिसियल साइट** – https://psc.ap.gov.in

**2.** इलाहाबाद हाई कोर्ट एडवोकेट भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है. पात्र अभ्यर्थी अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इलाहाबाद हाई कोर्ट एडवोकेट भर्ती 2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

- **संगठन का नाम** – इलाहाबाद हाई कोर्ट
- **पद नाम**- वकील
- **पद संख्या** – 83
- **वेतन** – 1,94,660
- **योग्यता** – वकालत में स्नातक
- **नौकरी का स्थान** – हाई कोर्ट उत्तर प्रदेश
- **आवेदन मोड** – ऑनलाइन
- **ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की तिथि** : 15 - 29 जनवरी 2023
- **ऑफिसियल साइट** – http://www.allahabadhighcourt.in

**3.** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में स्पेशलिस्ट ग्रेड-3 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया हैं.

- संगठन – संघ लोक सेवा आयोग
- पद नाम – स्पेशलिस्ट ग्रेड-3
- पद संख्या – 75
- नौकरी का स्थान –पूरे भारत के स्वास्थ्य विभाग में
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि – 11 जनवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – www.upsconline.nic.in
- स्पेशलिस्ट ग्रेड-3 रिक्त पदों का विवरण –
- स्पेशलिस्ट ग्रेड-3 – 75 पद
- आयु सीमा- 45 वर्ष
- आवेदन शुल्क –
- सामान्य, पिछड़ा व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए – 25 रुपये.
- एससी/एसटी/दिव्यांग / महिला आवेदक के लिए – नि:शुल्क

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में शिवा साई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा, रांची- 83522 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)